
बैशाख मास, कृष्ण पक्ष 15, वर्ष 12, अंक 3, पृष्ठ 12, मूल्य : 5.00

प्रयागराज, गुरुवार, 20 अप्रैल, 2023



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

अन्दर : आईपीएल में हमें राहुल तेवतिया और डेविड मिलर जैसे खिलाड़ी चाहिये : ब्रायन लारा



अन्दर : उधारी के जाल में फंसता भारत

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# सड़क पर धार्मिक आयोजन पर रोक

## हाई लेवल मीटिंग में यूपी के चीफ सेक्रेटरी का सभी डीएम-एसपी को सख्त निर्देश

**सख्ती**

**तय स्थान पर ही हों धार्मिक कार्यक्रम, संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात करें अतिरिक्त पुलिस बल**

**ट्रैफिक प्रबंधन के लिए बनाएं बेहतर कार्ययोजना, आग लगने पर तुरंत पहुंचे दमकल**



**लखनऊ।** प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने सभी जिलों के एसपी-डीएम को निर्देश दिए हैं कि धार्मिक कार्यक्रम तय स्थान पर ही हों, कोई नई परंपरा कतई न शुरू की जाए। अधिकारी यह सुनिश्चित कराएं कि धार्मिक कार्यक्रम, पूजा-पाठ आदि निर्धारित स्थान पर ही हों। किसी भी दशा में सड़क मार्ग, यातायात बाधित कर कोई धार्मिक आयोजन न हो। प्रदेश में सुदृढ़ कानून व्यवस्था बनाए रखने के प्रयासों के क्रम में बुधवार को प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, पुलिस महानिदेशक आरके विश्वकर्मा व स्पेशल डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार द्वारा सभी एडीजी जोन, मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, पुलिस कमिश्नर, आईजी, डीआईजी एसएसपी-एसपी आदि के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। संजय प्रसाद ने कहा कि पूर्व में हमने संवाद-संपर्क के माध्यम से ऐसा कर पाने में सफलता पाई है। इस वर्ष भी हमें ऐसा ही प्रयास करना होगा कोई शोभायात्रा धार्मिक जुलूस बिना विधिवत अनुमति के न निकाली जाए। अनुमति केवल उन्हीं धार्मिक जुलूसों को दी जाए, जो पारंपरिक हो, नए आयोजनों को अनावश्यक अनुमति न दी जाए।

वर्तमान परिवेश को देख बरतें अतिरिक्त सुरक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक में प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने कहा कि रमजान का महीना चल रहा है। आगामी 22 अप्रैल को ईद-उल-फितर, अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती का पर्व एक ही दिन संभावित है। वर्तमान परिवेश को देखते हुए पुलिस को अतिरिक्त संवेदनशील रहना होगा। हर एक पर्व शांति और सौहार्द के बीच सम्पन्न हो, इसके लिए स्थानीय जरूरतों के मद्देनजर सभी जरूरी प्रयास किए जाएं। शरारतपूर्ण बयान जारी करने वालों के साथ कड़ाई से पेश आएं। माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों के साथ पूरी कठोरता की जाए।

संजय प्रसाद ने कहा कि फेक न्यूज पर तत्काल रिस्पॉन्स दें। एक छोटी सी अफवाह माहौल खराब करने का बड़ा कारण बन सकती है। अफवाह/ फेक न्यूज का खंडन पुलिस कप्तान जैसे वरिष्ठ अधिकारी द्वारा की जाए। सोशल मीडिया को लेकर अधिकारियों को संवेदनशील रहने की जरूरत भी बताई। हाल के वर्षों में प्रदेश में सभी धर्मों के पर्व और त्योहार शांति और सौहार्द के माहौल के बीच संपन्न हुए हैं। इससे पूरे देश में एक अच्छा संदेश गया है। हर एक नागरिक की सुरक्षा हम सभी का प्राथमिक दायित्व है। हमें अपने इस दायित्व के प्रति सदैव सतर्क-सावधान रहना होगा। बैठक में डीजीपी आरके विश्वकर्मा ने सभी जोन रेंज/जिला स्तरीय अधिकारियों से आगामी पर्व और त्योहारों को लेकर की गई तैयारियों का ब्योरा लिया। उन्होंने कहा कि पर्व और त्योहार के बीच सामाजिक सौहार्द बना रहे इसके लिए संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध हों। ड्रोन का उपयोग कर स्थिति पर नजर रखें। भीड़भाड़ वाले ड्ट क्षेत्रों में पुलिस बल लगातार गश्त करे। वरिष्ठ अधिकारी भी पेट्रोलिंग में प्रतिभाग करें। हर संदिग्ध गतिविधि पर हमारी नजर होनी चाहिए। 112 जैसी आकस्मिक सेवाओं की उपयोगिता उसके क्विक रिस्पॉन्स पर निर्भर करती है। ऐसे में 24७७ पीआरवी 112 एक्टिव रहे। हर महत्वपूर्ण कार्यक्रम की वीडियोग्राफी जरूर कराई जाए।स्पेशल डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा कि सामाजिक शांति और सौहार्द के लिए पुलिस सतर्क और सावधान रहे। पर्व-त्योहार के बीच कतिपय अराजक तत्व सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास कर सकते हैं। ऐसे लोगों के साथ जीरो टॉलरेंस की नीति के अनुरूप कठोरता से निपटा जाए।

## पायरेसी पर लगेगी रोक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को बताया कि संसद के आने वाले सेशन में सिनेमेटोग्राफ एक्ट 2023 लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि फिल्म जगत, कलाकारों और प्रशंसकों से जुड़ा हुआ निर्णय लिया गया है। बहुत समय से मांग थी कि पायरेसी पर कुछ किया जाए। उन्होंने कहा कि बुधवार को कैबिनेट ने अनुमति दी है कि संसद के आने वाले सेशन में सिनेमेटोग्राफ एक्ट 2023 लाया जाएगा।

पायरेसी को लेकर 2019 में एक विधेयक पेश किया गया था और उसे संसद की स्थायी समिति को भेजा गया था। स्थायी समिति ने इस पर सुझाव दिए थे। फिल्मों में साहित्यिक/ सामग्री की चोरी या पायरेसी से नुकसान नहीं हो, इसलिए यह विधेयक तैयार किया गया है। इससे पूरे फिल्म जगत को लाभ होगा। इसके साथ ही कैबिनेट की बैठक में नेशनल क्वांटम मिशन को मंजूरी दी गई। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि नेशनल क्वांटम मिशन के लिए मंजूरी भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने दी है। उन्होंने बताया कि इसके लिए 6,003 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है। 2023-24 से 2030-31 तक का इसकी समयसीमा है।

# अतीक-अशरफ हत्याकांड में 5 पुलिसकर्मी निलंबित

**कार्रवाई**

**शाहगंज थाने के एसएचओ भी निलंबित**



**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की पुलिस हिरासत में हुयी हत्या के मामले में शाहगंज थाना के एसएचओ अश्वनी कुमार सिंह समेत पांच पुलिसकर्मियों को बुधवार को निलंबित कर दिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने इसकी सूचना दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि अतीक और अशरफ हत्या मामले में शाहगंज थाना के एसएचओ अश्वनी कुमार सिंह, एक उप निरीक्षक और तीन कांस्टेबल को बुधवार को निलंबित कर दिया गया।उन्होंने बताया कि एसआईटी की जांच में दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही पाए जाने पर यह कदम उठाया गया है। उल्लेखनीय है कि शनिवार को माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की पुलिस हिरासत में उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी जब पुलिस उन्हें लेकर चिकित्सा परीक्षण के लिए शाहगंज थाना अंतर्गत काल्विन अस्पताल परिसर में दाखिल हुई थी। शाहगंज थाना, काल्विन अस्पताल से चंद कदम की दूरी पर स्थित है। पुलिस आयुक्त रमित शर्मा ने इस घटना की जांच के लिए अपर पुलिस आयुक्त (अपराध) सतीश चंद्र के नेतृत्व में तीन सदस्यीय विशेष जांच दल गठित की है। दो अन्य सदस्यों में एसीपी कोतवाली सतेंद्र प्रसाद तिवारी और निरीक्षक ओम प्रकाश शामिल हैं। बता दें कि प्रयागराज में अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की शनिवार रात तीन आरोपियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। तीनों हमलावर पत्रकार बनकर पहुंचे थे, और उस समय गोली मारी जब पुलिस अतीक और अशरफ को मेडिकल के लिए लेकर जा रही थी।

# अतीक को बताया शहीद

**गजब के लोग**

**भारत रत्न दिलाने की मांग की, पार्टी ने निकाला**



**प्रयागराज।** यूपी में निकाय चुनाव की घोषणा के बाद चुनावी दलों ने अपने प्रत्याशियों को भी मैदान में उतार दिया है। हाल ही में अतीक हत्याकांड का मुद्दा भी राजनीतिक हलचल को बढ़ा रहा है, जिसमें पक्ष-विपक्ष के नेता अपने-अपने विवेक से बयानबाजी कर रहे हैं। इसी बीच कांग्रेस के एक वार्ड मेंबर प्रत्याशी का वीडियो बुधवार को तेजी से वायरल हुआ है, जिसमें वह अतीक अहमद को शहीद कह रहे हैं और भारत रत्न देने की मांग की है। अतीक अहमद को भारत रत्न देने की मांग करने वाले कांग्रेस नेता राजकुमार उर्फ राजू हैं, जिन्हें कांग्रेस ने प्रयागराज नगर निगम के वार्ड नंबर 43 से प्रत्याशी बनाया था। उनका वीडियो वायरल हुआ तो कांग्रेस की किरकिरी होने लगी तो पार्टी ने तत्काल प्रभाव से राजू की टिकट काट दी और पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है।अब, टिकट कटने से तिलमिलाए राजू ने ऐसी हरकत कर दी है, जिससे उन पर मुकदमा भी दर्ज हो सकता है।

## बिल्डर मोहम्मद मुस्लिम एसटीएफ की हिरासत में

**लखनऊ।** यूपी एसटीएफ ने बुधवार को लखनऊ से बिल्डर मोहम्मद मुस्लिम को उठा लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। मुस्लिम के साथ माफिया अतीक अहमद के व्हाट्सएप चैट और अतीक के बेटे असद (पुलिस एनकाउंटर में मारा गया) के ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। हालांकि, इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। एसटीएफ ऑडियो की जांच कर रही है और इस संबंध में पूछताछ की जा रही है। सोशल मीडिया में वायरल व्हाट्सएप चैट के स्क्रीन शॉट में अतीक कथित तौर पर बिल्डर से कह रहा है, मैं अभी मरा नहीं हूं। मुझसे जेल में आकर मिलो। मेरे बेटे न डॉक्टर बनेंगे, न ही वकील। ज्यादा ईडी-ईडी मत करो। अभी तुम्हारे घर पर ईडी ने छापा नहीं मारा है। तुम्हारा कोई पैसा सीज नहीं किया गया है।

# तीनों शूटरों की चार दिन की रिमांड मंजूर

**होगी पूछताछ**

**अतीक-अशरफ हत्याकांड में सीजीएम कोर्ट ने पुलिस को दी कस्टडी रिमांड**

**क्राइम सीन रीक्रिएट कर सकती है पुलिस, मोबाइल और हथियार के साथ पुलिस की भूमिका पर भी होगी पूछताछ**



**प्रयागराज।** प्रयागराज पुलिस माफिया अतीक अहमद और अशरफ की हत्या करने वाले तीनों शूटरों को लेकर सीजीएम कोर्ट लेकर पहुंची। माफिया अतीक और अशरफ की ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या करने वाले शूटर लवलेश तिवारी, सनी सिंह और अरुण मौर्य को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में पेशी के लिए सीजेएम कोर्ट लाया गया। पुलिस की रिमांड अर्जी पर कोर्ट में सुनवाई हुई। पुलिस ने तीनों शूटरों की 14 दिन की रिमांड मांगी है। लेकिन कोर्ट ने तीनों शूटरों की चार दिन की पुलिस रिमांड मंजूर की। कोर्ट ने आरोपियों को रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस की टीम ने आरोपियों से पूछताछ के लिए 100 से ज्यादा सवाल तैयार किए हैं। सूत्रों के मुताबिक, आरोपियों से मोबाइल और हथियार को लेकर सवाल होंगे। पुलिस की टीम क्राइम सीन रिक्रिएट कर सकती है। मंगलवार को हत्याकांड की जांच के लिए गठित एसआईटी टीम ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) दिनेश कुमार गौतम की कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों को तलब करने की मांग की थी। सूत्रों के हवाले से खबर है कि अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन और आयशा नूरी कौशांबी के कछार में छिपे हैं। शाइस्ता और आयशा के साथ शूटर साबिर भी है। शाइस्ता और आयशा नूरी लगातार नंबर बदल रहे हैं। इस हत्याकांड में पुलिस की भूमिका को लेकर भी सवाल उठे हैं,जिसका जवाब तलाशा जाएगा।

## माफिया अतीक-अशरफ का बैनर लगाकर शहीद बताने वाले 3 धराये

**लखनऊ/प्रयागराज।** महाराष्ट्र में बीड जिले में माफिया और पूर्व सांसद अतीक अहमद तथा उसके पूर्व विधायक भाई अशरफ अहमद को बैनर लगाकर शहीद' बताने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि यह घटना मंगलवार को जिले के माजलगांव में हुई, जिसके बाद कई स्थानीय लोग बैनर के पास जमा हो गए। अधिकारियों ने तुरंत इस बैनर को हटाया। पुलिस ने कहा कि अतीक और उसके भाई को बैनर लगाकर शहीद के रूप में चित्रित करने की कोशिश की गई थी। जानकारी के मुताबिक, इसमें एक अखबार की कटिंग भी थी जिसमें पिछले हफ्ते दोनों भाइयों की हत्या के लिए एक समुदाय विशेष को अपशब्द कहे गए थे। उन्होंने कहा कि पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा उस अखबार के संपादक और रिपोर्टर के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिनकी खबर बैनर पर इस्तेमाल की गई थी।




## यूपी में 1391 मतदान केंद्र अति संवेदनशील प्लस

**लखनऊ।** डीजीपी मुख्यालय ने निकाय चुनाव के मद्देनजर अति संवेदनशील प्लस, अति संवेदनशील, संवेदनशील मतदान केंद्रों को चिह्नित कर राज्य निर्वाचन आयोग को सूचित कर दिया है। इस बार निकाय चुनाव के आरक्षण को भी मतदान केंद्रों के अति संवेदनशील श्रेणी होने का आधार बनाया गया है। इसके अलावा पूर्व के चुनावों में हुई हिंसा, वोटरों को मतदान से रोके जाने, सांप्रदायिक व जातिगत तनाव और प्रत्याशियों की आपराधिक पृष्ठभूमि को भी आधार बनाया गया है। डीजीपी मुख्यालय ने अति संवेदनशील मतदान केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम का ब्योरा भी आयोग को दिया है। चिह्नित 1,391 अति संवेदनशील प्लस मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल और पीएसी तैनात की जाएगी। इन केंद्रों की वेब कास्टिंग व वीडियोग्राफी भी होगी। वहीं, संवेदनशील क्षेत्रों में चुनाव के मद्देनजर अर्द्धसैनिक बल भी तैनात किया जाएगा। मतदान केंद्रों व मतदेय स्थलों का जिला निर्वाचन अधिकारी व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शत प्रतिशत सत्यापन कराया जाएगा। बीते चुनावों के दौरान हुई हिंसक घटनाओं में नामजद, प्रकाश में आए अभियुक्तों और आगामी चुनाव के मद्देनजर चिह्नित अराजक तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की जाएगी।




# दो मालगाड़ियों में टक्कर, लोको पायलट की जलकर मौत

**दुखद**

**पांच घायल, कई ट्रेनें प्रभावित**



**शहडोल।** शहडोल के सिंहपुर रेलवे स्टेशन के पास बुधवार सुबह करीब सात बजे विपरीत दिशा से आ रहीं दो मालगाड़ियां आपस में टकरा गईं। हादसे में एक लोको पायलट की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि पांच अन्य के घायल होने की जानकारी मिली है। टक्कर के बाद एक मालगाड़ी के पावर (इंजन) में आग लग गयी थी, दमकल की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। हादसे की जानकारी लगने के बाद डॉक्टरों का दल मौके भेजा गया और घायलों को इलाज के लिए रवाना किया गया। फिलहाल रेल प्रबंधन के आला अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और निरीक्षण कर रहे हैं। हादसे में जान गंवाने वाले लोको पायलट का नाम राजेश प्रसाद गुप्ता है। नगर पालिका की फायर टीम एवं रेलवे की रेस्क्यू टीम द्वारा करीब दो घण्टे की मशक्कत के बाद लोको पायलट का शव निकाला गया है। हादसे में पांच लोग घायल हुए हैं, जिन्हें मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए भेजा गया है, घायलों में एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। हादसे के चलते कई ट्रेनें प्रभावित हैं। कटनी की ओर से बिलासपुर जा रही संपर्क क्रांति को शहडोल में ही रोक दिया गया है, वहीं, यात्रियों की परेशानी को देखते हुए रेलवे ने 15 बसों के जरिए पैसेंजर को शहडोल से बिलासपुर भेजने की तैयारियां शुरू की हैं।

# एलएसी पर हालात हैं तनावपूर्ण, सेना रहे सतर्क

**आह्वान**

**सेना कमांडरों के सम्मेलन में बोले राजनाथ सिंह**

**देश की सुरक्षा सरकार की शीर्ष प्राथमिकता**

**आतंकवादी गतिविधियों में गिरावट**

**सरकार सशस्त्र बलों के कल्याण के लिए काम कर रही**



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को थल सेना से कहा कि वह चीन से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर कड़ी निगरानी रखे क्योंकि चीनी सैनिकों की तैनाती को देखते हुए उत्तरी क्षेत्र में स्थिति 'तनावपूर्ण' बनी हुई है। सूत्रों ने बताया कि सेना कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंह ने बिना किसी विशेष संदर्भ का जिक्र करते हुए, सशस्त्र बलों का आह्वान किया कि वे विश्व भर में हो रहे भू-राजनीतिक परिवर्तनों पर गौर करें और अपनी योजना और रणनीतियों को उस अनुसार ढालने का प्रयास करें। सूत्रों के अनुसार, उनहोंने कहा कि उत्तरी क्षेत्र में पीएलए (चीनी) सैनिकों की तैनाती के कारण स्थिति तनावपूर्ण है। हमारे सशस्त्र बलों, खासकर भारतीय थल सेना को एलएसी की सुरक्षा के लिए लगातार सतर्कता बरतनी होगी। रक्षा मंत्री की यह टिप्पणी पूर्वी लद्दाख में तीन साल से चल रहे सीमा विवाद की पृष्ठभूमि में है। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा सरकार की ₹शीर्ष प्राथमिकता₹ है। उन्होंने कहा कि मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि सरकार का भरसक प्रयास है कि सीमा पर तैनात हर जवान को अत्याधुनिक हथियार और सुविधाएं मुहैया कराई जाएं।

सेना के कमांडरों का पांच दिवसीय सम्मेलन सोमवार को दिल्ली में शुरू हुआ। इसमें चीन और पाकिस्तान के साथ सीमाओं पर देश की राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों और बल की युद्धक क्षमता में वृद्धि के तौर-तरीकों पर विचार किया जा रहा है। जम्मू कश्मीर का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि वहां शांति और स्थिरता है एवं केंद्रशासित प्रदेश में आतंकवादी गतिविधियों की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों में भी, भारतीय थल सेना द्वारा चलाए गए अभियानों के बाद आंतरिक सुरक्षा स्थिति में काफी सुधार हुआ है।

सिंह ने कहा कि इसके बाद भी, हमें शांति के लिए सरकार के प्रयासों को चुनौती देने वाले राष्ट्र-विरोधी संगठनों को लेकर सतर्क रहना होगा।₹ सिंह ने कहा कि विभिन्न अनिश्चितताओं के कारण भविष्य के युद्ध काफी अप्रत्याशित होंगे। उन्होंने कहा कि आज के बदलते समय में, खतरों और हथियारों का दायरा काफी व्यापक हो गया है। इसे ध्यान में रखते हुए अपनी रक्षा तैयारियों का आकलन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार सशस्त्र बलों के लिए उसी तत्परता से काम कर रही है जिस प्रकार सशस्त्र बल देश की सुरक्षा के लिए काम कर रहे हैं। सिंह ने कहा, सरकार न सिर्फ सशस्त्र बलों, बल्कि पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए भी पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सेना कमांडरों का सम्मेलन शीर्ष-स्तरीय द्विवार्षिक कार्यक्रम है जिसका आयोजन हर साल अप्रैल और अक्टूबर में किया जाता

## वाराणसी में भारत की अध्यक्षता में जी20 की 100वीं कृषि प्रमुख वैज्ञानिक (मैक्स) की बैठक सम्पन्न

# भारत के उन्नत कृषि मॉडल पर सभी देश एकमत

**जी-20 बैठक सम्पन्न**

**आईआईएआर हैदराबाद में महर्षि सचिवालय किया जायेगा स्थापित, होंगे रिसर्च**

**सार्क क्षेत्र को लक्षित खाद्य हानि और अपशिष्ट रोकथाम की चुनौतियों का समाधान करने पर चर्चा**

**अश्विनी कुमार श्रीवास्तव**



जी 20 की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर अपनी बातों को रखते सभी देश के प्रतिनिधि

**वाराणसी।** तीन दिवसीय जी20 के कृषि प्रमुख वैज्ञानिकों (एमएसीएस) के अंतिम दिन भारत की ओर से पेश किये गये उन्नत कृषि मॉडल पर सभी देशों के प्रतिनिधियों ने सहमति जताते हुए अपनी स्वीकृति प्रदान की। बैठक में डॉ. हिमांशु पाठक, सचिव (डेयर) एवं महानिदेशक (भाकृअनुप) तथा मैक्स, अध्यक्ष भारत का नेतत्व किया। बैठक में कृषि खाद्य प्रणाली में परिवर्तन के लिए नवाचार और तकनीकी, खाद्य सुरक्षा और पोषण प्राप्त करने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी में फ्रंटियर्स, पोषण मूल्य बढ़ाने के लिए खाद्य फसलों में बायोफोर्टिफिकेशन, पोषण और ब्ल्यू क्रांति के लिए उष्णकटिबंधीय समुद्री शैवाल की खेती, श्री अन्न के उत्पादन एवं पोषण हेतु प्राचीन अनाज अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान पहल (महर्षि), पर एकीकृत दृष्टिकोण के रूप में, समन्वित कार्रवाई के लिए साझेदारी और नीतियों के बनाने पर जोर दिया गया। इसके अलावा अन्य विषयों जैसै-सीमा पार कीट और रोग, टिकाऊ कृषि खाद्य प्रणालियों के लिए अनुसंधान एवं विकास प्राथमिकताएं, टिकाऊ कृषि-खाद्य प्रणालियों के लिए जलवायु अनुकूल प्रौद्योगिकी और नवाचार, प्रकृतिक खेती, रेजिलिएंट एग्रीफूड सिस्टम के निर्माण के लिए विज्ञान और नवाचार, जैविक नाइट्रिफिकेशन इनहिबिशन (बीएनआई), जीएचएस उत्सर्जन को कम करना और फसल की पैदावार बढ़ाने पर चर्चा की गई। प्रतिनिधियों ने डिजिटल कृषि और सतत कृषि मूल्य श्रृंखला, कृषि अनुसंधान एवं विकास में सार्वजनिक निजी भागीदारी एवं मैक्स कम्यूनिके पर विचार-विमर्श किया। बैठक में कृषि अनुसंधान में भावी सहयोग के लिए भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय बैठक आयोजित की गई। यह, भविष्य में, पारस्परिक रूप से सहमत क्षेत्रों पर आपसी सहयोग के लिए प्रारंभिक चर्चा थी। जिसे दोनों देश आने वाले समय में मूर्त रूप देंगे।

### इन मुद्दों पर हुई चर्चा बनी सहमति

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर)के महानिदेशक व कृषि अनुसांधन व शिक्षा विभाग (डीएआरई)के सचिव डॉ. हिमांशु पाठक ने बताया कि कृषि-खाद्य प्रणाली परिवर्तन के लिए नवाचार और तकनीकी हस्तक्षेप, खाद्य सुरक्षा और पोषण प्राप्त करने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी में फ्रंटियर्स, पोषण मूल्य बढ़ाने के लिए खाद्य फसलों में बायोफोर्टिफिकेशन, पोषण और नीले विकास के लिए उष्णकटिबंधीय समुद्री शैवाल की खेती, बाजरा और अन्य प्राचीन पर केंद्रित थीं। ग्रेन इंटरनेशनल रिसर्च इनिशिएटिव (महर्षि), एक एकीकृत और एकीकृत दृष्टिकोण के रूप में एक स्वास्थ्य: समन्वित कार्रवाई के लिए साझेदारी और रणनीतियां, सीमा पार कीट और रोग: लचीले कृषि-खाद्य प्रणालियों के लिए अनुसंधान एवं विकास प्राथमिकताएँ, टिकाऊ कृषि-खाद्य प्रणालियों के लिए जलवायु अनुकूल तकनीकें और नवाचार, प्रकृति-सकारात्मक कृषि: लचीला कृषि-खाद्य प्रणाली के निर्माण के लिए विज्ञान और नवाचार, जैविक नाइट्रिफिकेशन अवरोध (बीएनआई): जीएचएस उत्सर्जन को कम करना और फसल की पैदावार बढ़ाने पर सभी देशों ने एकमत से सहमति प्रदान की। डिजिटल कृषि और ट्रेसबिलिटी, खाद्य हानि बहुलवादी कृषि विस्तार और सलाह को कम करने के लिए डिजिटल तकनीकी समाधान पर भी सभी का एकमत रहा।

### नमस्ते काशी का दिया संदेश

जी20 देश के सभी प्रतिनिधियों ने बैठक के बाद भारतीय परंपरानुसार नमस्ते काशी का अभिवादन कर विश्व के सबसे जीवंत व प्राचीन शहर के लोगों को मेहमाननवाजी के लिए धन्यवाद दिया।

### मैक्स की अगली मेजबानी ब्राजील करेगा

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर)के महानिदेशक व कृषि अनुसांधन व शिक्षा विभाग (डीएआरई)के सचिव डॉ. हिमांशु पाठक ने बताया कि अगले साल वर्ष 2024 में अप्रैल माह में ही जी20 के तहत कृषि प्रमुख वैज्ञानिक (एमएसीएस) की बैठक की मेजबानी ब्राजील करेगा। वहां फिर कृषि के प्रति नवीन मुद्दों पर चर्चा होगी।

### हैदराबाद में स्थापित होगा महर्षि सचिवालय

महर्षि (बाजरा और अन्य प्राचीन अनाज अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान पहल) सचिवालय भारतीय कदन्न अनुसंधान संस्थान (आईआईएमआर), हैदराबाद में आईसीआरआईएसएटी, एक सीजीआईएआर केंद्रों और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के तकनीकी सहयोग से स्थापित किया जाएगा।

## संक्षेप

### आई.टी.आई में केंपस प्लेसमेंट 21 को

**नैनी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी प्रयागराज में दिनांक 21 अप्रैल को "कैंपस प्लेसमेंट-डे" का आयोजन किया गया है। जिसमें निजी क्षेत्र की कई कंपनियां प्रतिभाग कर रही हैं। यह जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य एस.के श्रीवास्तव ने बताया, कि इच्छुक अभ्यर्थी उक्त तिथि को अपने समस्त बायोडाटा सहित मूल दस्तावेज के साथ सुबह 10:00 बजे संस्थान में उपस्थित होकर इसका लाभ उठाएं।

### बीएल एकेडमी स्कूल ताला तोड़कर चोरी

**नैनी।** बी एल एकेडमी डे बोर्डिंग स्कूल मुखिया नगर के गेट का ताला तोड़कर चोर मंगलवार की रात 12 पंखे खोल ले गए। सुबह स्कूल खुलने पर घटना की जानकारी हुई। मौके पर पहुंची पुलिस घटनास्थल का जांच कर वापस लौट गई। नैनी थाना क्षेत्र के मुखिया नगर मोहल्ले में स्थित बीएल एकेडमी डे बोर्डिंग स्कूल के अगले हिस्से में वहां का कर्मचारी रहता है। स्कूल के पिछले हिस्से के कमरों में लगे पंखे मंगलवार की रात अज्ञात चोर खोल कर उठा ले गए। स्कूल के प्रबंधक राजकुमार त्रिपाठी ने पुलिस को तहरीर दी है।

# ईद पर्व को लेकर एसडीएम ने नागरिकों से की गुफ्तगू

## त्योहार पर ईदगाहों के आस-पास पेयजल, साफ-सफाई का दिया निर्देश

**बैठक**

**निकाय चुनाव से संबंधित हुउ चर्चा, निन्दूरा पोलिंग बूथों दूर होने की शिकायत**



बैठक की अध्यक्षता करते एसडीएम

**लालगोपालगंज।** ईद पर्व को लेकर स्थानीय पुलिस चौकी प्रांगण में शांति कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में साफ सफाई, चूने का छिड़काव और ईदगाहों के पास पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने पर चर्चा हुई। एसडीएम ने चुनाव संबंधी समस्याएं जानी तो निन्दूरा की पोलिंग बूथ तीन किमी दूर होने की शिकायत की गई। इस दौरान प्रत्याशी और ईदगाह कमेटी के सदस्य और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

अध्यक्षता करते हुए एसडीएम सोरांव आईएएस सार्थक अग्रवाल ने ईद पर्व की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि ईद का त्योहार आपसी भाईचारा बढ़ाने वाला पर्व है। इस लिए त्योहार को सौहार्द के रुप में मनाएं। इसके बाद उन्होंने ईद पर्व पर आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी लिया?। हालांकि आल इज वेल की स्थिति में एसडीएम ने साफ सफाई, चूने का छिड़काव और ईदगाहों के पास पेयजल की व्यवस्था करने के लिए नगर प्रशासन को निर्देश दिए। साथ ही एसडीएम ने निकाय चुनाव को लेकर आ रही समस्याओं के बारे में चर्चा किया। इसपर निन्दूरा निवासी मो. वासिल व आजाद हुसैनी ने वार्ड नंबर 13 की पोलिंग बूथ गांव से करीब तीन किलोमीटर दूर किए जाने की शिकायत किया। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए आश्वस्त किया कि यदि संभव हुआ तो समस्या का निस्तारण होगा। बैठक में मौजूद इंस्पेक्टर नवाबगंज अनूप सिंह ने मस्जिदों के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था किए जाने की बात कही। संचालन चौकी प्रभारी सूर्य प्रकाश दुबे ने किया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन प्रदीप केसरवानी, आफताब आलम कुरैशी, मो. दानिश रंगरेज, रमेश पटेल, रामू अग्रवाल, छोटेलाल पटेल, अनीस अहमद, मो. दानिश फारुकी, राम कैलाश यादव आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

### फाफामऊ में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**फाफामऊ।** आगामी ईद के तोहार और नगर निकाय चुनाव को शांति ढंग से संपन्न कराने के लिए बुधवार को फाफामऊ थाने में एसीपी थरवई जंगबहादुर यादव के नेतृत्व में एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी ईद त्योहार और नगर निकाय चुनाव किस तरह से सम्पन्न कराया जाय की शांति व्यवस्था बनी रहे। बैठक में कई समुदाय के लोगों ने अपने अपने विचार और समस्या रखी जिस पर प्रशाशन ने उसे सकुशल संपन्न कराने का भरोसा दिलाया। बैठक में फाफामऊ थाना प्रभारी आशीष सिंह, एस आई बृजेश यादव, वरुणकांत, मनोज अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, सोनू जायसवाल, अरुण शुक्ला, जावेद अहमद, शाह फैसल, बबलू जायसवाल सहित कई दर्जन लोग उपस्थित रहें।

## डीसी मनरेगा प्रयागराज ने करछना ब्लाक में हुए विकास कार्यों की जांच



ब्लाक परिसर के मिटिंग हाल में बैठक करते डीसी मनरेगा

**करछना।** डीसी मनरेगा कपिल कुमार प्रयागराज विकास खण्ड करछना के अंतर्गत बुधवार को चनैनी ग्राम पंचायत में नव निर्मित अमृत सरोवर एवं अंत्येष्टी स्थल निर्माण कार्य की गुणवत्ता परखी और आवश्यक दिशा निर्देश दिए,देखा वही करेहा के गौशाला का भी निरीक्षण किया उसके बाद सोनाई में निमार्णाधीन पंचायत भवन देखने पहुंचे और जरूरी दिशा निर्देश दिया रास्ते में बरदहा ग्रामसभा का अमृत सरोवर देखा और निरीक्षण के दौरान मिली खामियों को तत्काल वरियता के आधार पर निर्माण कार्य पूर्ण कराएं जाने का आवश्यक जरूरी कदम उठाए जाने का निर्देश दिया । तथा गांवों में विकास कार्य निरीक्षण के बाद ब्लाक परिसर के मिटिग हाल में ग्राम विकास अधिकारियों, रोजगार सेवक संघ कर्मियों को बैठक के दौरान गांवों में विकास कार्य कार्यों को समय से निस्तारित किए जाने को लेकर निर्देशित किया, बैठक में खंड विकास अधिकारी देव कुमार, एडीओ पंचायत विवेक मिश्रा, सचिव अमित यादव मनीष शुक्ला, कमल सिंह, महेश कुमार, राम रूप सिंह, अमरेश सिंह, प्रीति शुक्ला, राज कपूर गौतम,राम सकल, मनीष कुमार ब्रजेश कुमार द्विवेदी आदि ब्लॉक कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रधान प्रतिनिधि ने सतरह लाख खेत दिलवाने के नाम पर किया हजम, मुकदमा दर्ज

**जालसाजी**

**पैसा मांगने पर फर्जी दुराचार में फंसाने की मिली धमकी, फर्जी खतौनी देकर जमकर पीटा, शिकायत पर हत्या की मिली धमकी**

**कई साल डर से चुप रहा सीबीआई जांच के बाद भुक्तभोगी को न्याय की उम्मीद जगी, कई बार दे चुका है अधिकारियों को तहरीर**

**मऊआइमा।** एक व्यक्ति को खेत दिलवाने के नाम पर पूर्व प्रधान एंव प्रधान प्रतिनिधि ने एक अज्ञात को खड़ा करके अपनी खाते में सतरह लाख स्थांतरण करा लिया। तथा फर्जी खतौनी दे दिया। बैनामा कराने के लिए बहाना बाजी करने लगा। बाद में धमकी दी कि कई को दुराचार में जेल भेज चुका हूं। दस लाख और दो ताकि फर्जी दुराचार के मुकदमा से बच सको। भुक्तभोगी ने पूर्व प्रधान एंव प्रधान प्रतिनिधि एंव एक अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है। उक्त मामला कई वर्ष पुराना है। निरंतर तहरीर देने के बावजूद पूर्व प्रधान दबवा देता था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मोहन का पूरा घीनपुर निवासी शिव बहादुर पटेल पुत्र राम चरन पटेल का परिवार गांव में रहता है तथा वह रोजी रोटी के सिलसिले में गुजरात में रहकर घर पर पैसा भेजता रहता था। शिव बहादुर पटेल का कहना है कि कई वर्ष पूरे वह अपने भाई पूर्णमासी से खेती किसानी के लिए जमीन खरीदने का जिक्र किया। धीरे धीरे बात गांव में पहुंच गई और चर्चा बन गई। शिवबहादुर का आरोप है कि उसके गांव के पूर्व प्रधान एंव प्रधान प्रतिनिधि ने उनसे कहा कि उनके परिचित का एक आदमी है। चार बीघा के लिए सतरह लाख लेगा। उसे बुला कर खतौनी देखाई। फिर सत्तरह लाख रुपये पूर्व प्रधान एंव प्रधान प्रतिनिधि ने अपने बैंक खाते में स्थान्तरण करवा लिया। शिव बहादुर पटेल का आरोप है कि वह जब जब खेत बैनामा कराने की बात करता पूर्व प्रधान टाल मटोल करता रहा। एक दिन वह खतौनी लेकर तहसील सोरांव गया। जांच करवाई तो पता चला कि कूटरचित, फर्जी खतौनी है। यह सुनकर शिवबहादुर पटेल बेहोश हो गये। किसी तरह घर आकर सब को बताया। शिव बहादुर का आरोप है कि जब वह पैसा मांगने गया तो उसे जम कर पीटा गया गालियां दी गई और यह धमकी दी कि कई के खिलाफ फर्जी रेप में जेल भेज चुका हूं। यदि फर्जी बलात्कार से दोनों भाईयों को बचना है तो दस लाख देकर भूल जाओ यदि जुबान खोले तो हत्या तय है। शिवबहादुर का कहना है कि जब पूर्व प्रधान के खिलाफ फर्जी दुराचार के मुकदमों की जांच सीबीआई करने लगी तो उसे न्याय की उम्मीद बंधी। शिवबहादुर पटेल ने बुधवार को मऊआइमा थाने में पूर्व प्रधान एंव प्रधान प्रतिनिधि राम सजीवन पटेल पुत्र हीरा लाल निवासी मोहन का पूरा घीनपुर तथा एक अज्ञात के खिलाफ जाल साजी फ्राड, अमानत में ख्यानत, रंगदारी आदि संगीन मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस आरोपी पूर्व प्रधान की तलाश में जुटी हुई है। शिवबहादुर का आरोप है कि वह कई बार अधिकारियों को तहरीर दी। परन्तु पूर्व प्रधान दबवा देता था।

## पत्नी के साथ प्रेमी को पकड़ा, हंगामा

**फाफामऊ।** थाना क्षेत्र के गोहरी गांव में बुधवार को भोर में पत्नी के साथ प्रेमी को आपत्ति जनक स्थित में घर में पकड़ा तो घर में हंगामा मच गया। शोरगुल सुनकर भारी संख्या में गांव के लोग इक्कठा हो गए। मामला आगे बढ़ने पर प्रेमी को फाफामऊ पुलिस को सौप दिया। पुलिस ने देर शाम दोनों पक्षों को शांति भंग में चालान कर दिया। जानकारी के मुताबिक मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव की एक युवती की शादी कई वर्ष पहले फाफामऊ थाना क्षेत्र के गोहरी गांव में हुई थी। युवती का पति अक्सर काम के सिलसिले में घर से बाहर रहता था। मंगलवार की रात भी युवती का पति घर से बाहर गया था। बुधवार को भोर में विवाहिता युवती का प्रेमी उससे मिलने उसके घर में आ गया। इसी बीच विवाहिता का पति घर आ गया और पत्नी और प्रेमी को आपत्ति जनक हाल में देख दंग रह गया। जैसे ही विवाहिता और उसके प्रेमी को पकड़े जाने की जानकारी परिजनों को हुई तो घर वालों ने हंगामा खड़ा कर दिया। मामले आगे बढ़ते देख परिजनों ने आरोपी प्रेमी को पुलिस को सौप दिया।

# कैसे होगा संचारी रोग नियंत्रण, स्कूल के बगल गन्दगी का लगा अम्बार



विद्यालय के बगल लगा गंदगी का अंबार

**लालापुर।** क्षेत्र की आशा आंगनवाड़ी कार्यकत्री घर घर दस्तक देकर संचारी रोग से जागरूक कर रही है।वही उनके पास जो सीट फार्म भरा जा रहा है उसमें ज्यादातर कालम पानी जमाव से लेकर गन्दगी से पनपने वाले मच्छरों से फैलने वाली बीमारी का कालम का जिक्र है।

क्षेत्र के अधिकांस स्कूल के पास गन्दगी का अम्बार वर्षो से लगा है।ग्राम प्रधान ब्लाक जसरा से सम्बंधित अधिकारियों से स्कूल से लेकर गांव की सफाई करने के लिए सफाई कर्मी की मांग करते चले आ रहे।लेकिन ब्लाक जसरा के अधिकारी की हीला हवाली से कई गांव में सफाई कर्मी नदारद है।जहाँ एक तरफ गांव की नाली से लेकर गलियों में कचरे का अंबार है तो दूसरी तरफ गांव के बिद्यालय के पास कूड़े का ढेर लगा है। बिना ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर के निकल जाता है सफाई कर्मियों का मानदेय।ब्लाक से लेकर जिले तक सम्बंधित की कराई जाय जांच तो बहुत बड़ा सुविधा शुल्क घोटाला उजागर जरूर होगा।

ब्लाक जसरा के अधिकारी अपने बचाव में सफाई कर्मी की टीम कहकर सफाई करने के लिए गांव भेजते है।न इनको कोई देखने वाला न ही काम कराने वाला साथ मे रहता है।सिर्फ एक जगह गांव में खड़े होकर फोटो शूट करा कर इति कर देते है। ब्लाक जसरा के पहाड़ का पूरा के प्राथमिक बिद्यालय के बगल वर्षो से गन्दगी का ढेर जमा है इसकी शिकायत प्रधानाध्यक ने अपने विभाग से लेकर ग्राम प्रधान से की।ग्राम प्रधान ने कई बार सफाई कर्मी की मांग की लेकिन आज तक सफाई कर्मी नही मिला।



जानकारी देतीं डॉ. रूपिका सिंहा

### शुआट्स कार्यशाला में एमएनएनआईटी की डॉ. रूपिका सिन्हा ने दी तकनीकी जानकारी

**नैनी।** बायोकेमेस्ट्री एंड बायोकेमिकल विभाग, शुआट द्वारा आयोजित बुनियादी निष्कर्षण तकनीकों पर कार्यशाला के तीसरे दिन अतिथि डॉ रूपिका सिन्हा, सहायक प्रोफेसर, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, एमएनएनआईटी, इलाहाबाद, ने खाद्य परिरक्षकों के रूप में रोगाणुरोधी पौधे का अर्क पर व्याख्यान दिया। डॉ सिन्हा ने प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों में पौधों के अर्क का उपयोग करने की आवश्यकता और सिंथेटिक परिरक्षकों के नुकसान के बारे में बताया। उन्होंने पौधों के लिए विभिन्न निष्कर्षण तकनीकों का उपयोग करने और उनकी रोगाणुरोधी गतिविधियों को मान्य करने पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में सॉक्सलेट एक्सट्रैक्शन और रोटरी इवेपोरेटर का उपयोग करके पौधों से क्रूड फैट निष्कर्षण का एक व्यावहारिक प्रदर्शन भी दिया गया। इस सत्र का कुशल संचालन जैवरसायन एवं जैव रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग के डॉ. शैलेंद्र के. श्रीवास्तव, डॉ. अभिषेक शरण, डॉ. देवेंद्र पी. मौर्य एवं डॉ. अखिलेश बिंद ने किया।

बृहस्पतिवार को डॉ देवेंद्र सिंह, सहायक प्रोफेसर, जैव विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, एसआरएम विश्वविद्यालय, बारा बांकी अतिथि व्याख्यान देंगे। व्याख्यान का विषय पेटेंट के लिए उत्पादों के विकास/उत्पादन के व्यावहारिक पहलू होगा।

# आचार संहिता का उल्लंघन करने पर होगी सख्त कार्यवाही : एसीपी

**बैठक**

**शंकरगढ़ थाने में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक**

**एसओ ने कहा कि शासन-प्रशासन के द्वारा जारी गाइड लाइन का सभी लोग पालन करें। किसी भी तरह की समस्या होने पर तत्काल सूचित करें**



पीस कमेटी की बैठक में उपस्थित लोग

**बारा/शंकरगढ़।** ईद और निकाय चुनाव के मद्देनजर बुधवार को शंकरगढ़ थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। सहायक पुलिस आयुक्त संतलाल सरोज की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आम जन मानस से शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ आदर्श आचार संहिता के पालन की अपील की गई। एसओ ने कहा कि शासन-प्रशासन के द्वारा जारी गाइड लाइन का सभी लोग पालन करें। किसी भी तरह की समस्या होने पर तत्काल सूचित करें। बताया कि अफवाह फैलाने वालों और शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

ईद व निकाय चुनाव के मद्देनजर आज शंकरगढ़ थाना परिसर में सर्वसमुदाय के धर्मगुरुओं, गणमान्य व्यक्तियों, ग्राम प्रधानों के साथ पीस कमेटी की बैठक की गई। सबसे पहले स्थानीय लोगों के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना गया। सुझाव मांगे गए। सहायक पुलिस आयुक्त संत लाल सरोज ने सभी से ईंद पर्व को शांति के साथ सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। बताया कि बिना अनुमति किसी भी प्रकार की शोभायात्रा, धार्मिक जुलूस नहीं निकाला जाएगा।

एसओ मनोज कुमार सिंह ने कहा कि सड़क बाधित कर कोई धार्मिक आयोजन नहीं किया जाएगा। सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए सभी लोग आपस में मिलजुलकर त्योहार मनाएं। अराजकता फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है, जो भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट, भ्रामक व अफवाह पोस्ट करेगा, उसके विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाएगी।


पीस कमेटी की बैठक में चौकी इंचार्ज गंगाराम सोनकर, उपनिरीक्षक ऋतुराज सिंह, प्रवेश यादव, व्यापार मंडल अध्यक्ष मूलचंद्र गुप्ता, सुधा गुप्ता, राजनाथ दुबे, रोहित केसरवानी,रतन केसरवानी, जय केसरवानी, प्रधान प्रतिनिधि परमेश्वर सिंह, शेर सिंह, ज्ञानेंद्र मिश्रा,कामता सिंह, सुभाष कुमार, डा मंगलेश, भाजपा चेयरमैन प्रत्याशी अंजू कोल, सपा चेयरमैन प्रत्याशी, सभासद प्रत्याशी सुशील पांडेय, सुजीत केसरवानी, दीपक कुमार, अनूप कुमार, मनोज कुमार, रामपाल, नेहा सिंह, ज्योति कनौजिया, शालिनी श्रीवास्तव आदि मौजूद रहीं।

## महानगर अध्यक्ष ने भाजपा कार्यालय का किया उद्घाटन



**फाफामऊ।** भाजपा के महानगर अध्यक्ष और भाजपा महापौर प्रत्याशी गणेश केशरवानी ने बुधवार को फाफामऊ, शांतिपुरम अन्य वार्डो के भाजपा पार्षद प्रत्याशियों के पक्ष में कार्यालय का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में पार्षद प्रत्याशियों ने महानगर अध्यक्ष का माला पहनाकर कर स्वागत किया और क्षेत्र में लोगों से भाजपा प्रत्याशियों को ओट देने की अपील किया। फाफामऊ बाजार में फाफामऊ वार्ड की भाजपा प्रत्याशी नेहा जायसवाल और शांतिपुरम में शांतिपुरम वार्ड के प्रत्याशी सुशील तिवारी, भद्री वार्ड से भद्री वार्ड के प्रत्याशी अंकित पासी के कार्यालय का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# शुआट्स में डीएनए प्रौद्योगिकी और इम्यूनोसैस तकनीक पर दो दिवसीय कार्यशाला का समापन



कार्यशाला में उपस्थित अतिथिगण

**नैनी।** शुआट्स में सोसाइटी ऑफ बायोटेक्नोलॉजी , डिपार्टमेंट ऑफ मॉलिक्यूलर एंड सेल्युलर इंजीनियरिंग के साथ - साथ एमआरडी लाइफसाइंसेज, लखनऊ द्वारा रिकॉम्बिनेंट डीएनए टेक्नोलॉजी एंड इम्यूनोसैसे तकनीक ₹ पर दो दिवसीय कार्यशाला मंगलवार को प्रारंभ हुई।. उद्घाटन समारोह की शुरूआत प्रार्थना और गणमान्य व्यक्तियों के स्वागत के साथ डॉ . ईपेन पी . कोशी ने की। इसके बाद मुख्य अतिथि प्रोफेसर (डॉ .) शैलेश मार्कर, निदेशक शोध, शुआट्स ने विज्ञान के छात्र के जीवन में व्यावहारिक ज्ञान के महत्व पर जोर देते हुए भाषण दिया और छात्रों को इस कार्यशाला में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रोत्साहित किया । अतिथि डॉ . मनोज वर्मा- एमआरडी लाइफ साइंसेज के सीईओ और निदेशक ने कार्यशाला की थीम को संबोधित किया। उद्घाटन समारोह के बाद कार्यशाला का पहला दिन एक सिद्धांत सत्र के साथ शुरू हुआ जिसमें रुचि के जीन, प्रतिबंध एंडोन्यूक्लाइजेस और उनकी गतिविधि, प्लास्मिड वेक्टर और सक्षम सेल तैयारी, जीन अभिव्यक्ति के लिए परिवर्तन और स्क्रीनिंग पर प्रमुख अवधारणाएं शामिल थीं। पिछले सत्र से सीखे गए ज्ञान और अवधारणाओं के आधार पर एमसीई लैब में दो व्यावहारिक सत्र आयोजित किए गए। प्रतिभागियों ने प्लाज्मिड अणुओं में जीन ऑफ इंटरेस्ट अंशों को स्थानांतरित करने के लिए प्रतिबंध पान और बंधाव प्रोटोकॉल का प्रदर्शन किया। इसके बाद ई. कोली की मेजबान कोशिकाओं में रुचि के जीन और चयन योग्य मार्कर जीन युक्त प्लाज्मिड की शुरूआत के लिए मेजबान कोशिकाओं को सक्षम बनाने के लिए मैग्नीशियम क्लोराइड तकनीक का पालन किया गया।

कार्यशाला का दूसरा दिन मेजबान ई. कोलाई कोशिकाओं को पुनः संयोजक अणुओं में बदलने के लिए हीट - शॉक और कोल्ड शॉक उपचार का प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों के साथ शुरू हुआ। इसके बाद पुनः संयोजक और गैर - पुनः संयोजक कोशिकाओं के बीच अंतर करने के लिए ई - कोली की रूपांतरित संस्कृति की ब्लू व्हाइट स्क्रीनिंग की गई । बाद में एक सैद्धान्तिक सत्र आयोजित किया गया जिसमें सतह प्रतिजन का पता लगाने के लिए इम्यूनोएसे तकनीक के रूप में हेपालिसा की अवधारणा को पेश किया गया। हेपालिसा प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शित अंतिम तकनीक थी। कुल मिलाकर , 80 छात्रों ने विभिन्न विभागों से भाग लिया, जिसमें आनुवंशिकी और पादप प्रजनन, खाद्य प्रौद्योगिकी और बागवानी विभाग शामिल हैं लेकिन यह इन तक ही सीमित नहीं है।

तीन सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी छात्रों को एमआरडी लैब्स में आरटी - पीसीआर पर तीन दिवसीय व्यावहारिक प्रशिक्षण पूरी तरह से निःशुल्क प्राप्त करने का अवसर दिया गया। एमआरडी लाइफसाइंसेज, लखनऊ के संसाधन व्यक्तियों और प्रतिनिधियों के प्रति आभार प्रकट किया गया तथा सह - आयोजन के लिए सोसाइटी ऑफ बायोटेक्नोलॉजी का भी धन्यवाद किया गया।

## युवती के साथ की गई आश्लील हरकतें चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा के एक गांव में मामूली बात को लेकर एक युवती को मारा पीटा गया तथा आश्लील हरकतें करते हुए कपडे फाड दिए गए एंव सोने की बाली नोच लिया गया। पुलिस ने चार के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासनीय एक युवती का आरोप है कि पड़ोसियों द्वारा मामूली बात को लेकर उसे जम कर पीटा गया आश्लील हरकतें की गई, तथा कान की सोने की बाली नोंच कर जान से मारने की धमकी देते हुए कपडे फाड डाले। युवती ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर गांव के विपिन कुमार सिंह, ऋचा सिंह, श्रेया सिंह, शिखा सिंह के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया है।


# बाजारों में गंदगी का अंबार, सफाई कर्मी नहीं कर रहा कार्य



मेजा खास बाजार में लगा गंदगी का अम्बार

**मेजा।** क्षेत्र के विभिन्न बाजारों में सफाई के अभाव में गंदगी का अंबार लगा हुआ है।जिससे दुकानदारों सहित ग्राहकों व राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।लेकिन सफाई कर्मी ब्लाक मुख्यालय में बैठकर मस्ती काट रहे हैं,अधिकारी मौन हैं,जबकि लोग परेशान हैं।

गौरतलब हो कि क्षेत्र के विभिन्न बाजारों में लगे सफाई कर्मी नदारद रहते हैं।शिकायत के बावजूद 3 से 4 महीने के बाद अन्य गांवों में लगे सफाई कर्मियों को बुलाकर सफाई कर कोरम पूरा कर दिया जाता है।व्यापारियों का कहना है कि यदि सफाई कर्मी नियमित रूप से सफाई करें तो बाजार से गंदगी दूर की जा सकती है।लेकिन 6 -6 महीने में भी सफाई नहीं की जाती है,जिससे गंदगी के कारण बदबू बनी रहती है।लोगों में बीमारियां फैलनें का खतरा बना रहता है।जब कभी सम्पूर्ण समाधान दिवस में व्यापारी शिकायत करते हैं तो कई सफाई कर्मी मिलकर सफाई का कोरम पूरा कर देते हैं।फिर 6 महीने के फुरसत हो जाते हैं,जिससे गंदगी बनी रह जाती है।यही हाल इन दिनों मेजा खास बाजार का है।कई बार ग्राम प्रधान ने भी लिखित व मौखिक शिकायत की है।लेकिन ब्लाक की ओर से नियमित सफाई कर्मी नही लगाए गए।एक सफाई कर्मी के जिम्मे पूरा बाजार सफाई के लिए दिया गया है।वह भी नदारद रहता है।इस मामले में जब ब्लाक के सहायक विकास अधिकारी पंचायत रमाकांत पांडेय से बात की जाती है तो वे यह कहकर जिम्मेदारी से मुक्त हो जाते है कि सफाई करा दिया जायेगा।इसी तरह से 6 महीने बीत जाता है।जब व्यापारी सड़क पर उतर जाते हैं तो कई सफाई कर्मी मिलकर सफाई कर देते हैं।सूत्र बताते हैं कि मेजा बाजार में सफाई कर्मी ड्यूटी करने से कतराते हैं,जिसके एवज में संबंधित अधिकारी को सुविधा शुल्क देकर ब्लाक में देते रहते हैं।ग्राम प्रधान सहित व्यापारियों ने खंड विकास अधिकारी से नियमित 2 सफाई कर्मी की नियुक्ति किए जाने की मांग की है।



दीप प्रज्जवलित कर प्रदर्शनी का शुभारंभ करते उमरे महाप्रबंधक

# प्रयागराज



## मौसम



| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 42.00 |
| न्यूनतम : | 29.00 |
| सूर्योदय : | 06.03 |
| सूर्यास्त : | 06.15 |

## अतीक-अशरफ के हत्यारों की 4 दिन की पुलिस रिमांड मंजूर

**पेशी**

**भारी सुरक्षा के बीच,सीजेएम कोर्ट में हुई तीनों की पेशी**




**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद और उसका भाई अशरफ के हत्यारो की 4 दिन की पुलिस रिमांड सीजेएम कोर्ट ने मंजूर कर ली है। लवलेश, अरुण और सनी को पुलिस रिमांड मिल गई है। पुलिस ने कोर्ट से 14 दिन की रिमांड मांगी थी परन्तु सीजेएम कोर्ट नं0 10 मे जज दिनेश कुमार गौतम ने चार दिन की पुलिस रिमांड देने का फैसला सुनाया ।पुलिस तीनों को लेकर कोर्ट परिसर से निकल चुकी है।

बुधवार सुबह अतीक और अशरफ के तीनों हत्यारो को प्रतापगढ़ जेल से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सीजेएम कोर्ट लाया गया। पूरे कोर्ट परिसर को किले में तब्दील कर दिया गया था। सुरक्षा इतनी मजबूत थी की परिंदा भी पर नहीं मार सकता है। बता दें कि अतीक अहमद और अशरफ की पुलिस कस्टडी में हुई हत्या के बाद प्रशासन किसी भी तरह का जोखिम मोल नहीं लेना चाहता था। इसलिए आरएएफ, पीएसी को मुस्तैदी के साथ तैनात किया गया था।

अतीक अहमद अशरफ हत्याकांड के तीसरे दिन बुधवार को थानाअध्यक्ष शाहगंज समेत पाँच पुलिस कर्मियो को संस्पेंड कर दिया गया ।एसआईटी की पूछताछ के बाद आज पुलिस विभाग ने कार्यवाही करते हुए थानाअध्यक्ष अश्वनी कुमार सिह दो इंस्पेकटर तथा दो कान्सटेबिल संस्पेंड किया गया। घटनास्थल इसी थानाअन्तर्गत आता है।

**अतीक का करीबी शूटर असद गिरफ्तार**

प्रयागराज पुलिस ने अतीक गैंग के शूटर असाद कालिया को गिरफ्तार कर लिया। असाद कालिया पर 50हजार का इनाम था ।इसको अतीक गैंग का फाइनेंसर भी बताया जा रहा है ।

## ईद, नगर निगम चुनाव को लेकर झूंसी में हुई पीस कमेटी की बैठक

**झूंसी।** ईद व नगर निगम चुनाव को लेकर झूंसी में पीस कमेटी की बैठक बुधवार को सम्पन्न हुई। बैठक में एसीपी झूंसी आईपीएस चिराग जैन ने ईद व चुनाव में लोगो का सहयोग मांगा। थाना प्रभारी वैभव सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में कस्बे तथा ग्रामीण क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे। एसीपी झूंसी ने कहा कि किसी प्रकार के भड़काऊ पोस्टर या स्पीच से सभी बचे। अगर आपके क्षेत्र में कोई भी त्योहार व चुनाव में अराजकता फैलाने का प्रयास करता है तो उसकी सूचना दें उस पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी। पुलिस सोशल मीडिया पर भी नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने सभी से आपसी भाईचारे से ईद मनाने व चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की।

## कांग्रेसी नेता ने अतीक अहमद के कब्र पर चढ़ाया तिरंगा, शहीद बता भारत रत्न देने की मांग की, कांग्रेस पार्टी ने किया निष्कासित



अतीक के कब्र पर तिरंगा झंडा चढ़ाते कांग्रेसी नेता

**प्रयागराज।** अतीक की पुलिस कस्टडी में हुई हत्या पर कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी राजकुमार उर्फ रज्जू भैया ने अतीक अहमद को शहीद बता दिया है। और यही नही कांग्रेस उम्मीदवार ने अतीक अहमद को भारत रत्न दिए जाने की मांग कर दी है। इतना ही नहीं कसारी मसारी स्थित कब्रगाह पर पहुंच गया। और अतीक के कब्र पर तिरंगा झंडा चढ़ाया तथा कहता रहा कि 5 बार का विधायक और एक बार का सांसद अतीक अहमद को नमन करता हूं । राजू का कहना है अतीक अहमद ने शहादत पाई है, लिहाजा उनके शव पर तिरंगा रखा जाना चाहिए था। उन्होंने आरोप लगाया कि योगी सरकार ने अतीक अहमद की हत्या कराई है। सीएम योगी को इस वजह से अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाए कि अगर मुलायम सिंह यादव को पद्म विभूषण मिल सकता है तो फिर अतीक अहमद को भारत रत्न क्यों नहीं मिलना चाहिए।

राजू के इस बयान पर कांग्रेस ने आजाद स्क्वायर वार्ड नं 43 से पार्टी प्रत्याशी राज कुमार सिंह रज्जू को पार्टी से 6 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है । यह जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा अंशुमन ने बताया कि रज्जू द्वारा माफिया अतीक से संबंधित बयान से रोके जाने एवं मना करने पर यह कार्यवाही की गयी ।

अध्यक्ष मिश्र ने बताया कि रज्जू का उक्त बयान उनका निजी है , इससे पार्टी का कोई लेना देना नहीं है ।पार्टी ने अनुशासनातमक कार्यवाही करते रज्जू की पार्षद उम्मीदवारी वापस ले ली है । वहीं कुछ लोग राजू को मानसिक रूप से भी विक्षिप्त होने का सोशल मीडिया पर दावा करते नजर आए।

बता दें कि राजकुमार सिंह उर्फ रज्जू भैया कांग्रेस पार्टी के पुराने नेता हैं। वे नगर निगम के वार्ड नंबर 43 साउथ मलाका से कांग्रेस के उम्मीदवार हैं. वे पहले भी पार्षद का चुनाव लड़ चुके हैं। कांग्रेस उम्मीदवार का विवादित बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## उन्तीसवीं रमजान (शुक्रवार) को शहर भर की मस्जिदों में होगी जुम्मतुल विदा की नमाज

**प्रयागराज।** तीन भागों में बंटे माहे रमजान के अशरा ए रहमत मगफिरत और निजात को होता है। पहला और दूसरा अशरा समाप्त होने के बाद अब निजात का अशरा भी आखरी पड़ाव पर सत्ताईस रोजे मुकम्मल हो गए हैं अब कुछ दिन ही ईद को यह गए हैं ।उनतीस माहे रमजान को माहे रमजान का पांचवां जुमा यानि जुम्मतुल विदा होगा ऐसे में शहर की सभी अहले सुन्नत मस्जिदों में जुम्मतुल विदा की विशेष नमाज तय समय १२:१५ से २:३० बजे तक मस्जिदों की इमामों की कयादत में अदा की जायगी वहीं शिया समुदाय की जुम्मतुल विदा की नमाज चक जीरो रोड स्थित जामा मस्जिद,करैली मस्जिदे खदीजा ,सैदपूर की मस्जिद, दांदूपूर की मस्जिद और प्रीतमनगर की मस्जिद में अकीदत से अदा की जायगी ।उम्मुल बनीन सोसायटी के महासचिव सैय्यद मोहम्मद अस्करी के अनुसार इस बार जुम्मतुल विदा को ईद के चांद के दीदार होने की भी सम्भावना है ऐसे में इन्तेजामिया कमेटी ने लोगों से चांद देखने और उसकी सही तसदीक के साथ कमेटी से राबता कायम करने की अपील की है।

## नौ वर्षीय जारा जबीन ने शबे कद्र को रखा पहला रोजा



**प्रयागराज।** करैली शम्स नगर के रिटायर्ड प्रधानाचार्य एम एच अंसारी व होम्योपैथिक डाक्टर नूरीना जबीन की चहेती पोती जारा जबीन जो कक्षा पांच की छात्रा हैं। इनके पिता शारिक हुसैन व माता शाहिस्ता जबीन हैं जिनसे ज़िद कर जारा ने रोजा रखा। मगरिब की अजान होते ही माबूद ए इलाही का शुक्र अदा करते हुए रोजा खोला और बारगाहे खुदावन्दी में हांथ बुलन्द कर देश में अमन चैन खुशहाली पढ़ाई रोजगार और सेहत ओ सलामती की दुआ मांगी और आगे पूरा रोजा रखने की तौफीक अता करने की अल्लाह से फरियाद की।

## राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार के कार्यों की आकर्षक प्रदर्शनी आयोजित

**प्रयागराज।** सरकार की राजभाषा नीति के अनुसार राजभाषा के प्रयोग में बहुआयामी प्रगति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्तर मध्य रेलवे महाप्रबंधक कार्यालय में यांत्रिक विभाग द्वारा किए जा रहे राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार के कार्यों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में यांत्रिक विभाग द्वारा हिंदी में किए जा रहे कार्यों की सुरुचिपूर्ण प्रस्तुति की गई। महाप्रबंधक सतीश कुमार ने मंगल दीप प्रज्ज्वलित कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक सतीश कुमार ने कहा कि महाप्रबंधक सतीश कुमार ने मंगल दीप प्रज्ज्वलित कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक सतीश कुमार ने कहा कि हमारी रेलवे पूरी तरह हिंदी भाषी क्षेत्र में है, अतः हमें पूरी प्रतिबद्धता एवं दायित्व भावना के साथ अपने सरकारी कार्यों में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए और राजभाषा हिंदी के निरंतर प्रयोग-प्रसार के क्षेत्र में अग्रणी रेलवे की भूमिका निभानी चाहिए। महाप्रबंधक ने कहा कि गाड़ी परिचालन, प्रबंधन एवं अनुरक्षण कार्यों में आधुनिक तकनीक के समावेश के कारण अनुरक्षण आदि की कार्यविधि की भाषा में काफी परिवर्तन हुए हैं, अतः इसे ध्यान में रखते हुए यांत्रिक विभाग के सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सभी कार्य निर्देश, अनुरक्षण एवं मरम्मत से संबंधित सभी निर्देश सरल एवं सहज हिंदी में जारी किए जाएं तथा उन्हें उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाए, ताकि वे आसानी से सुलभ हो सकें।

महाप्रबंधक सतीश कुमार ने यांत्रिक विभाग द्वारा राजभाषा हिंदी में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की और इस कार्य को निष?पादित करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए पन्द्रह हजार रूपए के पुरस्कार की घोषणा की। इस क्रम में संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षण से संबंधित मदों के अनुसार यांत्रिक विभाग द्वारा हिंदी में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। कार्यक्रम के आरंभ में प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर अजय कुमार राणा द्वारा महाप्रबंधक सतीश कुमार का स्वागत किया गया और और उन्हें विभाग द्वारा राजभाषा हिंदी में किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया गया।



प्रदर्शनी का अवलोकन करते उमरे महाप्रबंधक

इस अवसर पर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी मनीष कुमार गुप्ता, मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज, हिमांशु बडोनी, सचिव/महाप्रबंधक अजय सिंह, मुख्य रोलिंग स्टॉक इंजीनियर/कोचिंग सूरज प्रकाश, मुख्य रोलिंग स्टॉक इंजीनियर/फ्रेट पी.के. पाण्डेय, मुख्य मोटिव पावर इंजीनियर एस. के. भारती, जी.सी. सिंह, मुख्य कारखाना प्रबंधक, सिथौली, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कारखाना आर.पी. त्रिपाठी तथा उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/मुख्यालय एवं सचिव प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर ओ.पी. सिंह, वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी चन्द्र भूषण पाण्डेय सहित राजभाषा तथा यांत्रिक विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## महिला शिक्षक संघ ने नवनियुक्त मुख्य विकास अधिकारी से मुलाकात कर दी बधाई

**अवकाश की मांग**

**रमजान के आखिरी जुमे के दिन अवकाश की किया मांग**

**प्रयागराज।** महिला शिक्षक संघ ने बुधवार को जिला कार्यकारिणी और ब्लाक कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार को उनकी प्रयागराज में नियुक्ति के लिए सभी पदाधिकारियों द्वारा शिष्टाचार भेंट करते पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया । नगर निकाय चुनाव में महिला शिक्षिकाओं जो गर्भवती, धात्री, 58 वर्ष आयु, किसी गंभीर असाध्य रोग से पीड़ित, पति-पत्नी दोनों कार्मिकों मे से एक व एकल अभिभावक की चुनाव में ड्यूटी ना लगाई जाए, जिससे कि उपरोक्त कार्मिकों को समस्याओं का सामना करने पड़े, व चुनाव जैसे संवेदनशील प्रकिया में बाधा उत्पन्न हो। श्रीमान ने ज्ञापन को स्वीकार करते हुए हमें आश्वासन दिया कि जो बेहतर होगा वह किया जाएगा। इसी क्रम में सभी पदाधिकारीगण सर्व शिक्षा अभियान कार्यालय मे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी से मिलकर रमजान महीने की अंतिम जुमा के दिन अवकाश के लिए ज्ञापन दिया गया। सर से अनुरोध किया गया कि यह हमारे मुस्लिम शिक्षक भाई बहनों का पवित्र माह का अंतिम शुक्रवार है जिसको वह पूरी श्रद्धा से नमाज अदा करके मनाते हैं। अतः पूर्व की भांति शुक्रवार को अवकाश घोषित कर के सभी मुस्लिम भाई बहनों के लिए उनके इबादत के खास दिन को हर्षोल्लास से मनाने देने की कृपा करें। इस अवसर पर जिले कार्यकारिणी से जिला अध्यक्ष वीथिका अमरनाथ महामंत्री अनुरागिनी सिंह उपाध्यक्ष पूनम वर्मा संगठन मंत्री कविता त्रिपाठी, इंदु शर्मा, ब्लाक कार्यकारिणी से ब्लॉक अध्यक्ष श्वेता श्रीवास्तव, मधुमिता श्रीवास्तव, जलज वार्ष्णेय ब्लाक महामंत्री अनुपमा उपस्थित रही।



मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार को बधाई देतीं महिला शिक्षक संघ

## नम्रता शुक्ला ने यूजीसी नेट की परीक्षा में 98.7 9 प्रतिशत अंक हासिल कर बढ़ाया गौरव



**थरवई।** थरवई क्षेत्र के बनकट गांव की रहने वाली नम्रता शुक्ला यूजीसी नेट की परीक्षा में 98.7 9 अंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया बताते चलें कि नम्रता शुक्ला ने हिंदी विषय से यूजीसी नेट की पहली बार परीक्षा में परचम लहराते हुए सर्वोच्च अंक हासिल किया नम्रता शुक्ला ने इस सफलता का श्रेय पति कृपाशंकर सहित गुरुजनों अपने माता पिता को दी परीक्षा परिणाम के बाद नम्रता के परिजनों रिश्तेदारों आसपास में रह रहे लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए नम्रता को ढेर सारी बधाईयां दी।

## बेसिक विद्यालयों में समय परिवर्तन से बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षकों में खुशी

**लालापुर।** जनपद में मौसम बहुत गर्म हो गया है, तापमान 44 डिग्री लगभग चल रहा है ।ऐसी स्थिति में बेसिक के छोटे-छोटे बच्चों को 2 बजे तक विद्यालयों में रोकना खतरे से खाली नहीं रह गया था। कुछ विद्यालयों में हीट स्ट्रोक से बच्चों के बेहोश होने की घटनाएं भी प्रकाश में आने लगी थीं। जसरा के बेलामुंडी, घुरमुटी, बसहरा तरहार, चिल्ला,गोबरा तरहार एवं कई विद्यालयों में बच्चे काफी दूर से विद्यालयों में भीषण ग्रमीण में पैदल ही पढ़ने आते हैं।

क्षेत्र के लालापुर, बारा,भीटा पावर हाउस से सप्लाई होने वाली बिजली कट जाती है,जो शाम 7 बजे आती है। जिससे बच्चों को पंखे की हवा भी नसीब नहीं हो पाती। इस तरह के भीषण गर्मी व धूप में स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान रैली भी बच्चों के साथ निकाली जा रही है ।यह सब कार्य तेज धूप से पहले किया जाना आवश्यक है, नही तो बच्चों के साथ साथ अध्यापक भी बीमार होंगे अगर इसी तरह चलता रहता तो लू के थपेड़े के चपेट से कोई न रोक पाता।

ऐसी स्थिति को देखते हुये उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बच्चों अभिभावकों एवं शिक्षकों के हित में जिलाधिकारी प्रयागराज को पत्र लिखकर बेसिक के विद्यालयों का समय सुबह 08 से अपराह्न 02 बजे के स्थान पर सुबह 07 बजे से 12 बजे तक करने की मांग किया था, जिसके क्रम में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी प्रयागराज प्रवीण कुमार तिवारी ने अपने आदेश दिनांक 18 अप्रैल 2023 द्वारा जनपद प्रयागराज के समस्त परिषदीय/मान्यता प्राप्त/ सहायता प्राप्त/अन्य बोर्ड के विद्यालयों का संचालन समय प्रातः 07 बजे से दोपहर 12 बजे तक कर दिया है। उक्त मांग के पूर्ण हो जाने पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जसरा इकाई की एक बैठक में अध्यक्ष जसरा डॉ0एस0पी0सिंह ने जिला प्रशासन, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी प्रयागराज एवं जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव के प्रति बच्चों, शिक्षकों एवं अभिभावकों की तरफ से आभार प्रकट किया।

आभार प्रकट करने करने वालों में मंत्री जसरा सरोज कुमार सिंह पटेल, संयोजक राम कुमार साहू, शेषधर यादव, बृजेश कुमार पाल, शिवभान सिंह, मोहम्मद असलम, ब्रिजनंदिनी राय, रचना मौर्या, तनु सिंह,समरजीत, राजमोहनलाल, अजय कुमार, तन्मयानन्द पाण्डेय, सुधीर श्रीवास्तव, राकेश कुमार सिंह, त्रिभुवननाथ, बृजेश कुमार विवेक वर्मा, कमलेश सिंह, शैलेशचंद्र श्रीवास्तव, पुष्पराज सिंह, रावेन्द्र सिंह, दिनेश सिंह, मोहम्मद हसीन आदि लोग रहे।

## भाजपाइयों ने महापौर प्रत्याशी के खिलाफ की नारेबाजी

**प्रयागराज।** निकाय चुनाव का बिगुल फूंक चुका है। महापौर से लेकर पार्षद प्रत्याशियों की घोषणा भी हो चुकी है। लेकिन भाजपा में अंदरूनी कलह शुरू हो चुकी है। भाजपा से जुड़े पुरानी कार्यकर्ता बागी हो गए हैं। सिविल लाइंस स्थित पार्टी कार्यालय के सामने ही भाजपा के एक दर्जन कार्यकताओं ने महानगर अध्यक्ष के खिलाफ नारेबाजी की। उनका आरोप है कि महानगर अध्यक्ष, महापौर प्रत्याशी गणेश केसरवानी ने पार्षद के टिकट वितरण में पुराने कार्यकताओं को नजर अंदाज कर ऐसे लोगों को टिकट दिलाने की पैरवी की जो भाजपा से दूर रहते थे। रामजी मिश्रा ने कहा कि पार्षदों के टिकट वितरण में मनमानी की गई है। हम लोग लंबे समय से पार्टी के लिए काम कर रहे हैं और टिकट देने की बात आई तो बाहरी लोगों को दे दी गई है।

नगर निकाय चुनाव को लेकर नगर निगम चुनाव संयोजक अवधेश चंद्र गुप्ता ने भाजपा कार्यालय सिविल लाइन में चुनाव संचालन समिति की बैठक की। इसमें उन्होंने नगर निगम चुनाव के संदर्भ मे कार्यक्रमों को लेकर कार्य योजना का प्रमुख बनाया और उन्होंने कहा कि जो कार्यकर्ता पार्षद का टिकट नहीं प्राप्त किया है और वो नाराज है उसे मनाने का कार्य किया जाएगा और बागी के रूप में जो कार्यकर्ता विरोध में जाकर चुनाव लड़ रहा है ऐसे कार्यकताओं के ऊपर कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक का संचालन कुंज बिहारी मिश्रा ने किया। भाजपा ही नहीं कांग्रेस में कार्यकर्ता विरोध कर रहे हैं। कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी इस्तीफा भी दे दिए हैं। टिकट वितरण में मनमानी का आरोप लगाया गया है। शहर उपाध्यक्ष असलम ने मंगलवार को पद से इस्तीफा दे दिया। वरिष्ठ नेता संजय तिवारी ने भी टिकट वितरण में मनमानी पर नाराजगी जाहिर की है।

## सपा के मेयर प्रत्याशी ने किया व्यापक जनसम्पर्क

**जनसंपर्क**

**शहर का विकास कर सर्वोत्तम सिटी बनाने हेतु माँगा जन समर्थन**

**शिवकुटी में पार्षद प्रत्याशी के कार्यालय का फीता काट किया उद्घाटन**

**प्रयागराज।** मेयर पद के सपा उम्मीदवार अजय कुमार श्रीवास्तव ने आज सुबह कंपनी बाग में मार्निंग वाकर्स से मिलकर एवं दोपहर में कटरा मार्केट में व्यापक जनसम्पर्क कर समर्थन की अपील की। सपा प्रत्याशी ने शहर में साफ सफाई, स्वास्थ्य सुविधाएं एवं पेयजल आदि की किल्लत को दूर करने केसाथ ही गृहकर, जलकर में शहर वासियों को राहत देकर सर्वोत्तम सिटी बनाने का वादा किया।

शिवकुटी क्षेत्र से सपा के पार्षद प्रत्याशी गौरव वर्मा के कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन भी किया। शाम को नैनी क्षेत्र के खान चौराहे पर फैसल नसीम द्वारा आयोजित रोजा इफ्तार में भी शरीक हुए।

इन मौकों पर प्रमुख रूप से सपा के जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, निवर्तमान प्रदेश महासचिव श्यामलाल पाल, संदीप यादव, अखिलेश गुप्ता, कमला यादव, दिलीप चौरसिया, पदमा यादव, अमर दीप गुप्ता, सुमित, सचिन श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, सुरेश हेला, राजू श्रीवास्तव, अजहर, खिन्नी पासी, वीरेंद्र आदि मौजूद रहे।



जनसंपर्क करते मेयर प्रत्याशी


## कार्यालय ग्राम पंचायत रसूलपुर बदले वि0खं0 मूरतगंज, जनपद कौशाम्बी

**अल्प कालिक निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रसूलपुर बदले विकास खण्ड मूरतगंज जनपद कौशाम्बी में 15वॉ वित्त आयोग, 14 वॉ वित्त आयोग, पंचम राज्य वित्त योजना, मनरेगा योजना, कायाकल्प योजना, राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौंचालय निर्माण मरम्मत, स्वच्छता व नाली निर्माण मरम्मत, खड़ंजा निर्माण, हैंडपम्प मरम्मत, रिबोर, इण्टर लाकिंग, पंचायत भवन मरम्मत, आंगनवाड़ी केन्द्र निर्माण व मरम्मत, सोलर लाइट पम्प, सेनेटाइजर कार्य, सोक्ता गड्ढा, व अन्य कार्यों में उपयुक्त होने वाली सामाग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों द्वारा दिनांक 20-04-2023 से 27-04-2023 तक सील बंद निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 28-04-2023 को समय दोपहर 12.00 बजे पंचायत भवन में उपस्थित फर्मों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। सामाग्री की मात्रा पंचायत में स्वीकृत प्राकलन के अनुसार पृथक-पृथक होगा।

**राम लौटन**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रसूलपुर बदले
वि0खं0 मूरतगंज
जनपद कौशाम्बी।

**रामकृत राम**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत रसूलपुर बदले
वि0खं0 मूरतगंज
जनपद कौशाम्बी।

पत्रांक-मेमो/वितीय वर्ष 2023-24 दिनांक-19/04/2023

## संक्षेप

### युवक को पीट तोड़ दिया हाथ

**कौशाम्बी।** कोखराज कोतवाली के राला निवासी धीरेन्द्र कुमार का पड़ोसी अजय से मंगलवार की शाम मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद आरोपित ने धीरेन्द्र को पीटते हुए उसका हाथ तोड़ दिया। युवक के चीखने पर घर परिवार के साथ मोहल्ले के अन्य लोग भागकर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर आरोपित कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। पुलिस ने पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराते हुए आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### 120 लीटर शराब के साथ नौ लोग बंदी

**कौशाम्बी।** नगर निकाय चुनाव से पहले जिले की पुलिस ने शराब कारोबारियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पुलिस अभियान चलाकर शराब बनाने वालों ने पकड़ रही है। मंगलवार की रात जिले की पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए नौ लोगों के पास से 120 लीटर महुआ की शराब बरामद किया। यह वह कारोबारी है तो घर में शराब बनाकर इलाके में बेंचने का काम करते थे।पुलिस ने सभी को जेल भेज दिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से शराब कारोबारियों में हडकंप मचा हुआ है।

# आटो पलटा, परदेशी बाबू की मौत, दो गंभीर

**चायल, कौशाम्बी।** मुम्बई से कमाकर लौट रहा एक परदेशी बुधवार को सड़क हादसे का शिकार हो गया। हुआं यूं कि प्रयागराज स्टेशन में उतरने के बाद घर पहुंचने के लिए अप्पे में बैठ गया। अप्पे जैसे ही मनौरी पावर हाउस के समीप पहुंचा कि अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में परदेशी बाबू की मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं घायल बताई जा रही हैं।

बता दें कि सरांयअकिल थाना क्षेत्र के तरना गांव निवासी अरविन्द कुमार पुत्र वंशी लाल मुम्बई में रहकर कमाई करता है। बुधवार को वह अपने घर आ रहा था। मनौरी पावर हाऊस के पास आटो पलट जाने से उसकी मौत हो गई। जबकि सुशीला देवी पत्नी पप्पू,सवित्री देवी पत्नी शिवप्रसाद गंभीर रूप से घायल बताई जा रही हैं, जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं घटना की जानकारी होने पर परिवारीजन अस्पताल पहुंच गए थे। उधर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम का माहौल व्याप्त रहा।



घटना के बाद रोते परिजन

# मंझनपुर नगर पालिका : विभीषणों से जूझती भाजपा

**बगावत**

### टिकट कटने से बगावत की जमीन तैयार कर रहे बागी

**कौशाम्बी।** द्वाबा में नगर निकाय चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। कभी आरक्षण तो कभी उम्मीदवारों के चयन का पेंच फंसता रहा। नई आरक्षण नीति ने कई दिग्गजों के अरमानों पर पानी फेर दिया। सत्तासीन दल का गुणगान गाने वाले नेता अब बागी बनकर चुनावी समर में छलांग लगा दिए है। ऐसे में अब भाजपा के लिए चुनावी बैतरणी अपने ही डुबों सकते हैं। इसके पीछे पार्टी के कद्दावर नेताओं की भूमिका अहम मानी जा रही है।

चार मई को दोआबा की दो नगर पालिका व आठ नगर पंचायतों में चुनाव होना है। मंझनपुर व भरवारी में पहली बार नगर पालिका का चुनाव होने जा रहा है। सबसे दिलचस्प चुनाव नगर पालिका मंझनपुर का होगा। यहां पर पार्टी दिग्गजों की स़ाक दांव पर लग गई है। एक तरफ सत्तारूण दल की साक फंस गई है तो





वहीं दूसरी ओर सपा विधान सभा चुनाव का परिणाम दोहराने के लिए बेताब दिख रही है। टिकट बटवारे ने दोनों दलों के समीकरण को बिगाड दिया है। टिकट की लाइन में लगे पार्टी के प्रबल दावेदारों को टिकट नहीं मिला तो बगावत करते हुए निर्दल उम्मीदवार बन मैदान में उतर गए है। इसके अलावा सपा व भाजपा के विभीषण भितरघात की जमीन तैयार करना शुरू कर दिया है। दलीय विभीषण पार्टी की नैया पार लगाएगें या फिर उसे डुबोएगें; इसे लेकर सियासी गलियारे में चर्चाओं का बाजार गरम हो गया है।

### सभी ने एक पर ही किया विश्वास!

**कौशाम्बी।** अकेले नगर पालिका मंझनपुर की ओर निगाह डाली जाए तो टिकट बंटवारे के बाद यहां चुनावी तश्वीर कुछ अलग ही देखने को मिल रही है। बात करें दलों की तो भाजपा, सपा, बसपा, आप पार्टी ने सरोज बिरादरी पर ही विश्वास जमाया है। ऐसे में पार्टी के लिए अर्से से काम कर रहे अन्य जातियों के दावेदारों में इस बात का मलाल जरूर देखने को मिल रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि जिले की जो दो पालिका सीटें है उसमें सपा, भाजपा ने सरोज कार्ड ही खेला है, इसके पीछे पार्टी की भले ही जो नीति हो लेकिन टिकट की लाइन में रहे अन्य जाति के दावेदारों में कुछ तो मुखर होकर बगावत शुरू दिया है तो कुछ पार्टी में रहकर अंदर ही अंदर भितरघात की जमीन भी तैयार करना शुरू कर दिए हैं। बहरहाल कुछ भी हो टिकट बंटवारे के बाद भितरघातिए दिग्गजों की मंशा पर पानी जरूर फेर सकते हैं।

### जातीय समीकरण तय करेगा ताज

**कौशाम्बी।** वैसे तो द्वाबा में हुए विधान सभा चुनाव की तश्वीर किसी से छिपी नहीं हैं। ऐसे में निकाय चुनाव के टिकट बंटवारे के बाद से सियासत भी तेज हो गई है। एक तरफ सियासी दल तो दूसरी तरफ निर्दल उम्मीदवारों ने जातीय समीकरण को मोहरा बनाते हुए सीट पर कब्जा करने की कवायद भी तेज कर दिए हैं। बहरहाल कुछ भी हो सत्तारूढ पार्टियों की गुणागणित में मंझनपुर नहीं भरवारी के साथ-साथ अन्य नगर पंचायतों का भी जातीय समीकरण बिगड़ दिख रहा है।

# निष्पक्ष, पारदर्शी हो निकाय चुनाव : डीएम

## पीठासीन अधिकारियों को जिलाधिकारी ने दिये निर्देश

**कौशाम्बी।** कलक्ट्रेट उदयन सभागर में बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकार सुजीत कुमार ने नगर निकाय चुनाव की सफलता को चुनाव से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक किया। इस दौरान उन्होंने साफ निर्देशित किया कि निकाय चुनाव पूरे निष्पक्ष, पारदर्शी कराया जाए। इतना ही नहीं उन्होंने एम.वी कान्वेन्ट स्कूल एवं कॉलेज, ओसा में पीठासीन अधिकारियों को दिये जा रहें प्रशिक्षण का भी निरीक्षण कर जायजा लिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने पीठासीन अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप लोग गम्भीरता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए सभी प्रक्रियाओं की जानकारी भली-भॉति प्राप्त कर, दिये गये दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें तथा जिम्मेदारी पूर्वक अपने दायित्यों एवं कर्तव्यों का निर्वहन करें। निर्वाचन में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने पीठासीन अधिकारियों को मतदान निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के निर्देश दिये। उन्होंने पीठासीन अधिकारियों को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये अधिकारों एवं कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पीठासीन अधिकारी को मजिस्ट्रेट की पावर होती है। इसके साथ ही उन्होंने पार्टी रवानगी से पूर्व आवश्यक तैयारियॉ एवं मतदान के दौरान की जाने वाली कार्यवाहियों आदि की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रभारी अधिकारी कार्मिक डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



चुनाव से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी

### पड़ोसी ने युवक को दौड़ाकर पीटा

**कौशाम्बी।** कोखराज कोतवाली के भरवारी कस्बे में मंगलवार की शाम पड़ोसी ने युवक को दौड़ाकर बेरहमी से पीट दिया। दो दिन पहले दोनों परिवार के बीच पुरानी अदावत में कहासुनी हुई थी। मारपीट देख आसपास मौजूद लोग भागकर मौके पर पहुंचे। बीच बचाव करने पर आरोपित कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुरानी बाजार भरवारी निवासी रामकृष्ण का मोहल्ले के अनिल से पुराना विवाद चल रहा है। दो दिन पहले दोनों के बीच कहासुनी हो गई। मंगलवार की शाम रामकृष्ण घर से रेलवे क्रासिंग की ओर जा रहा था। इसी दौरान आरोपित ने उसे बेरहमी से पीट दिया। मारपीट देख आस-पास मौजूद अन्य लोग घटना स्थल की ओर दौड़े। इसके बाद आरोपित युवक को शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। भुक्तभोगी की तहरीर पर पुलिस आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मारपीट की घटना के बाद से दोनों परिवार के बीच तनातनी का माहौल बना हुआ है।

# राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार समारोह में पहुंचे प्रधान अनिल शर्मा



समारोह कार्यक्रम में मौजूद लोग

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार समारोह में कौशाम्बी के भाजपा नेता व दौलतपुर कसार के ग्राम ने दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में कौशाम्बी जिले का प्रतिनिधित्व किया व देशभर से आये पंचायत के प्रतिभागियों को सम्बोधित भी किया। ग्राम प्रधान अनिल शर्मा ने इस पंचायत में कौशाम्बी जिले के प्रमुख तीर्थस्थलो- शाक्तिपीठ कडाधाम, श्री रामतीर्थ स्थल, बौद्ध स्थल, ख्वाजा कडकशाह, जैन तीर्थ स्थलआदि स्थलो का महिमा का वर्णन भी किया और पौराणिक महत्व पर भी प्रकाश डाला।उन्होंने अपने अभिभाषण में संत मलूकदास जी लिखी पंक्ति-अजगर करै न चाकरी पंक्षी करै न काज,दास मलूका कह गये सबके दाता राम पंक्ति सुनाकर खूब तालियां बटोरी यही नही उन्होंने कौशाम्बी जिले को और समृद्ध बनाने के लिए भी विशेष निवेदन किया जिससे देश और प्रदेश में कौशांबी जिले को एक अलग पहचान मिल सके।

### 23 दिसबंर को खुलें रहेंगे सभी न्यायालय

**कौशाम्बी।** जनपद न्यायाधीश ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा दिनांक 14 अप्रैल 2023 को डॉ0 भीमराव आम्बेडकर के जन्म दिवस पर अवकाश घोषित किये जाने एवं उसके एवज में किसी एक माह के चतुर्थ शनिवार को न्यायिक कार्य के लिए न्यायालय खोले जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। उन्होनें मा. उच्च न्यायालय, इलाहाबद के निदेर्शानुसार जनपद न्यायालय में माह-दिसम्बर के चतुर्थ शनिवार 23 दिसम्बर 2023 को कार्य दिवस घोषित किया है तथा इस दिवस को सभी न्यायालय खुलें रहेंगे एवं अन्य कार्य दिवसों की भॉति सभी कार्य सम्पादित किये जायेंगे।

### रंजिशन पड़ोसी ने फूंक दी युवक की गुमटी

**कौशाम्बी।** कड़ाधाम कोतवाली के मसवानी टोला निवासी शेर बहादुर ने गांव के समीप दुकान खोल रखी है। पखवारे भर पहले उसकी दुकान को किसी ने आग के हवाले कर दिया। आरोप है कि उसकी दुकान में रंजिश गांव के ही बृजेश कुमार मौर्या ने आग लगाई थी। मंगलवार को पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# पड़ोसन के घर बरपा दबंगों का कहर, की मारपीट

**दबंगई**

### पुरानी रंजिश में कहासुनी के बाद हुई मारपीट, मुकदमा दर्ज

**कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली के गौसपुर कटौहला गांव में मंगलवार की शाम दबंगों ने पड़ोसन व उसके बेटे को बेरहमी से पीट दिया। मारपीट देख मोहल्ले के अन्य लोग भागकर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर आरोपित कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। थाने पहुंची पीड़िता ने मामले की नामजद शिकायत पुलिस से की। पीड़िता से तहरीर लेकर पुलिस चार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

नंदनी देवी पत्नी अरविंद ने बताया कि पड़ोसी से उसकी पुरानी रंजिश चल रही है। दोनों के बीच कई बार छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद हो चुका है। मंगलवार को कहासुनी के बाद पड़ोसी ने साथियों के साथ घर पर धावा बोल दिया। घर में घुसकर दबंगों ने तोडफोड़ करते हुए पड़ोसन व उसके बेंटे को बेरहमी से पीट दिया। महिला को पिटता देख घर-परिवार के साथ मोहल्ले के अन्य लोग घटना स्थल की ओर दौड़े। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर आरोपित कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। पीड़िता से तहरीर लेकर पुलिस आरोपित किशन निवासी भगवतपुर समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है। मारपीट की घटना के बाद से पीड़ित परिवार सहमा हुआ है।

### संस्कृत विद्यालयों में होगा तीन माह का ब्रिज कोर्स

**कौशाम्बी।** जिले के संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा छह में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए तीन माह का ब्रिज कोर्स रेडीनेस प्रोग्राम के रूप में कराया जाएगा। बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने कहा है कि विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाओं की व्यवस्था उपयोगी होगी, इन कक्षाओं में आडियो-विजुअल सुविधाएं शासन की ओर से उपलब्ध कराई जाएगी। उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद द्वारा नवीन शिक्षा नीति 2020 के तहत पाठ्यक्रम के पुनरीक्षण को लेकर उन्होंने कहा कि दो माह में तीन बैठकें कर पाठ्यक्रम एवं पाठ्यवस्तु को अन्तिम रूप दिया जाएगा। साथ ही कहा कि केन्द्रीय संस्कृत विश्व विद्यालय के निदेशक सर्वनारायण झा की अध्यक्षता में विशेषज्ञों की एक समिति बनाई जाएगी जो 15 दिन में एक बार कार्यशाला का आयोजन कर अन्तिम रूपरेखा का निर्धारण करेंगी। संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों में संचालित प्रथमा से उत्तर मध्यमा स्तर तक के पाठ्यक्रम के संबध में कहा कि प्राचीन ज्ञान, परम्परा का संरक्षण, सम्प्रेषण एवं संवर्द्धन हो।

# 407 पीठासीन अधिकारियों ने लिया निकाय चुनाव का प्रशिक्षण

**प्रशिक्षण**

### छह कर्मिक पाए गए अनुपस्थित, डीएम ने जाहिर की नाराजगी

**कौशाम्बी।** ओसा स्थित एमवी कांवेंट एंड कालेज में बुधवार को मतदान से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनर विकास पांडेय व राकेश पांडेय द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान तकरीबन 407 पीठासीन अधिकारियों ने प्रशिक्षण लिया। मास्टर ट्रेनरों ने पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षण देते हुए मतदान से सम्बन्धित सभी पहलुओं यथा-आवश्यक स्टेशनरी प्राप्त कर मतदेय स्थल को प्रस्थान करने से पूर्व की कार्यवाही, मतदान केन्द्र की तैयारी, मतदान प्रारम्भ से पूर्व की तैयारी, मतदान अधिकारी प्रथम के कार्य, मतदाता के पहचान के लिए निर्वाचन आयोग से निर्गत फोटो पहचान पत्र के अलावा अन्य विकल्प की जानकारी, मतदान अधिकारी द्वितीय के कार्य, मतदान के दौरान उत्पन्न विशेष परिस्थितियों एवं मतदान समाप्ति के बाद की कार्यवाही सहित आदि विस्तृत जानकारियॉ दी। पीठासीन अधिकारियों को 02 पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम पाली-पूर्वान्ह 10 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली-अपरान्ह 02 बजे से 04 बजे तक प्रशिक्षण दिया गया। कुल 407 पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें प्रथम पाली में 211 एवं द्वितीय पाली में 196 पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में कुल 06 पीठासीन अधिकारी यथा-प्रधानाध्यापक उ.प्रा.वि नौगिरा सिराथू शारदा प्रसाद सिंह, स.अ मदरसा जामियॉ इमदादुलउलूम करारी रफी उल्ला, स.अ. प्रा.वि पट्टी परवेजाबाद कुलदीप सिंह, स.अ. प्रा.वि. किरहियापर कड़ा लोकेन्द्र सिंह व राजेश सिंह तथा स.अ पूर्व माध्यमिक विद्यालय चन्द्रसेन हेमराज अनुपस्थित पाये गये। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी प्रभारी अधिकारी कार्मिक डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुपस्थित कार्मिकों को निर्देशित किया है कि 20 अप्रैल को प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया जाता है तो उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेंगी। इस अवसर पर सहायक प्रभारी अधिकारीगण कार्मिक (जिला विकास अधिकारी विजय कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानन्द यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रकाश सिंह एवं जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनोज कुमार यादव) उपस्थित रहे।



मतदान कार्मिकों को सम्बोधित करते जिला निर्वाचन अधिकारी

### गांव में लगा गंदगी का अंबार

**कौशाम्बी।** गांवों की साफ-सफाई के लिए लाखों रुपए प्रतिमाह सफाई कर्मियों के मानदेय पर खर्च किया जा रहा है। लेकिन गांव गंदगी से पटे हैं। सिराथू ब्लाक के टेगांई गांव में सफाई कर्मी के नियमित नहीं आने से जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है। पानी निकासी के लिए बनाई गईं नालियां पूरी तरह से चोक हैं। ऐसे में लोगों के घरों का गंदा पानी रास्ते पर जमा रहता है। आवागमन में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

# तब होगी सुंदर हरियाली, जब होगी पौधों की रखवाली

**कौशाम्बी।** इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए चायल के तिलगोड़ी प्राथमिक विद्यालय के छात्रों ने पौधों पर एक अभियन तैयार कर बुधवार को उसका प्रदर्शन किया। अभिनय के माध्यम से प्रकाश डाला गया कि तभी आएगी सुंदर हरियाली जब होगी पेड़ पौधों की रखवाली। पेड़ पौधे हैं मानव के लिए वरदान, मत करो इसका अपमान, पेड़ लगाओ जीवन बचाओ के संदेश को जन जन तक पहुंचाने के लिए अभिनय के माध्यम से बताया कि हमें पौधारोपण के साथ-साथ उसकी सुरक्षा भी करनी चाहिए। अनावश्यक पेड़ों की कटाई नहीं किया जाना चाहिए। पेड़ दिन प्रतिदिन नष्ट होते जा रहे हैं, जिससे पर्यावरण में बुरा प्रभाव पड़ रहा है। पर्यावरण असंतुलित हो रहा है, जल संकट भी गहराता जा रहा है। इसलिए पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए अधिक से अधिक पौध रोपण करें। अभिनय के माध्यम से संदेश देने वाले छात्र निसार उल हक अंसारी, विकास, अंकुश, मीत गुप्ता, उज्जवल सिंह, सनी सिंह रहे। अभिनय कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक डॉ. राम नेवाज सिंह सहित सभी शिक्षिकाएं, शिक्षामित्र व बच्चे उपस्थित रहे।



अभिनय कर पेड़ों की महत्ता को दर्शाते छात्र

### पड़ोसन ने पड़ोसन को दी जान से मारने की धमकी

**कौशाम्बी।** चरवा कोतवाली के चरवा गांव की मंजूसा पत्नी संजय का पड़ोसन अर्चना पांडेय से मंगलवार की शाम मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। तीखी झड़प के बाद अर्चना मारपीट पर उतारू होते हुए पीड़िता को जान से मारनेकी धमकी दे डाली। महिलाओं के बीच नोक-झोक देख मोहल्ले के अन्य लोगों ने बीच-बचाव करते हुए मामला शांत कराया। देर शाम पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित अर्चना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# दंपती को पीट हमलावरों ने की हवाई फायरिंग

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के कुन्नूपुर डोरमा गांव में दंपती को पीटते हुए हवाई फायरिंग करना हमलावरों को महंगा पड़ा। घटना के दो महीने बाद मंगलवार को पुलिस ने अदालत के आदेश पर आरोपितों के खिलापु मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मुकदमा दर्ज होने के बाद 2से आरोपित घर छोड़कर फरार है। कुन्नूपुर डोरमा गांवकी रंजनी देवी पत्नी राम सुग्गन ने बताया कि पड़ोसी गांव अंबाई बुजुर्ग निवासी मेवालाल से उसके परिवार की पुरानी रंजिश चल रही है। 20 फरवरी को इसी अदावत में आरोपित ने साथियों के साथ उसके घर पर धावा बोल दिया। घर में घुसकर तोडफोड़ करते हुए आरोपितों ने दंपती को बेरहमी से पीट दिया। मारपीट में महिला का हाथ भी टूट गया। आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की नियत से तमंचे से फायर भी किया। पीड़िता ने नामजद शिकायत पुलिस से किया पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं किया। इलाकाई पुलिस से न्याय नहीं मिलता देख पीड़िता ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। अदालत के आदेश पर मंगलवार को पुलिस ने आरोपित मेवालाल समेत आधा दर्जन हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### पांच जुआरियों को पकड़ पुलिस ने भेजा जेल

**कौशाम्बी।** कड़ाधाम कोतवाली पुलिस ने मंगलवार की रात फरीदगंज गांव के समीप जुआं खेल रहे पांच जुआरियों को धर दबोचा। पुलिस ने जुएं की फड से 18 हजार रूपए नकदी के साथ ताश के पत्ते बरामद किया है। पकड़े गए जुआरी उमेश निवासी दारानगर, राजेश निवासी फरीदगंज, खंटू निवासी अटसराय, धीरेन्द्र, जितेन्द्र निवासी बनपुकरा सैनी बताए गए है। बताया जा रहा है कि आरोपित पेशेवर जुआरी है। रोजाना जुए की फड में हजारों रूपए का दांव लगाते है। पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए सभी आरोपितों को जेल भेज दिया है।

# पड़ोसी के घर बरपा दबंगों का कहर, कुनबे को पीटा

### शिकायत पर दी जान से मारने की धमकी, आरोपितों पर केस दर्ज

**कौशाम्बी।** महेवाघाट कोतवाली के घोघ का पुरवा गांव में दबंगों ने मंगलवार की शाम पड़ोसी के घर जमकर तांडव किया। घर में घुसकर तोड़फोड़ करते हुए कुनबे को बेरहमी से पीट दिया। चीख पुकार सुन मोहल्ले के अन्य लोग घटना स्थल की ओर दौड़े। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर आरोपित कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

घोघ का पुरवा निवासी शंकर लाल गरीब मजदूर है। पट्टीदारों से उसकी रंजिश चल रही है। बताया कि मंगलवार की शाम पड़ोसी पट्टीदार उससे भिड़ गए। कहासुनी के बाद पड़ोसी ने परिवार के साथ मिल घर पर धावा बोल दिया। घर में घुसकर तोड़फोड़ करते हुए आरोपितों ने कुनबे को बेरहमी से पीट दिया। पड़ोसी के घर चीख सुन घर-परिवार के साथ मोहल्ले के अन्य लोग घटना स्थल की ओर दौड़े। ग्रामीणों को देख आरोपित कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने घायलों का प्राथमिक उपचार कराने के बाद पीड़ित की तहरीर पर आरोपितर मथुरा, सरेन्द्र कुमार, सुनील कुमार समेत आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### दबंगों ने युवक को पीटकर किया अधमरा

**कौशाम्बी।** कोखराज कोतवाली के नवीपुर गांव में मंगलवार की शाम दबंगों ने पड़ोसी युवक को बेरहमी से पीट दिया। दोनों परिवार के बीच जमीनी विवाद चल रहा था। मारपीट देख मोहल्ले के अन्य लोग घटना स्थल की ओर दौड़े। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर आरोपित कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। पुलिस ने घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है। नवीपुर निवासी जगजीत लाल का पड़ोसी दशरथ से जमीनी विवाद चल रहा है। दोनों के बीच कई बार कहासुनी हो चुकी है। मंगलवार को कहासुनी के बाद पड़ोसी ने बेटों के साथ मिल घर पर धावा बोल दिया। घर के बाहर बैठे जगजीत को दबोचते हुए आरोपितों ने बेरहमी से पीट दिया। युवक को पिटता देख घर-परिवार के साथ गांव के अन्य लोग घटना स्थल की ओर दौड़े। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर आरोपित कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराते हुए मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। दबंगों की पिटाई के बाद से पीड़ित युवक डरा-सहमा हुआ है।

## संक्षेप

### नारी सशक्तीकरण के रूप में मनाया जाएगा विधायक मोना का जन्म दिन



**प्रतापगढ़।** लालगंज की विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के जन्मदिन पर आज बीस अप्रैल, गुरूवार को नारी सशक्तीकरण के तौर पर मनाया जाएगा। इस मौके पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। बाबा घुइसरनाथ धाम में विधायक के जन्मदिन पर प्रातः नौ बजे हवन पूजन तथा सांस्कृतिक सभागार में परिचर्चा होगी। वहीं सांगीपुर सीएचसी में मरीजों को फल भी वितरित किया जाएगा। उक्त जानकारी कार्यक्रम के संयोजक अधिवक्ता शैलेन्द्र मिश्र व मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

# गोली लगने से मेडिकल स्टोर संचालक की मौत

**प्रतापगढ़।** मेडिकल स्टोर संचालक की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा। महेशगंज थाना क्षेत्र के हीरागंज बाजार के रहने वाले अभिषेक पांडेय उर्फ सोनू 35 पुत्र गिरिशा शंकर पांडेय ने हीरागंज बाजार में मेडिकल स्टोर की दुकान खोल रखी है। बुधवार को उसकी पत्नी रश्मि बच्चों के साथ अपने पुराने घर मसवन गई थी। दोपहर में अभिषेक घर में अकेला ही था। चर्चा है कि युवक ने अपने पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मार लिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पड़ोसियों ने फायर की आवाज सुनकर अभिषेक के घर वालों को फोन कर बताया। परिजनों के पहुँचने पर सामने का नजारा देखकर दहाड़ मारकर रोने लगे।। गोली लगने से अभिषेक मृत अवस्था में घर के अंदर पड़ा हुआ था। सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को बाहर निकालकर पीएम के लिए भेज दिया। इस संबंध में सीओ सदर अमर नाथ गुप्ता का कहना है कि गोली लगने से युवक की मौत हुई है। गोली कैसे चली है, इसकी अभी जांच की जा रही है। बताया गया कि करीब दो वर्ष पूर्व दो पुत्रियों के बाद अभिषेक को एक पुत्र हुआ था। लेकिन बीमारी से पुत्र की मृत्यु हो गई थी। पुत्र की मृत्यु के बाद से अभिषेक अवसाद में रहने लगा था और उसका इलाज भी चल रहा था।



मृतक की फाइल फोटो

# दो किलोमीटर में फैली आग से कई बीघे गेहूँ की फसल जलकर राख, किसान मायूस

**प्रतापगढ़।** कंधई थाना क्षेत्र के वारीकला, बरहूपुर व नारायणपुर गॉवों में लगभग दो किलोमीटर के दायरे में फैली आग से कई बीघे गेहूँ की फसल जलकर राख हो गई। तीनों गॉवों का सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण किसानों के सटे खेत में गेहूँ की फसल पक कर तैयार हो चुकी थी। किसान फसल काटने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच गेहूँ के खेत में आग लग गई। दूर दराज घर होने के चलते दोपहर में लगी आग पर किसी की नजर नहीं गई। तेज हवा के कारण आग फैलती गई। एक खेत से दूसरे खेत में आग तेजी से फैलने लगी। तेज उठते धूएं से ग्रामीणों की नजर गई तो हल्ला मच गया। गांवों के लोगों को एक दूसरे को फोन से सूचना दी गई। ग्रामीण अपने खेतों की तरफ भागे आग बुझाने का प्रयास किया जाता रहा। फायर ब्रिगेड भी सूचना पर पहुंची। फायर ब्रिग्रेड के टैंकर से पानी खत्म हो गया तो पम्पिंग सेट चलाकर आग पर काबू पाया गया। शाम तक तीनों गॉवों के किसानों की दो किलामीटर में फैले बीघों गेहूँ की फसल जलकर राख हो गई। कई किसानों के खेत एक ही स्थान पर होने के कारण पूरी की पूरी फसल जल गई। तैयार फसल जलने से किसानों के चेहरों पर बदकिश्मती की मायूसी देखी गई।

## आग जलाकर निकाली शहद, फैली आग से वाहन समेत सामान जले

**प्रतापगढ़।** बाग में आग जलाकर कुछ अज्ञात युवकों द्वारा शहद निकालते समय आग फैल गयी। बाग के समीप एक दुकान के सामने ड्रम में रखे तेल को भी आग ने अपनी गिरफ्त में ले लिया। सांगीपुर थाना के दीवानगंज बाजार में बाग में कुछ युवक शहद निकालने गये थे। आग जलाकर युवक शहद निकालकर वहां से चले गये। आग बाग में खरपतवार में फैल गयी। लोगों ने आग की लपटें देखकर शोर मचाया और आग बुझाने का जतन करने लगे तब तक आग फैलते हुए एक जनरेटर व मैजिक मे भी पहुंच गयी। सूचना मिलने पर सांगीपुर से फायर बिग्रेड पहुंची और आग पर काबू पाया। घटना को लेकर मैजिक वाहन स्वामी राजेश मिश्र ने अज्ञात युवकों के खिलाफ सांगीपुर थाने मे तहरीर दी है। सांगीपुर पुलिस ने बताया कि जांच कर दोषियों की पहचान कर कडी कार्रवाई की जाएगी।



आग बुझाने का प्रयास करते दमकलकर्मी

# दिन में जुआ रात में अपराध, नशेड़ी युवाओं से हप्ता लेने का पुलिस पर आरोप

**प्रतापगढ़।** शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में एकांत स्थानों व जंगलों में दिन भर युवाओं द्वारा जुआ खेला जा रहा है। संचालकों द्वारा सजाए गए जुए की फड़ पर लाखों का वारा न्यारा होता है। नशे की आदी युवा दोपहर होते ही जुआ स्थलों पर पहुंच जाते हैं। जहॉ देश शाम तक जुए का खेल खेला जाता है। संचालकों द्वारा जुआड़ियों की सुरक्षा व देखभाल की जिम्मेदारी ली जाती है। इसके लिए संचालक स्थानीय पुलिस की आवाभगत करता है। जुआ.संचालक प्रतिदिन हजार अथवा लाख की बोली लगाकर जुआड़ियों की सुरक्षा के लिए दूर बैठकर लोगों के आने जाने पर नजर रखता है। जुआड़ियों की बातों पर यकीन किया जाए तो खेल के लिए पुलिस सप्ताह वसूल करती है। जुए में हारे नशे के आदी युवा पैसे के लिए शाम अथवा रात में राहजनी, छिनैती, लूट आदि घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। कुछ युवा जिनके माता पिता नहीं है अपनी जमीने भी बेंच दिए हैं। हार में बेइमानी पर जुआड़ियों की हत्याएं भी हो चुकी है। अंतू थाना क्षेत्र के ईसीपुर गॉव के जंगल में वर्षों से जुए की फड़ सज रही है। इसके लिए गड़वारा पुलिस चौकी को सप्ता दिया जा रहा है। नगर कोतवाली के बिहारगंज के दक्षिण दिशा में जंगल में भी पूरे दिन जुआ खेला जा रहा है। इसके अलावा शहर व जिले के अन्य थाना क्षेत्रों में पूरे दिन जुए का खेल हो रहा है। कई बार जुवाड़ियों द्वारा आपस में हत्याएं भी हो चुकी हैं।



## मादक पदार्थों की भी युवाओं द्वारा की जाती है तस्करी

जुआ खेल रहे युवाओं द्वार पैसा कमाने के कई गैरकानूनी धंधे हैं। बड़े पैमाने पर अवैध शराब, गांजा, भांग, चरस आदि मादक पदार्थ की सप्लाई तस्करों द्वारा जिले में वर्षों से हो रही है। ग्रामीण इलाकों में मादक पदार्थों की सप्लाई के लिए जुआड़ी युवा बड़े तस्करों के लिए सप्लाई का काम करते हैं। बाइक या साइकिल से नशेड़ी युवा डिमांड पर शौकीनों के घरों व उनके बताए स्थलों पर मादक पदार्थों की सप्लाई दे रहे हैं। बड़ी घटनाओं पर की जाती है सख्ती- जिले में काई बड़ी घटना घटित होने पर जुआड़ियों पर सख्ती पुलिस करती है। क्षेत्रीय पुलिस को मालूम रहता है कि कौन युवा किस किस्म का है। जेल में वापसी के बाद नशेड़ी युवा पुनः उसी धंधे में शामिल हो जाते हैं। इस धंधे में शामिल युवा यदि जेल गया है तो उसके छुड़ाने का काम मादम पदार्थो के तस्कर व जुए के संचालक ही करते हैं। कुल मिलाकर गैर कानूनी काम करना ऐसे युवाओं का हर रोज सगल बन चुका है।

# मतदान कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

**प्रशिक्षण**

### महत्वपूर्ण बातों की विस्तार से दें जानकारी : सीडीओ

**प्रतापगढ़।** नगर निकाय चुनाव में लगे कर्मचारियों को बुद्धवार को शहर के संत एंथोनी इण्टर कालेज में मतदान संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रथम पाली में पीठासीन और द्वितीय पाली में प्रथम मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण संपंन हुआ। कार्मिक अधिकारी सीडीओ ईशा प्रिया ने मास्टर ट्रेनर्स से कहा कि मतदानकार्मिकों को चुनाव संबंधी सभी बारीकियों को बाखूबी जानकारी दे दें। ताकि चुनाव के समय कार्मिकों के सामने किसी प्रकार की समास्या न उत्पन्न हो। उन्होंने बताया कि चुनाव का समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे रखा गया है। सीडीओ ने बताया कि एक ही बैलट बॉक्स में अध्यक्ष व वार्ड मेंबर के मतपत्र एक साथ डाले जाएंगे। मतदान केन्द्रों पर कोई भी न तो धूम्रपान करेगा और न ही मोबाइल लेकर जाएगा। गड़बड़ी करने वालों को पुलिस के हवाले किया जायेगा। एक मतदेय स्थल पर पीठासीन, प्रथम, द्वितीय व तृतीय मतदान अधिकारियों की तैनाती की गई है। पीठासीन अधिकारियों को अपनी पार्टी का पूरा विवरण रखना होगा। प्रशिक्षण के प्रथम पाली में 658 पीठासीन व द्वितीय पाली में भी 658 प्रथम मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण संपंन हुआ। इस मौके पर एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, बीएसए भूपेन्द्र सिंह, एडीएम राम नारायण यादव, प्रधानाचार्य डा0 विन्ध्याचल सिंह, डा0 सालिग राम प्रजापति, मो0 अनीस, एएन द्विवेदी, सुशील सिंह आदि अधिकारी व मास्टर ट्रेनर मौजूद रहे।



सीडीओ ईशा प्रिया

### कॉग्रेस मजबूती से लड़ेगी निकाय चुनाव-डा0 लालजी त्रिपाठी

**प्रतापगढ़।** बुद्धवार को कॉग्रेस के शहर स्थित कार्यालय पर कॉग्रेसियों ने बैठक कर निकाय चुनाव की रणनीति बनाई। जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी ने कहा कि कॉग्रेस मजबूती से नगर निकाय चुनाव लड़कर जीत दर्ज कराएगी। मतदाताओं के बीच प्रत्याशियों की पहुंच आदि के बारे में विचार विमर्श कर कार्यकताओं को निर्देश दिया। जिलाध्यक्ष को पूरा भरोसा है कि नगर पालिका अध्यक्ष समेत अधिकांश वार्डों में उनके पार्टी के उम्मीदवार चुनाव जीतेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशी ज्योति कुमार तिवारी ने कहा कि हम सभी वार्ड के प्रत्याशी के साथ जनता के बीच जाकर जनता के समर्थन से जीत दर्ज करेंगे। इस मौके पर डा0 नीरज त्रिपाठी, प्रशांत देव शुक्ल, महेन्द्र शुक्ल, वेदांत तिवारी, राम रतन तिवारी, आशुतोष त्रिपाठी, मो0 इश्तियाक, सुशील तिवारी, रामधन यादव, मो0 विलाल, विश्वास सिंह आदि मौजूद रहे। बैठक का संचालन अरफान अली ने किया।

# डीएम ने किसानों की समस्याओं को दूर करने के लिए खुलवाया कंट्रोल रूम

### मोबाइल के जरिये किसान अधिकारियों को अपनी समस्या बताएंगे जिसका समाधान किया जाएगा

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने गेंहू खरीद में किसानों को आ रही समस्या को देखते हुए कंट्रोल रूम खुलवाया है। जिले में खाद्य विभाग, भारतीय खाद्य निगम एवं पीसीएफ के विभिन्न गेहूँ क्रय केन्द्रों पर समर्थन मूल्य दिलाये जाने के लिए किसानों को सहूलियतें दी गयी है। किसानों की विभिन्न समस्याओं, प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए जिला स्तर व तहसील मुख्यालयों पर कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है। डीएम ने इन कंट्रोल रूमों पर अधिकारियों की तैनाती की है। मोबाइल के जरिये किसान अधिकारियों को अपनी समस्या बताएंगे जिसका समाधान किया जाएगा। डीएम ने बताया कि गेहूं का समर्थन मूल्य 2125 रु0 प्रति कुन्तल रखा गया है। स्थापित कन्ट्रोल में सम्पर्क करने वाले कृषकों का मोबाइल नम्बर व तिथि अंकित किया जायेगा तथा खरीद सम्बन्धी शिकायत का निस्तारण केन्द्र प्रभारी के माध्यम से कराते हुये विवरण रक्षित किया जायेगा।



जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल

# न्याय दिलाने में अधिवक्ताओं का योगदान आवश्यक : सिविल जज

**कार्यक्रम**

### कार्यक्रम की अध्यक्षता आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश पाण्डेय ने किया

**प्रतापगढ़।** लालगंज सिविल न्यायालय सभागार में बुद्धवार को अधिवक्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सिविल जज कुंवर दिव्यदर्शी ने संयुक्त अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सम्मानित कोय। उन्होंने बार एवं बेंच के सौहार्दपूर्ण सम्बन्धों पर जोर दिया। सिविल जज ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुवेर्दी, उपाध्यक्ष लाल विनोद प्रताप सिंह, महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल व कोषाध्यक्ष राजेश द्विवेदी तथा प्रचार मंत्री निलेश त्रिपाठी को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। उन्होनें अधिवक्ताओं से कहा कि जरूरतमंद को पूर्ण न्याय दिलाने के लिए बार एवं बेंच को मिलकर न्यायिक कामकाज का वातावरण बनाना होगा। अदालतों का ध्येय पीड़ित को सही समय पर न्याय देना है। अध्यक्ष अनिल महेश ने सम्मान पर आभार जताते हुए वादकारी हितों के लिए सहयोग देने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश पाण्डेय ने किया। अधिवक्ता जीतेन्द्र सिंह, सतेश सिंह, विपिन शुक्ल, टीपी यादव ने भी बार और बेंच के मिशन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर पूर्व उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र तिवारी, महेश पटेल, शशि शेखर पाण्डेय, प्रमोद तिवारी, जान्हवी प्रताप सिंह, विभाकर शुक्ल आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



अधिवक्ता सम्मान समारोह में सम्मानित अधिवक्ता



पुलिस की गिरफ्त में चोर

## पुलिस को चोरों ने बताया, चोरी ही हमारी कमाई का जरिया

**प्रतापगढ़।** लालगंज पुलिस ने बुद्धवार को चार ऐसे चोरों को पकड़ा जिन्होंने पुलिस को बताया कि चोरी ही हमारी कमाई का जरिया है। हमारे पास पैसा खत्म हो जाता है तो सभी मिलकर येजना बनाते हैं। टारगेट सेट कर अपनी कमाई के लिए काम कर जाते हैं। पकड़े गए चोरों के पास से लालगंज पुलिस ने चोरी की बाइक, तंचमा, कारतूश, गैशकटर मशीन बरामद की है। पकड़े गए चोर नितिन सरोज पुत्र शिवलाल, राज सरोज पुत्र विध्यादीन निवासी कान का पुरवा बेलहा लालगंज व राजू गौतम पुत्र राजाराम तथा बृजेश गौतम पुत्र जीतलाल निवासी हिरऊ का पुरवा लालगंज ने पुलिस को अपने कारनामे बताए। चोरों ने बताया कि हम लोग चोरी की बाइक से चोरिया करते हैं। चोरी के सामान से जो पैसा मिलता है उससे अपना खर्च चलाते हैं। पकड़े जाने के डर से हम लोग बाइक पर लगी नम्बर प्लेट तोड़कर फेंक देते हैं।



रोजा इफ्तार पार्टी में उपस्थित रोजेदार

# रोजा इफ्तार में मांगी सलामती की दुआ

**प्रतापगढ़।** लालगंज के सगरा सुंदरपुर बाजार में रमजाने पाक के मुकददस महीने में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। मंगलवार की शाम बाजार में इफ्तार पार्टी में इलाके की बरक्कत व सलामती के लिए दुआ मांगी गयी। इफ्तार पार्टी के आयोजक फकरूल हसन ने रोजा इफ्तार में शामिल लोगों के प्रति आभार जताया। इफ्तार के संयोजक व्यापार मण्डल अध्यक्ष जाकिर अली ने पार्टी में शामिल होने आये लोगों का खैरमकदम किया। इफ्तार पार्टी मे वाहिद अली, साकिर अली, वासिद अली, मो. अकरम, मो. इसरार, नासिर अली, मो. अनस, मो. अयान, मो. कैफ आदि शामिल रहे।

### लोक अदालत में निपटेंगे पारिवारिक झगड़े



**प्रतापगढ़।** आगामी 13 मई को होने वाली लोक अदालत के संबंध में बुधवार को कुटुम्ब न्यायालय प्रधान न्यायाधीश सुरेश चन्द्र आर्या की अध्यक्षता में प्री0 ट्रायल बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रधान न्यायाधीश ने आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक वादों से सम्बन्धित मामलों को पक्षकारों की सहमति व सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक पारिवारिक मुकदमों का निपटारा कराने में सहयोग की अपेक्षा की। बैठक का संयोजन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल द्वारा किया गया। बैठक में पारिवारिक वादों से सम्बन्धित अधिवक्ता मध्यस्थ आदि उपस्थित रहे।

### मौसमी बीमारियों से बचाव की दी जानकारी



**प्रतापगढ़।** प्रशासन के निर्देश पर विद्यालयों में संचारी रोगों से निपटने के लिए छात्र-छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है। बृद्धवार को जिले के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाचार्यों व शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को मौसमी बीमारियों से बचने के उपाए सुझाए गये। प्रधानाचार्यो ने बच्चों को बताया कि गर्मियों के मौसम में चेचक, कोरोना वायरस, मलेरिया आदि संचारी बीमारियां तेजी से फैलती है। इसके लिए घरों के आसपास पानी न रूकने दें। कीटाणु नाशक दवाओं का छिड़काव करना चाहिए। फैल रहे कोरोना से बचने के लिए बच्चों को सोसल डिस्टेसिंग की भी जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य डा0 विन्ध्याचल सिंह, रमेश मिश्र, अंसार अहमद, सालिगराम प्रजापति, राकेश मिश्र आदि प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने बच्चों को संचारी रोग से बचने के तरीकों को बताया।

# कंस वध व द्वारिकापुरी की कथा भजनों पर झूमे श्रद्धालु

### कथा व्यास ने बताया कि भगवान विष्णु के पृथ्वी लोक में अवतरित होने के प्रमुख कारण थे, जिसमें एक कारण कंस वध भी था

**प्रतापगढ़।** कोहंडौर थाना क्षेत्र के अमिलहा गांव में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा के छठवें दिन कथा व्यास पं0 प्रमोद कुमार मिश्र महाराज ने कंस वध व रुकमणी विवाह के प्रसंगों का चित्रण किया। कथा व्यास ने बताया कि भगवान विष्णु के पृथ्वी लोक में अवतरित होने के प्रमुख कारण थे, जिसमें एक कारण कंस वध भी था। कंस के अत्याचार से पृथ्वी त्राह त्राह जब करने लगी तब लोग भगवान से गुहार लगाने लगे। तब कृष्ण अवतरित हुए। कंस को यह पता था कि उसका वध श्रीकृष्ण के हाथों ही होना निश्चित है। इसलिए उसने बाल्यावस्था में ही श्रीकृष्ण को अनेक बार मरवाने का प्रयास किया, लेकिन हर प्रयास भगवान के सामने असफल साबित होता रहा। 11 वर्ष की अल्प आयु में कंस ने अपने प्रमुख अकरुर के द्वारा मल्ल युद्ध के बहाने कृष्ण, बलराम को मथुरा बुलवाकर शक्तिशाली योद्धा और पागल हाथियों से कुचलवाकर मारने का प्रयास किया, लेकिन वह सभी श्रीकृष्ण और बलराम के हाथों मारे गए और अंत में श्रीकृष्ण ने अपने मामा कंस का वध कर मथुरा नगरी को कंस के अत्याचारों से मुक्ति दिला दी। कंस वध के बाद श्रीकृष्ण ने अपने माता-पिता वसुदेव और देवकी को जहां कारागार से मुक्त कराया, वही कंस के द्वारा अपने पिता उग्रसेन महाराज को भी बंदी बनाकर कारागार में रखा था, उन्हें भी श्रीकृष्ण ने मुक्त कराकर मथुरा के सिंहासन पर बैठाया। उन्होंने बताया कि रुकमणी जिन्हें माता लक्ष्मी का अवतार माना जाता है। वह विदर्भ साम्राज्य की पुत्री थी, जो विष्णु रूपी श्रीकृष्ण से विवाह करने को इच्छुक थी। लेकिन रुकमणी जी के पिता व भाई इससे सहमत नहीं थे, जिसके चलते उन्होंने रुकमणी के विवाह में जरासंध और शिशुपाल को भी विवाह के लिए आमंत्रित किया था, जैसे ही यह खबर रुकमणी को पता चली तो उन्होंने दूत के माध्यम से अपने दिल की बात श्रीकृष्ण तक पहुंचाई और काफी संघर्ष हुआ युद्ध के बाद अंततः श्री कृष्ण रुकमणी से विवाह करने में सफल रहे। मुख्य जयमान मिथलेश मिश्रा पत्नी स्व0 नंद किशोर मिश्र रहे। इस मौके पर संदीप मिश्र, प्रमोद मिश्र, अशोक कुमार तिवारी, प्रदीप मिश्र आदि सैकड़ों भक्तगण मौजूद रहे।



प्रसंग सुनाते कथा व्यास पं0 प्रमोद कुमार मिश्र महाराज

## जनसंपादकीय

# 2021 की नगालैंड नागरिक हत्याएं: आरोपी सैनिकों को अभयदान के निहितार्थ

**दिनकर कुमार**



रक्षा मंत्रालय ने दिसंबर 2021 में नगालैंड के ओटिंग गांव में निहत्थे नागरिकों की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी 30 भारतीय सैनिकों के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। नगालैंड पुलिस ने 13 अप्रैल को कहा कि रक्षा मंत्रालय के तहत सैन्य मामलों के विभाग ने आरोपी सैनिकों के खिलाफ मुकदमा चलाने के राज्य सरकार के अनुरोध को खारिज कर दिया है।

5 दिसंबर, 2021 को सेना के 21 पैरा स्पेशल फोर्स ने कोयला खनिकों को तिरू से मोन जिले के ओटिंग गांव ले जा रही एक पिक-अप वैन पर गोलीबारी की थी, जिसमें सवार आठ ग्रामीणों में से छह की मौत हो गई थी।

नागरिकों की हत्या से गुस्साए ग्रामीणों ने सेना के जवानों पर हमला किया, जिन्होंने जवाबी कार्रवाई में उन पर गोलियां चलाईं, जिसमें सात और मारे गए। एक जवान की भी मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए।

**केंद्रीय रक्षा मंत्रालय ने 30 सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी से इनकार कर दिया है। इसके बाद नगालैंड पुलिस एक बयान में कहा है--केंद्र से अभियोजन स्वीकृति के बिना सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम के तहत क्षेत्रों में सुरक्षा कर्मियों के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकती है।**

सेना ने दावा किया था कि यह गलत पहचान का मामला था और टीम ने सोचा था कि ग्रामीण एनएसीएन उग्रवादी थे। हालांकि सेना की अपनी कोर्ट ऑफ इंक्वायरी में पाया गया कि एक मेजर रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में घात लगाकर हमला करने वाली टीम ने मानक संचालन प्रक्रिया का पालन नहीं किया और उग्रवादियों के रूप में निश्चित रूप से पहचान किए बिना ग्रामीणों पर गोलियां चला दीं।

मई 2020 में सेना ने हत्याओं की अपनी कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी पूरी की और कहा कि यह ₹गलत पहचान और निर्णय की त्रुटि का मामला₹ था।

बड़े पैमाने पर जन प्रतिरोध के बाद नगालैंड सरकार ने हत्याओं की एसआईटी जांच का आदेश दिया था। नगालैंड पुलिस की एसआईटी जांच में पाया गया कि सेना के 21 पैरा स्पेशल फोर्स ने ₹हत्या करने और नागरिकों को घायल करने के इरादे से₹ खुलेआम गोलियां चलाईं।

नगालैंड पुलिस ने 21 पैरा स्पेशल फोर्स के 30 सदस्यों को भी चार्जशीट किया था, जिसमें एक अधिकारी सहित हत्या, हत्या के प्रयास और सबूत नष्ट करने से संबंधित आईपीसी की धाराओं के तहत मामला शामिल था।

घटना के एक साल से भी कम समय के बाद केंद्रीय रक्षा मंत्रालय ने 30 सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी से इनकार कर दिया है। इसके बाद नगालैंड पुलिस एक बयान में कहा है--केंद्र से अभियोजन स्वीकृति के बिना सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम के तहत क्षेत्रों में सुरक्षा कर्मियों के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकती है। सेना की अलग कोर्ट ऑफ इंक्वायरी पूरी हो गई है, लेकिन आगे की कार्रवाई पर अभी फैसला लेना बाकी है।

घटना के बाद के हफ्तों में नगालैंड में जगह जगह विरोध प्रदर्शन हुए थे, खासकर राज्य के पूर्वी जिलों में, जहां ओटिंग पड़ता है। प्रभावशाली पूर्वी नगालैंड पीपुल्स ऑर्गनाइजेशन, जो पूर्वी नगा जनजातियों का प्रतिनिधित्व करता है, साथ ही कोन्याक जनजाति के प्रतिनिधि निकाय कोन्याक संघ ने कहा था कि वे तब तक पीछे नहीं हटेंगे जब तक कि न्याय नहीं दिया जाता और अफस्पा को हटा नहीं दिया जाता।

हालांकि कई स्थानीय लोगों का कहना है कि उबलता गुस्सा काफी हद तक दूर हो गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ग्रामीणों की ओर से सरकार के साथ मध्यस्थता करने वाले नागरिक समाज संगठन मामले को पहले की तरह सक्रिय रूप से आगे नहीं बढ़ा रहे हैं।

सैनिकों को अभयदान दिये जाने पर ओटिंग के गाँव के लोग विशेष रूप से खुद को ठगा हुआ महसूस करते हैं। ह्लयह दुखद है क्योंकि हमारे नेता अब इस पर चर्चा नहीं कर रहे हैं। प्रभावित लोगों में ज्यादातर गरीब और अशिक्षित हैं, ओटिंग छात्र संघ के अध्यक्ष और घटना में मारे गए कुछ लोगों के मित्र केपवांग कोन्याक का कहना है। नगालैंड कांग्रेस ने मामले को आगे नहीं बढ़ाने के लिए सरकार पर निशाना साधा। नगालैंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के थेरी ने कहा, कोई राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं है। भाजपा शांति की बात कर सकती है लेकिन उसने कुछ भी हासिल नहीं किया है, कांग्रेस के जीके झिमोमी ने कहा।

इसके जवाब में, नगालैंड के बीजेपी विधायक इमकोंग इमचेन ने कहा कि राज्य सरकार असहाय थी क्योंकि अफस्पा के तहत आने वाले क्षेत्र केंद्र सरकार के आदेश के अंतर्गत आते हैं। एनडीपीपी मंत्री केजी केन्ये, जिनके पास संसदीय मामलों का विभाग है, ने कहा कि कोई केंद्र या राज्य प्राधिकरण को दोष नहीं दे सकता, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को उठाया था। जुलाई 2022 में, शीर्ष अदालत ने प्राथमिकी और एसआईटी की रिपोर्ट पर कार्यवाही पर रोक लगा दी थी, जिसमें सुरक्षा बलों को अफस्पा द्वारा दी गई छूट का हवाला दिया गया था। यह निर्देश ऑपरेशन का नेतृत्व करने वाले सेना अधिकारी की पत्नी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया गया था। याचिकाकर्ता ने सैन्य मामलों के विभाग द्वारा मुकदमा चलाने की मंजूरी नहीं देने का हवाला देते हुए चार्जशीट पर रोक लगाने की मांग की थी।

**(लेखक वरिष्ठ कवि एवं पूर्वोत्तर स्थित पत्रकार हैं)**

# उधारी के जाल में फंसता भारत

## समय-संदर्भ

**विमलशंकर सिंह**



कहतें हैं कि उधारी (लोन), मनुष्य को आबाद या बर्बाद कर सकती है । अर्थव्यवस्थाएं इसकी अपवाद नहीं हो सकतीं हैं । संभल कर उधारी के दलदल में घुसे तो निकल आएंगे वरना भीतर समां जायेंगे । हमारे पडोसी देश श्रीलंका की बबार्दी, इसी उधारी के भंवरजाल में फंसने और श्रीहीन होने की कहानी बयां करती है । स्वर्ग सरीखा श्रीलंका, एचडीआई के अच्छे पायदान पर खड़ा श्रीलंका, आज उधारी के ज्वार के थपेड़े खा रहा है और भारत की तरफ निहार रहा है । दूसरी तरफ, भारत माता को दंश देकर जनमा पाकिस्तान भी, उधारी के डंक से ही आहत हुआ, बेहाल हुआ है ।लेकिन वह बेचारा तो भारत को निहार भी नहीं सकता है, टकटकी लगा भी नहीं सकता है । मुसल्सल ईमान की कहानी बनने, गढ़ने चला वो, पाकिस्तान बनने चला जो, आज उधार की ही मार से बेजार, बेहाल पड़ा हुआ है मझधार में । तो दोनों देशों की अर्थव्यवस्था की दीवारें दरक गईं उधारी के चक्कर में । तो क्या लोन लेना इतना ही खतरनाक है ? यह तो इस बात पर निर्भर करता है कि उधारी का सदुपयोग हुआ या कि दुरुपयोग ।

उधारी (लोन) की जरूरत क्यों होती है ? पूंजी की जरूरत होती है विकास के लिए और कोई इसका सदुपयोग कर अर्थव्यवस्था को खुशहाल बना लेता है तो कोई खर्च को पूरा करने के लिए हाथ फैलाता है और भिखारी बन जाता है। विकास के मार्ग पर चल पड़ी अर्थव्यवस्थाएं जैसे भारत को, अपने नागरिकों के जीवन को आबाद करने के लिए भारी पूंजी की आवश्यकता होती है ।पूंजी से यदि पूंजीगत सम्पत्तियों, आधारभूत संरचना का विकास किया गया जैसे मशीन, बांध, नहर निर्माण, यातायात व्यवस्था में सुधार, तो अर्थव्यवस्था में चार चांद लग जाते हैं । दूसरी तरफ, कुछ अर्थव्यवस्थाएं दैनिक खर्चे को पूरा करने में जैसे वेतन और पेंशन देनें में खर्च कर देती हैं उधार ली गई पूंजी को, तो बबार्दी तो लिखी ही होती है उनकी । यह तो वैसे ही है जैसे किसी ने उधार लिया और उससे शराब पी गए । तो जैसे मूलधन और व्याज दोनों ही गटक गए एक साथ, तो उधारी का भार तो बढ़ ही जायेगा । पूंजी लेकर उत्पादन क्रियाओं में उसे लगाना आवश्यक है जिससे बढ़े उत्पादन से मूलधन और व्याज दोनों लौटाया जा सके ।लेकिन उधारी लेता कौन है ? उधारी, केंद्रीय और राज्य सरकारें एवं कुछ निजी क्षेत्र भी लेते हैं । किन्तु उधारी का दाता कौन होता हैं ? उधार, देश के भीतर से या विदेश से लिया जा सकता है । तो दाता कोई भी हो सकता है, शर्त केवल एक ही होती है कि मूलधन और व्याज समय पर लौटा दिया जाय। लेकिन विदेशी कर्जे में ज्यादा जोखिम है क्योंकि विनिमय दर में उतार चढ़ाव से उधार राशि प्रभावित होने लगती है जैसा अभी भारत में। देखा जाय कि हिन्दोस्तान की अर्थव्यवस्था क्या लोन तले दब गई है या अभी जान बाकी है हमारी? क्या ऊँट, उधारी के पहाड़ के नीचे आ जायेगा ?

उधारी का चक्कर सन 1947 से बदस्तूर जारी है आज तक, विकास के नाम पर । केंद्रीय सरकार पर 31 मार्च सन 2023 तक कुल रु 15261122.12 करोड़ की उधारी की देयता थी जिसमें से आंतरिक स्त्रोतों से लिए गए ऋण का भार 96.83 प्रतिशत (रु.14777724.43 करोड़ )था और विदेशी कर्जा रु. 15261122.12 करोड़ (3.17 %) का रहा । पुनः मार्च सन 2024 के अंत तक केंद्रीय सरकार का कुल उधार बढ़ कर रु. 16946666.85 करोड़ हो जाने की संभावना है । कर्ज लेने में हम किसी से कम नहीं हैं। सावधानी हटी, दुर्घटना घटी की पूरी संभावना है । उधारी के चक्कर को और गहरे से समझने की आवश्यकता है ।सन 1947 से लेकर मार्च सन 2014 के अंत तक भारत सरकार पर कुल रु.5587149.33 करोड़ का उधार था ।जून 2020 में कुल उधार हो गया था रु. 10130000 करोड़ । छह वर्षों में, कोरोना फैलने के पूर्व ही उधार दुगना हो गया । मार्च सन 2020 में कोरोना फैला। तो 1अप्रैल 2014 से 31 मार्च 2023 के बीच हमने कुल 9673972.79 करोड़ का अतिरिक्त कर्ज लिया ।अर्थात सन 1947 से सन 2023 के बीच जितना कर्ज लिया गया केंद्र सरकार द्वारा, उसका 36.61 प्रतिशत सन 2014 तक और 63 प्रतिशत के आस पास पिछले नौ वर्षों में कर्ज लिया गया । जीडीपी-कर्ज (किसी देश के सार्वजानिक ऋण की तुलना में उसके वार्षिक आर्थिक उत्पादन से है), अनुपात भी सन 2021-22 में बढ़ कर 62 प्रतिशत से ज्यादा हो गया है जो सन 1991-92 में 56 प्रतिशत था । हाल के वर्षों में स्थिति भयावह हो रही है और वर्तमान केंद्रीय सरकार आकंठ कर्ज में डूबती प्रतीत होती है । ऊपर से राज्य सरकारें भी कर्ज लेने के लिए ताल ठोंकती प्रतीत हो रही हैं । क्रिसिल के अनुसार राज्यों का कुल उधार वित्त वर्ष 2022 तक रु.7.2 लाख करोड़ होने की संभावना है । स्टेट जीडीपी और उधार का अनुपात जो सन 1991-92 में 22 प्रतिशत के आस पास होता था वह बढ़ कर सन 2021-22 में 31.2 प्रतिशत हो गया था । इसके सन 2022-23 तक बढ़ कर 33.3 प्रतिशत हो जाने की संभावना थी । राज्यों की बकाया देनदारियां (जीडीपी-कर्ज अनुपात) तेजी से बढ़ी हैं। उन पर कर्ज ही कर्ज है । अब केंद्र और राज्य सरकारों के सम्मिलित उधार को लें तो अर्थव्यवस्था की लौ उधार के थपेड़े से कब बुझने लगे, कह नहीं सकते हैं क्योंकि सम्मिलित जीडीपी-उधार अनुपात बढ़ कर लगभग 90 प्रतिशत हो गया है । रु.100 की कमाई में से रु 90 तो उधार लौटाने में चले जायेंगे । सरकारें अपनी आय-कमाई (सकल घरेलू उत्पाद) में से, लिए गए ऋण को लौटाती हैं । इसका अर्थ है कि यदि कर्ज का भार ज्यादा है तो अन्य कार्यो के लिए धन नहीं बचेगा, विकास कार्य नहीं होगा ।इसका दूसरा अर्थ है कि या तो जीडीपी ज्यादा हो या कर्ज कम हो तो अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर होगा । अर्थव्यवस्था की नाव, कर्ज के भार तले डूबने से तभी तक बची रहेगी जब तक खेवैया अपनी सम्पूर्ण कला कौशल का उपयोग करता रहेगा । एक ही अच्छी बात यह है कि विदेशी ऋण के भार को सरकारों ने सीमित रखने की कोशिश की है। निजी क्षेत्र का ऋण-जीडीपी अनुपात मार्च सन 2022 में 51 प्रतिशत से ज्यादा रहा बताते हैं। हम कर्ज की अर्थव्यवस्था बनते जा रहे हैं । कर्ज क्यों बढ़ रहा है ? अनेक कारण हैं। एक तो सरकारें विकास करना चाहतीं हैं और कर्ज ले रही हैं । दूसरी तरफ, विकास दर अनेक वर्षों में धीमी भी रही है जिससे कर्ज का मूलधन और व्याज लौटाना मुश्किल होता है । अतः कर्ज लौटाने के लिए भी कर्ज लेना होता है । सरकारों की देनदारियां बढ़ी हैं ।राजस्व और राजकोषीय घाटा, दोनों बढ़ा है । सामान्य भाषा में कुल सरकारी आय और कुल सरकारी व्यय का अंतर राजस्व घाटा कहलाता है । जबकि किसी वित्तीय वर्ष के राजस्व घाटे और सरकार द्वारा लिए गए ऋण और अन्य देयताओं के भुगतान का योग राजकोषीय घाटा कहलाता है। राजस्व घाटा कितना है ? सन 2008-09 में यह 4.6% रहा । सन 2018-19, सन 2021-22 में यह क्रमसः 2.4% और 7.3% रहा । सन 2022-23 में इसको 3.8 % तक लाने की योजना थी । आमदनी अठ्ठनी और खर्चा रूप्पया जैसी स्थिति बनती रही और ऋण और व्याज भी तो देना होता है। ऐसे में उधार लेना आवश्यक बन जाता है । इससे राजकोषीय घाटा भी अनियंत्रित सा हो रहा है । क्योंकि राज्यों का राजकोषीय घाटा मान्य स्तर (जीडीपी का 3 प्रतिशत) से बहुत ज्यादा है ।सन 2021-22 में यह राजस्थान में (4.0%), नागालैंड (4.0%), तेलंगाना (4.0%), मेघालय (4.1%), पश्चिमी बंगाल (4.2%), हरियाणा (4.3%), असम (4.4%), हिमाचल प्रदेश (4.5%), सिक्किम (4.5%), छत्तीसगढ़ (4.6%), पंजाब (4.6%), एम् पी (4.6%), यू पी (4.7%), तमिलनाडु (4.8%), त्रिपुरा (5.7%), गोवा (6.6%), तथा मणिपुर में (9.2%) रही ।अन्य राज्यों में यह चार प्रतिशत से कम रही । स्पष्ट है कि कुछ राज्यों में राजकोषीय घाटा काफी ज्यादा रहा है और घाटे की पूर्ति के लिए ये और कर्ज ले रहे हैं । केंद्र सरकार का भी राजकोषीय घाटा असामान्य रूप से ज्यादा है । फिर हाल के वर्षों में सब्सिडी पर नियंत्रण रखने के प्रयास के बावजूद भी यह बहुत ज्यादा रही है ।सन 2021-22, सन 2022-23 में यह क्रमसः रु. 503907 करोड़ और 562079 करोड़ थी तथा सन 2023-24 में इसके 403083 करोड़ होनें की संभावना है । ऊपर से रेवड़ी संस्कृति ने भी न केवल सरकारों और विभिन्न राजनैतिक दलों के बीच प्रतियोगिता बढ़ाई है अपितु आम जनता भी मुग्ध है इस खेल पर और खुश है विभिन्न रेवड़ियों से सुख प्राप्ति पर । रेवड़ी बांटने और लूटने का खेल बदस्तूर जारी है जो राज कोष पर भारी है ।

उधारी के भंवर में हमारी नाव फंसी है, डगमगा रही है किन्तु अभी डूबी नहीं तो कारण क्या है। कहते हैं कि ऋण लेना ही विकास की कुंजी होती है ।सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं ने भारी ऋण ले रखा है । भारत भी भारी ऋण को पचा सकता है । केवल पचाने की कला आनी चाहिए । उधार लेकर भी आप एक स्थिर अर्थव्यवस्था बन सकते हैं। लोन लीजिये, आधारभूत संरचना जैसे सड़क, रेल मार्ग, पुल, बंदरगाह आदि का निर्माण कीजिये । समझना होगा कि यही तो केंद्र और राज्य सरकारें और अडानी जैसी कम्पनियां कर रही हैं आज कल । लोन लीजिये, विकास कीजिये का महामन्त्र, गूढ़ मन्त्र हमने अपना रखा है । दूसरा मन्त्र हमने अपनाया है कि विदेशी कर्ज हम कम से कम लेंगे । कम विदेशी ऋण से ही (3.2% के लगभग) हम सब की जान बची है अब तक ।डॉलर की तुलना में रूपया तेजी से सस्ता होने पर भी विदेशी कर्ज के बावजूद हमारी नाव अभी डूबी नहीं ।दूसरी तरफ, पाकिस्तान और श्रीलंका के कंगाली का राज इसी भारी विदेशी ऋण में ही छुपा हुआ है । सन 1991-92 के पश्चात की सभी सरकारों को क्या धन्यवाद न दिया जाय? लेकिन केवल कम विदेशी ऋण ही हमारी अर्थव्यवस्था की दुर्दशा के बचाव का एक मात्र कारण नहीं है ।

विकास दर, जीडीपी का स्तर, महंगाई दर, बैंक दर, बैंकों का एनपीए, पूंजी की स्थिति, व्यापार घाटा सभी निर्धारित करते हैं कि अर्थव्यवस्था कितने संकट में है या होगी ।यदि सभी संकेतकों की स्थिति नियंत्रण में है तो अर्थव्यवस्था में स्थिरता होगी । फिर ऋण लौटाने का चक्र, समय क्या है, भी महत्वपूर्ण है। क्या हमारी स्थिति हमको अभी कंगाली की तरफ नहीं ले जा रही है ? पिछले कुछ वर्षों में विकास दर पर ग्रहण सा लगा है ।जीडीपी लगभग कम ही रही है विभिन्न वर्षों में । फिर कहां से हम उधार लौटा पाएंगे? महंगाई तेजी से बढ़ी है ।इसी महंगाई से तो पाकिस्तान, श्रीलंका बेहाल हैं। क्या हम इसकी मार से बच जायेंगे? आप ही बताईये कि आप बेतहासा बढ़ती कीमतों से खुश हैं क्या ? बैंक दिवालिया न हों इसके लिए आरबीआई सजग नहीं हो रही क्या ? फिर भी कुछ बैंक संकट में क्या नहीं पड़े? क्या इधर निर्यात की तुलना में आयात तेजी से नहीं बढ़ा है ? तो क्या व्यापार घाटा, हमारी खुशहाली की स्थिति बयां करती है ? प्रश्न ही प्रश्न हैं ।उत्तर केवल यह है कि हमारी आर्थिक स्थिति किसी भी तरह से संतोष प्रद नहीं है । ऊपर से हमारे राजनेताओं की राजनीति, पाकिस्तानी नेताओं से क्या कुछ कम है? शायद कुछ कम है तभी तो हम अभी भी बचे हैं डूबने से । रेवड़ी का खेल खेलने से परहेज करने की जरूरत है । रेवड़ी के चक्कर का आरोप जब हम आप लगाते हैं दूसरों पर उंगली दिखा कर, तो चार उंगलियां आप-हम पर भी इशारा करतीं हैं ।समझना होगा कि टाइटेनिक जहाज जब डूबा तो सभी हजारों सवार भी डूब गे। क्या श्रीलंका डूबा तो राष्ट्रपति गोटाबया राजपक्षा बच पाए? जरा सोचिये ।

**उधारी का चक्कर सन 1947 से बदस्तूर जारी है आज तक, विकास के नाम पर । केंद्रीय सरकार पर 31 मार्च सन 2023 तक कुल रु 15261122.12 करोड़ की उधारी की देयता थी जिसमें से आंतरिक स्त्रोतों से लिए गए ऋण का भार 96.83 प्रतिशत (रु.14777724.43 करोड़ )था और विदेशी कर्जा रु. 15261122.12 करोड़ (3.17 %) का रहा । पुनः मार्च सन 2024 के अंत तक केंद्रीय सरकार का कुल उधार बढ़ कर रु. 16946666.85 करोड़ हो जाने की संभावना है । कर्ज लेने में हम किसी से कम नहीं हैं। सावधानी हटी, दुर्घटना घटी की पूरी संभावना है । उधारी के चक्कर को और गहरे से समझने की आवश्यकता है ।**

**(लेखक डी.ए.वी.पी.जी. कॉलेज, वाराणसी के अर्थशास्त्र विभाग में प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष रहे हैं, संपर्क 9450545510)**

# कर्नाटक चुनाव: राजनीतिक पैंतरे और चुनौतियां

## प्रसंगवश

**चेतनादित्य आलोक**



कर्नाटक विधानसभा चुनाव कुछेक सबसे बड़े और कड़े चुनावी मुकाबलों में से एक साबित होने वाला है, जहां 10 मई को 224 सीटों के लिए मतदान होगा और 13 मई को परिणाम घोषित किये जायेंगे। कर्नाटक में वैसे तो मुकाबला त्रिकोणीय यानी भाजपा, कांग्रेस एवं जनता दल-एस के बीच होता रहा है, लेकिन इस बार उम्मीद है कि मुख्य चुनावी संघर्ष भाजपा और कांग्रेस के बीच होगा। बहरहाल, राज्य में चुनाव की घोषणा होते ही विभिन्न राजनीतिक दल चुनावी तैयारियों में जुट गये, जबकि भाजपा ने राज्य में चुनावी आगाज पिछले वर्ष नवंबर महीने में ही कर दिया था, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंगलुरू हवाई अड्डे के नवनिर्मित दूसरे हिस्से का उद्घाटन करने के बाद कर्नाटक की जनता के साथ एक भावनात्मक संवाद स्थापित किया था। इसके अतिरिक्त उन्होंने 400 वर्ष पुराने बंगलुरू शहर की स्थापना करने वाले केम्पेगौड़ा जी की 110 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा का अनावरण भी किया था। कुल मिलाकर प्रधानमंत्री का वह कार्यक्रम हमेशा की तरह स्थानीय जनता के हृदय में पैठ बनाने की एक शानदार पहल थी, जिसे आगामी विधानसभा चुनाव के बरक्स एक महत्वपूर्ण एवं कारगर राजनीतिक प्रयास कहना गलत नहीं होगा। वैसे भी नरेंद्र मोदी एवं अमित शाह वाली भाजपा चुनावी तैयारियों के लिए अब घोषणाओं की मोहताज नहीं रहती, बल्कि उसकी चुनावी तैयारियां तो अब सालों भर लगातार चलती ही रहती हैं।

एक सर्वे के आधार पर इस बार भाजपा एवं जनता दल-एस (जेडीएस) के वोट शेयर में थोड़ी गिरावट की आशंका जतायी जा रही है। सर्वे में प्राप्त आंकड़ों के अनुसार इस बार भाजपा के कुल वोट शेयर में 1.3 प्रतिशत और जेडीएस के पिछली बार के 18 प्रतिशत वोट शेयर में भी थोड़ी गिरावट की आशंका है। वहीं कांग्रेस के वोट शेयर में लगभग दो प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना जतायी गयी है। इसका तात्पर्य यह हुआ कि इस बार राज्य में भाजपा का कुल वोट शेयर लगभग 34.7 प्रतिशत एवं कांग्रेस का कुल वोट शेयर 40 प्रतिशत तक रह सकता है। सर्वे के अनुसार राज्य की 50 प्रतिशत जनता ने राज्य की भाजपा सरकार के कामकाज को खराब, जबकि 28 प्रतिशत ने अच्छा और 22 प्रतिशत ने औसत स्तर का बताया। हालांकि यह आवश्यक नहीं कि सर्वे में प्राप्त आंकड़े हमेशा सही साबित हों। चुनावी इतिहास में विशेष कर नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्रित्व काल में अब तक कई बार ये आंकड़े गलत साबित हुए हैं। इन सबके बावजूद इस बार के विधान सभा चुनाव में भाजपा, कांग्रेस और जेडीएस के लिए राज्य में अनेक चुनौतियां भी हैं, जो चुनावी परिदृश्य को अंशतः या पूर्णतः बदल सकती हैं।

एक तरफ बोम्मई सरकार के विरूद्ध स×ाा विरोधी लहर तथा पार्टी नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप भाजपा की प्रमुख चुनौतियां हैं तो दूसरी ओर कांग्रेस के बड़े नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा एवं पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी तथा राहुल के करीबी नेताओं समेत राज्य पार्टी अध्यक्ष की साख भी दांव पर लगी हुई है, जिनसे पार्टी एवं समर्थकों को बड़ी अपेक्षाएं हैं। यही नहीं, चुनावी सरगर्मियों के बीच भाजपा के प्रमुख स्थानीय नेता बीएस येदिउरप्पा के अतिरिक्त राज्य में विशेष रूप से सक्रिय पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, संगठन और सरकार के चाणक्य कहे जाने वाले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया एवं धर्मेंद्र प्रधान की साख भी दांव पर लगी हुई है, जिनके कंधे पर पार्टी ने इस बार कर्नाटक का दंगल जीताने की जिम्मेदारी डाली है। इनके अतिरिक्त कांग्रेस के पुराने धार्मिक एवं सामाजिक ध्रुवीकरण की राजनीति को मात देने के लिए भाजपा द्वारा चला गया नया सामाजिक ध्रुवीकरण वाला दांव भी इस चुनाव में कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकता है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस पिछले पांच दशकों से ओबीसी, दलित, आदिवासी और मुस्लिम वोट बैंक की राजनीति करती आ रही है, जबकि वर्तमान बोम्मई सरकार ने बीसी कैटेगरी में 2बी के अंतर्गत अब तक मुस्लिमों को मिलने वाले चार प्रतिशत आरक्षण को संवैधानिक रूप से अवैध बताते हुए राज्य में प्रभावशाली वोक्कालिंगा एवं वीरशैवा लिंगायत समुदायों के बीच क्रमशः 2सी और 2डी श्रेणी के अंतर्गत दो-दो प्रतिशत बांट दी। सरकार के इस फैसले के बाद 2बी श्रेणी समाप्त हो गई, जिससे मुस्लिम नाराज हैं, जबकि वोक्कालिंगा समुदाय का आरक्षण चार से बढ़कर छह प्रतिशत तथा लिंगायत समुदाय का पांच से बढ़कर सात प्रतिशत हो गया।

भाजपा ने पिछड़े वर्गों की छोटी-छोटी उपजातियों को भी अपने पाले में करने के लिए राज्य के सामाजिक ताने-बाने को नये सिरे से गढ़ने का प्रयास किया, जिसे समझने में अन्य दलों को बहुत देर लग गयी। दरअसल, भाजपा ने टीपू सुल्तान एवं अंग्रेजों के विरूद्ध युद्ध लड़ने वाले महान योद्धाओं उरी गौड़ा एवं नन्जे गौड़ा जी को सच्चे स्वतंत्रता सेनानियों के रूप में प्रस्तुत कर अपने विरोधियों के सामने एक नयी चुनौती खड़ी कर दी। यही नहीं, करकला में भगवान परशुराम, बंगलुरू में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, बेलगावी में वीर शिवाजी, बंगलुरू स्थित कन्नड़ साहित्य परिषद् के प्रांगण में भुवनेश्वरी देवी, शिवमोग्गा में प्रगतिशील कवयित्रि अक्का देवी, मंगलुरू में स्वतंत्रता सेनानी केदबंदी रमैया गौड़ा, चामराज नगर में माले महादेश्वर एवं बंगलुरू में फिल्म स्टार राजकुमार आदि समेत स्थानीय राजाओं एवं सरदारों की स्मृतियों में लगभग दो दर्जन प्रतिमाओं की स्थापना एवं उनका अनावरण कर भाजपा ने राज्य की विभिन्न जातियों एवं उपजातियों को खुश करने का कार्य किया।


तात्पर्य यह कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव के बहाने भाजपा ने स्थानीयता को राष्ट्रवाद का स्वरूप देने का अत्यंत महत्वपूर्ण एवं गंभीर प्रयास किया। आगामी चुनाव में पार्टी को इन सार्थक प्रयासों के अच्छे नतीजे मिलने की पूरी संभावना है। निश्चित रूप से पार्टी को इनसे बड़ी उम्मीदें भी हैं।

दूसरी ओर कांग्रेस के स्थानीय नेताओं की आपसी खींचतान पार्टी के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकती है। हालांकि अभी तक कांग्रेस के स्थानीय नेताओं ने आपसी तालमेल दिखाने की कोशिश तो की है, उदाहरणस्वरूप वे सार्वजनिक रूप से पार्टी के विरूद्ध कुछ भी कहने या करने से बच रहे हैं, लेकिन चुनाव की तिथि ज्यों-ज्यों निकट आती जायेगी, धीरे-धीरे नेताओं के बीच की खटास और बढ़ने एवं सार्वजनिक होने की उम्मीदें भी बढ़ती जायेंगी। संभवतः पार्टी को स्थानीय नेताओं के कुछ आत्मघाती कदमों को भी झेलना पड़े।

**चुनावी सरगर्मियों के बीच भाजपा के प्रमुख स्थानीय नेता बीएस येदिउरप्पा के अतिरिक्त राज्य में विशेष रूप से सक्रिय पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, संगठन और सरकार के चाणक्य कहे जाने वाले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया एवं धर्मेंद्र प्रधान की साख भी दांव पर लगी हुई है, जिनके कंधे पर पार्टी ने इस बार कर्नाटक का दंगल जीताने की जिम्मेदारी डाली है। इनके अतिरिक्त कांग्रेस के पुराने धार्मिक एवं सामाजिक ध्रुवीकरण की राजनीति को मात देने के लिए भाजपा द्वारा चला गया नया सामाजिक ध्रुवीकरण वाला दांव भी इस चुनाव में कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकता है।**

**( लेखक पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं)**

## शैलेंद्र शांत की गजलें



1.
कहीं से चल कर बहार आ जाए/ कि बुझे दिल को करार आ जाए
इंतजार में जाने कब से बैठा रहा/ थूककर गुस्सा मेरा यार आ जाए
सफर जिंदगी का साथी कुछ ऐसा/ राह में बाढ़,कभी सुखाड़ आ जाए
काम कर लिया जाए कुछ ऐसा कि/ गैरों को भी तुम पर प्यार आ जाए
बार-बार कमबख्त बुखार ना आए/ भले ही वह भैंसा सवार आ जाए

2.
इलाज मालूम नहीं, बीमारी बता रहे हैं/ शराबी अब नशे की खराबी बता रहे हैं
पूरब निकलना था,पश्चिम को जा रहे हैं/ जो सुनी नहीं कभी,वे किस्से सुना रहे हैं
आते रहे हैं सपने वैसे तो बहुत हसीन/ हकीकत में मगर वे टूटते ही जा रहे हैं
पहले तो गिन-गिन खूबियां बता रहे थे/ बिक गया जब जिंस, नखरे दिखा रहे हैं
कलम को नहीं मंजूर कोई बंदिश साहिब/नाहक ही नाराजगी का डंडे दिखा रहे हैं

## व्यंग्य



# कुछ भी फर्जी नहीं

**डॉ प्रदीप उपाध्याय**

'भाई साहब, आजकल हर जगह फजीर्वाड़ा चल रहा है ।सही बात को भी फर्जी बताया जा रहा है ।ऐसे में कोई बात फर्जी है,इसे आप कैसे साबित कर सकते हैं!'

'देखो पंडित, फर्जी कुछ भी नहीं है जबतक कि सरकार स्वयं फर्जी घोषित न कर दे। वरना तो यह साबित करने की जवाबदारी उस व्यक्ति की है जो कहता है कि कोई बात फर्जी है ।कानूनन भी यह होता है कि जो आरोप लगाता है,उसे ही आरोप सिद्ध करना पड़ते हैं। हां,जो आरोप को सिरे से नकारता है,उसे अपने बचाव में साक्ष्य देना होते हैं। लेकिन यह सब तुम क्यों पूछ रहे हो!'

'भाई साहब, मैंने जिस डिग्री के बल पर पूरा सेवाकाल निकाल दिया,अब जाकर लोग कह रहे हैं कि डिग्री फर्जी है।'

'अब उनके कहने से क्या होगा और अब तुम भी क्यों चिंता करते हो। चिल्लाने वाले चिल्लाकर अपने आप चुप बैठ जाएंगे। हां, नौकरी में प्रवेश के समय यदि वे चिल्लाते तो तुम्हारा अहित हो सकता था ।वैसे भी तुम नाहक चिंता पाल रहे हो जिनके पास फर्जी डिग्रियां हैं, उनके जूं तक नहीं रेंगती तो तुम क्यों!'

'लेकिन भाईसाहब, मैं स्वाभिमानी व्यक्ति हूं। मुझसे यह बर्दाश्त नहीं होता!'

'अरे, स्वाभिमान गया तेल लेने ।लोग नकल करके परीक्षा पास कर लेते हैं, प्रश्नपत्र आउट कर परीक्षा पास कर लेते हैं। क्या इनकी डिग्री असली कहीं जाएगी ।कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां डिग्रियों की कोई जरूरत ही नहीं रहती ।बस शौकिया तौर पर जिस तरह शरीर पर आभूषण पहनकर इतराया जाता है ठीक उसी तरह से डिग्री कबाड़ कर लोग खुश होते रहते हैं ।और इसीलिए हमें किसी की खुशी में बाधक नहीं बनना चाहिए और डिग्री के असली -नकली होने पर कोई प्रश्नचिन्ह लगाना चाहिए।'

'फिर भी कोई डिग्री को फर्जी करार देता है तो गुस्सा आता ही है ना।'

'अरे भाई, इसमें गुस्से वाली क्या बात है! पुलिस भी तो अपराधियों को मुठभेड़ में उनका एनकाउंटर कर सटका देती है, उसे भी तो फर्जी मुठभेड़ के आरोप का सामना करना पड़ता है ।कहने वाले कहते रहते हैं। हमें उनके असली -नकली होने की तह तक जाने की क्या जरूरत है!'

'फिर भी सच्चाई तो सामने आना ही चाहिए।'

'देखो,असली क्या है,नकली क्या है यह तो किसी के दिल से ही पूछा जा सकता है लेकिन बात वहीं आकर ठहर जाती है कि दिल की बात भला कौन बताता है !तब लगता है कि जो बताया जा रहा है वही सही है। आरोप तो लगते रहते हैं कि सब कुछ फर्जी है ।जीवन में कई दृश्य बनाए जाते हैं तो कई अपने आप बन जाते हैं ।बनाए गए दृश्यों पर असली-नकली के टैग लगते रहते हैं जबकि बने-बनाए दृश्यों को भी लोग नकली या फर्जी कहने से बाज नहीं आते। इसलिए हमें लोगों के चिल्लाने पर ध्यान न देते हुए अपना दिमाग नहीं लगाना है ।जो अधिकृत रूप से कहा जाए,वही सच है,सच के सिवाय कुछ भी नहीं ।फर्जी भी नहीं ।आया कुछ समझ में।'

**( लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9425030009)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# उपचुनाव में हावी रहेंगे जाति व स्थानीय मुद्दे

**चर्चा**

**वोट को लेकर बिछने लगी विसात**

**तीन जातियों का समीकरण चुनाव में बदल सकता है किस्मत**

**लालगंज।** छानवे विधानसभा के उपचुनाव में सुरक्षित विधानसभा की सीट पर चुनावी मुद्दों पर गरमा गरम बहस चाय पान चट्टी चौराहे की दुकानों पर शुरू हो चुकी है। खासतौर से जातिय समीकरण और दलीय रुझानों के तर्क में पक्ष विपक्ष के पैरोकार ग्रामीण नेता चटखारेदार आमने-सामने की बहस में बढ़त लेने की कवायद कर रहे हैं।

छानवे विधानसभा उपचुनाव की चुनावी रणभेरी बज चुकी है। इस चुनावी समर में दलीय प्रत्याशी और निर्दल ताल ठोकने की पूरजोर आजमाइश की रणनीति बनाकर मैदान में कुद चुके हैं। समाजवादी पार्टी से पूर्व सांसद पूर्व विधायक स्वर्गीय भाईलाल कोल की पुत्री का नामांकन पहले ही हो चुका है। वहीं कांग्रेस पार्टी से अजय कुमार अपना नामांकन दाखिल कर दिए हैं। अपना दल से स्वर्गी राहुल प्रकाश कोल विधायक की पत्नी रिंकी कोल का नामांकन दाखिल किए जाने की तैयारी है। ऐसे समर में उतरने वाले प्रत्याशी अपने सजातीय बंधुओं का सहयोग लेने का ताना-बाना तैयार कर रखे हैं। देखा यह जा रहा है कि चुनावी समर में राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दोनों दल के जनाधार पर प्रत्याशियों के भविष्य का दांव लगा हुआ है। वही बाजारों में सुबह शाम दोपहर नियमित बैठने उठने वाले क्षेत्रीय लोगों द्वारा गुणा गणित से हार जीत बताने की भविष्यवाणी भी कर रहे हैं। ऐसे बहसबाजों की माने तो घोषित करते हैं कि विधानसभा में बहुसंख्यक तीन जातियों का समीकरण बैठा लिया जाए तो चुनाव विजय में बदल जाएगा। वहीं निरपेक्ष बुजुर्ग कहते हैं कि चुनाव का अपना मिजाज और स्वभाव होता है जो सामूहिक सोच पर विजय हो जाती है। छानवे लालगंज हलिया की भौगोलिक समीकरण अलग-अलग मुद्दों की प्रतिनिधित्व करती हैं। खासतौर से जातीय व्यवस्था में तीनों स्थानों का समीकरण अलग है।

# भाड़े के प्रत्याशी के सहारे नैया पार करने की फिराक में है सपा

## अमिताभ पाण्डेय की नहीं गली दाल, मिश्रा जी कर गये कमाल

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** कुछ दिन पहले कांग्रेस पार्टी छोड़कर आए सतीश मिश्रा व अमिताभ पांडे टिकट की आस में सपा जॉइन किया लेकिन श्री पांडे की दाल नहीं गली और मिश्रा जी कमाल कर गए। कुछ इसी तरह का माहौल नगर पालिका चुनाव में देखने को मिल रहा है। जब बड़ी उम्मीद लगाकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व में कांग्रेस के प्रत्याशी भी थे उन्होंने पार्टी बदल कर सपा की नाव पर सवार तो हो गए लेकिन उनके सपनों पर पानी फिर गया और उनसे थोड़े महीने पहले आए सतीश मिश्रा को जब समाजवादी पार्टी ने प्रत्याशी बनाया तो लोगों के जेहन में कई सवाल कौंध रहे थे। वहीं समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता जो नगर पालिका परिषद में प्रत्याशी के लाइन में लगे थे उनमें भी आक्रोश व्याप्त हो गया। पार्टी की कई दशकों से सेवा की लेकिन जब मलाई खाने का मौका मिला तो पार्टी के हाईकमान ने भाड़े के प्रत्याशी के सहारे नैया पार करने का प्लान बनाया यह बात पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को ही हजम नहीं हो रही है कि किसके कहने पर भाड़े के प्रत्याशी पर समाजवादी पार्टी ने अपना दांव खेला है। नगर निकाय चुनाव के लिए स्थानीय इकाई के अध्यक्ष पद के लिए सपा प्रत्याशी सतीश मिश्रा ने नारेबाजी के बीच कलेक्ट्रेट परिसर में जाकर नामांकन किया। कांग्रेस छोड़कर सपा में आने के बाद सपा के आम लोगों के भी समर्थन मिलने का दावा किया। कहा कि नगर की नारकीय व्यवस्था को समाप्त कर हर वर्ग के सुख और सुविधा के लिए काम किया जायेगा। कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यप्रणाली के चलते विकास के नाम पर कोई काम नहीं किया गया। जनता तब भी त्रस्त थी और आज भी त्रस्त है। कांग्रेस छोड़कर सपा में आये सतीश मिश्र के प्रत्याशी के रूप में नाम की चर्चा कल आरम्भ हुई। बुधवार को उन्होंने अपना नामांकन भी कर दिया। इस दौरान सपा के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव, अशोक यादव एवं पूर्व मीडिया प्रभारी रमेश ओझा समेत तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रत्याशी के साथ पहुंचे कार्यकर्ताओं को कलेक्ट्रेट रोड पर ही रोक दिया गया। गेट बंद हो जाने के बाद सड़क पर ही समर्थक नारेबाजी कर अपना जोश दिखाते रहे। सतीश मिश्रा ने कक्ष में जाकर नामांकन दाखिल किया। नारेबाजी करते हुए पहुंचे समर्थकों के हंगामे को देखते हुए सुरक्षा में तैनात जवान सतर्क रहें। सपा प्रत्याशी सतीश मिश्रा ने नगर निकाय क्षेत्र में अव्यवस्था की लंबी फेहरिस्त गिनाई। कहा कि नगर पालिका में के रग रग में भ्रष्टाचार भरा हुआ है। उन्होंने जनता का समर्थन मिलने पर नगर में बेहतर व्यवस्था और सफाई के समुचित इंतजाम की जाने की बात कही।

**चुनावी हलचल**

**नगर निकाय में सपा प्रत्याशी सतीश मिश्रा ने किया नामांकन**

**अध्यक्ष के लिए कांग्रेस छोड़ आये सतीश ने विकास और सहूलियत का किया वादा**




## संक्षेप

### चूल्हे की चिंगारी से मड़हे में लगी आग



**जमालपुर।** चूल्हे की निकली चिंगारी से बुधवार को दो लोगों का मड़हा जलकर राख हो गया। आग लगने से मड़हे में बँधी दो बेजुबान झुलस गई। ग्रामीणों के अथक प्रयास से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। घटना के दौरान मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने चूल्हे से लगी आग पर आशंका जताते हुए बताया कि जमालपुर मिल्की गांव निवासी लोचन खरवार और उसके पड़ोसी केशव खरवार के मड़हा में आग लग गई और देखते ही देखते मड़हा जलकर राख हो गया तथा मड़हा में बंधी दोनों पड़ोसियों की एक एक भैंस आग से झुलस गई। मड़हा में खड़ी टीवीएस मोपेड के साथ भूसा जलकर खाक हो गया। अगलगी देख लोगों की भीड़ पर जुट गई और अफरातफरी मच गया। आग पर जब तक काबू पाया जाता तब तक दोनों पड़ोसियों के आग से घिरी भैंस झुलस गई। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने फोन से हल्का लेखपाल को दिया है।

### मतदान में न हो किसी प्रकार की दिक्कत : डीएम

**मीरजापुर।** जिले में सकुशल निकाय चुनाव संपन्न कराने को लेकर लगातार संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल और पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के द्वारा पोलिंग बूथ का निरीक्षण करके सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी लिया जा रहा है। मीरजापुर नगर पालिका क्षेत्र के जुबली इंटर कॉलेज, सेंट मैरी स्कूल, बसंत इंटर कॉलेज, माता प्रसाद माता भीख इंटर कॉलेज व आर्य कन्या स्कूल का जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान केंद्र पर आने वाले कर्मचारी व मतदाताओं को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत ना होने पाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम किया जाएगा। पोलिंग बूथ के इर्द-गिर्द सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम अच्छे रखें। इसके साथ ही अराजक तत्वों के ऊपर भी पुलिस नजर बनाए रखें।

### न्यायालय ने सुनायी कारावास की सजा

**मीरजापुर।** एसपी द्वारा प्राथमिकता से प्रभावी पैरवी कराई गई, जिसके फलस्वरूप एनडीपीएस एक्ट के अभियोगों से सम्बन्धित अभियुक्त 02 वर्ष, 1.5 वर्ष व 10 माह के कठोर कारावास एवं 30 हजार के अर्थदण्ड की सजा कराने में सफलता प्राप्त हुई। 15 जनवरी 2015 को थाना को0कटरा पुलिस बल द्वारा थाना क्षेत्र से एक व्यक्ति को नाजायज हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया था। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना को0कटरा पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया था। 24 सितंबर 2013 को थाना को0शहर पुलिस बल द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से एक व्यक्ति को नाजायज हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बंध में थाना को0शहर पर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर बुधवार को थाना को0कटरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त दिलीप कुमार यादव उर्फ ललऊ पुत्र श्याम भोले यादव निवासी उपाध्याय की गली डंकीनगंज थाना को0कटरा थाना को न्यायालय द्वारा कारावास की सजा सुनाई गई।

### नेट की परीक्षा उत्तीर्ण कर बढ़ाया जिले का गौरव

**अहरौरा।** मीरजापुर जिले के चुनार तहसील स्थित पौनी गांव निवासी शिक्षक स्व. हरी के पुत्र रत्नेश कुमार गुप्त ने यूजीसी नेट की परीक्षा सोशल वर्क विषय में उत्तीर्ण किया है, जिससे लोगों में खुशी का माहौल है। लोग उनके घरों पर बधाई देने के लिए पहुंच रहे हैं। जिला पंचायत पंकज उपाध्याय ने घर जाकर बधाई दिया है। बताया जाता है कि रत्नेश बचपन से ही दिव्यांग है, इसके बावजूद भी इन्होंने एम एड, एम एस डब्लू सहित कुल चार विषयों में मास्टर डिग्री हासिल की है। पूर्व में रत्नेश ने सन 2020 में शिक्षाशास्त्र, 2022 में इतिहास अब 2023 में सोशल वर्क विषय में यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। रत्नेश वर्तमान में बीएन कालेज आफ एजूकेशन धोरैया, बांका में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर कार्यरत हैं। अपनी इस सफलता का श्रेय कालेज के डायरेक्टर डॉ अमर कुमार शाह को दिया है।

### दहेज हत्या के आरोपी पति समेत तीन को पुलिस ने भेजा जेल

**हलिया।** थाना क्षेत्र के मुड़पेली गांव में बीते 10 अप्रैल को 22 वर्षीया विवाहिता पूजा कुमारी की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर मौत हो जाने के बाद बीते 16 अप्रैल को मृत विवाहिता के भाई बुद्धि लाल की तहरीर पर पुलिस ने पति तथा उसके दो भाइयों के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश में जुट गई थी, कि बुधवार सुबह मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह हमराही कांस्टेबल मोहन खरवार, सोनू यादव व महिला कांस्टेबल रीमा यादव के साथ विवाहिता के पति मुकेश, जेठ राजकुमार तथा देवर बृजेश उर्फ बबलू को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मृत विवाहिता की बीते वर्ष 27 मई को शादी हुई थी। संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर मौत हो जाने के बाद विवाहिता के भाई ने पति तथा उसके दो भाइयों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

**अदलहाट।** स्थानीय थाना क्षेत्र के फत्तेपुर टोल प्लाजा के पास बुद्धवार को प्रातः टहलने के लिए निकले वृद्ध की अज्ञात वाहन के टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दुर्घटना में एक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के फत्तेपुर गांव निवासी राम प्रसाद उम्र 61 वर्ष पुत्र स्व. सुख्खू हर दिन की भाँति सुबह टहलने निकले थे कि फत्तेपुर गांव के सामने सोनभद्र से वाराणसी की ओर जा रही अज्ञात अनियंत्रित वाहन ने पीछे से टक्कर मार दिया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसी दौरान टहलने निकले थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी रामकेश पटेल उम्र 48 वर्ष पुत्र दुख्खू पटेल को भी भागते हुए धक्का मार दिया। जिसे गंभीर हालत में स्थानीय इलाज के बाद चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर थाने ले गई। मृतक के बेटे राजेश कुमार की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

### अधिवक्ता के निधन पर जताया शोक

**लालगंज।** उपरौध अधिवक्ता समिति के सचिव हृदय शंकर चतुर्वेदी की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में जिला के वरिष्ठ अधिवक्ता के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया, और 2 मिनट का मौन रखकर दिनभर न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव की कॉपी सभी न्यायालयों में भेजी गई। बैठक में अधिवक्ताओं ने जिला बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रमा प्रसाद सिंह के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। बैठक में 2 मिनट मौन रखते हुए मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। अधिवक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। सचिव ने समिति के सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से आज दिन भर न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया। बैठक में प्रस्ताव की कॉपी न्यायालय उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार द्वय, एवं चकबंदी अधिकारी, के न्यायालय मे भेजा गया। इस अवसर पर प्रभुनाथ दुबे, चंद्रदत्त त्रिपाठी, केदारनाथ शुक्ला, रामेश्वर मिश्रा, जीतनारायण दुबे, विपिन तिवारी, राजकुमार पांडये, राकेश दुबे आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थिति में लगी सिवान में आग

**जिगना।** स्थानीय थाना के अंतर्गत चडैचा गांव में बुधवार की सुबह 8:00 बजे महुआ के पेड़ की पत्ती जलाने के कारण बगल के सिवान में लगभग 2 किलोमीटर के एरिया में स्थित सरपत में आग लग गई। देखते देखते आग ने पूरे सरपत को अपने आगोश में ले लिया। बगल में बसे गांव तक आग पहुंच गई। गांव वालों के अथक परिश्रम के बाद आग को काबू में किया गया। जिसकी सूचना गांव वालों ने अग्निशमन विभाग को दिया। थानाध्यक्ष जिगना अरविंद कुमार पांडेय को भी आग लगने की सूचना दी गई। आग की सूचना पर दमकल की गाड़ी समेंत घटनास्थल पर पहुंच गए। लेकिन रास्ता ना होने के कारण दमकल गाड़ी घटनास्थल तक नहीं पहुंच सकी। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से घटना की जानकारी देते हुए बिजली चालू कराया। बिजली आने के बाद गांव की मशीनों को चालू कराकर आग पर काबू पाया गया। इस दौरान भारी संख्या में ग्रामीण व ग्राम प्रधान घनश्याम वर्मा मौजूद रहे। ग्राम प्रधान ने बताया कि आग से धन व जन हानि नहीं हुई है। इस दौरान नायब तहसीलदार 96 घटनास्थल पर मौजूद रहे।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक जख्मी

**मड़िहान।** मध्यप्रदेश के महराजपुर थाना क्षेत्र के सिंहपुर गांव निवासी 25 वर्षीय युवक रामऔतार पुत्र भूरा पाल अपने रिश्तेदारी में संतनगर थाना क्षेत्र के पड़रिया कलां में आया हुआ था जो किसी काम से अपने साथी के साथ दीपनगर बाजार गया हुआ था कि वापस घर आते समय कलवारी - लालगंज सम्पर्क मार्ग के पटेहरा सांसद चौराहा के पास पहुँचा ही था कि अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार जख्मी हो गया। राहगीरों के सहयोग से घायल युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पटेहरा भेजवाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद मण्डलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया व साथी युवक को मामूली चोटें आई जो बिना इलाज के ही घर चला गया। सूचना मिलते ही मौके पर संतनगर पुलिस व परिजन पहुँच गये। डॉक्टरों द्वारा गम्भीर रूप से घायल युवक को मण्डलीय अस्पताल रेफर करने के बाद परिजन एम्बुलेंस को सूचना देकर घंटों इंतजार करते रह गये लेकिन एम्बुलेंस के घंटो बाद भी नहीं आने से परिजन परेशान रहें व एम्बुलेंस के इंतजार में घायल युवक तड़पता रह गया।

# सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने वालों पर होगी कारवाई

**बोली डीएम**

**पीस कमेटी की बैठक में डीएम व एसपी ने दिया निर्देश**

**आपसी तालमेल के बीच मनायें त्यौहार**



बैठक में शामिल अधिकारियों को संबोधित करतीं डीएम

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्यौहारों अल-विदा व जुम्मा की नमाज, ईद-उल-फितर, भगवान परशुराम जयंती व अक्षय तृतीया को शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जनपद के पुलिस व प्रशासन के सभी उच्चाधिकारीगण, समस्त धर्मों के धर्मगुरूओं व संभ्रांत व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी। इस दौरान आगामी अल-विदा व जुम्मा की नमाज, ईद-उल-फितर, भगवान परशुराम जयंती व अक्षय तृतीया त्यौहारों के मद्देनजर सम्पूर्ण जनपद को जोन व सेक्टर में विभाजित कर मंदिरों, मस्जिदों, ईदगाह आदि व आसपास के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में पुलिस व प्रशासन के अधिकारीगण के साथ पर्याप्त पुलिस बल एवं पी.ए.सी. बल का डिप्लायमेंट किया गया है।

इस दौरान अवांछित तत्वों के द्वारा किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाने, सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने तथा त्यौहार में वर्चुअली या प्रत्यक्ष रूप से गड़बड़ी करने वालों पर सतर्क नजर रखने के लिए सोशल मीडिया सेल द्वारा तथा पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। विधि विरूद्ध कृत करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। आगामी पर्वों के दृष्टिगत सम्बन्धित धर्मगुरूओं के साथ बैठक के दौरान जनपद की कानून एवं शांति व्यवस्था को अक्षुण्ण बनायें रखने एवं आपसी भाई-चारे व सौहार्द को कायम रखते हुए पर्व को मनायें जाने तथा शांति पूर्ण तरीके से सभी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने में शासन प्रशासन के सहयोग की अपील भी की गयी। उपस्थित समस्त अधिकारीगण को अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर सतर्क दृष्टि रखते हुए त्यौहारों के सकुशल सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्रा, अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री कांत प्रजापति, अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन, नगर मजिस्ट्रेट विनय सिंह, क्षेत्राधिकारीगण सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### सभासद पद के लिए लगभग 467 लोगों ने नामांकन किया

**मीरजापुर।** जिले में लगातार निकाय चुनाव को लेकर उम्मीदवार अपना नामांकन कर रहे हैं। प्रशासन के द्वारा नामांकन को लेकर चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था किया गया है, जहां तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच में अध्यक्ष पद के लिए 54 सहित सभासद पद के लिए लगभग 467 लोगों ने नामांकन किया। छानबे विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए कीर्ति कोल ने एक सेट में फिर नामाकंन किया। नगर निकाय चुनावी प्रक्रिया में बुधवार को नामांकन पत्रों की बिक्री के दौरान नगर पालिका व नगर पंचायत के लिए कुल 521 नामांकन फार्म की बिक्री की गई। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए 54 एवं सभासद पद के लिए 467 प्रत्याशियों का नामांकन पत्र बेचा गया। बुधवार को अध्यक्ष पद के लिए एक ने नामांकन किया। वहीं सदस्य पद के लिए 18 लोगों ने नामांकन किया। जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बुधवार को नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन अध्यक्ष पद के लिए 54 लोगों ने नामांकन पत्र एवं सभासद के लिए 467 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा। अध्यक्ष पद के लिए एक ने नामांकन किया जबकि सदस्य के पद के लिए 18 लोगों ने नामांकन किया।

### विधानसभा उप चुनाव में पांच लोगों ने किया नामांकन

छानबे विधानसभा सीट पर उपचुनाव को लेकर 5 लोगों ने अपना नामांकन किया। राष्ट्रीय समाज पक्ष से उम्मीदवार इंजीनियर शिवपूजन ने अपना नामांकन किया। इंडियन नेशनल कांग्रेस से अजय कुमार ने फिर एक सेट में अपना नामांकन किया। समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार कीर्ति कोल ने भी पुनः एक बार फिर से एक सेट में अपना नामांकन किया। जितेंद्र कुमार ने भारतीय मानव समाज पार्टी से अपना नामांकन किया है। कीर्ति कोल ने इससे पहले भी अपना नामांकन किया था, लेकिन फिर भी उन्होंने एक बार और नामांकन कर दिया, ताकि पर्चा निरस्त होने की स्थिति न उत्पन्न होने पाये।

### चुनार व अहरौरा में प्रत्याशियों ने खरीदे 55 नामांकन फार्म

**चुनार।** निकाय चुनाव की प्रकिया में बुधवार को चुनार नगर पालिका अध्यक्ष पद हेतु कांग्रेस से मसूर अहमद दो सेट में आम आदमी पार्टी से मोहन यादव एक सेट में व अहरौरा नगर पालिका के अध्यक्ष पद हेतु भाजपा से उमेश कुमार दो एक सेट में व रविशंकर ने दो सेट में नामांकन पत्र खरीदा। बिक्री हुई। चुनार नगर पालिका अध्यक्ष पद हेतु कांग्रेस से मंसूर अहमद पुत्र अब्दुल जहुर ने दो सेट में व आम आदमी पार्टी से मोहन यादव पुत्र लालता प्रसाद यादव ने एक सेट में नामांकन पत्र खरीदा। वहीं अहरौरा नगर पालिका अध्यक्ष पद हेतु भाजपा से उमेश कुमार एक सेट में व रविशंकर ने दो सेट में नामांकन पत्र खरीदा। रिटर्निंग आफिसर उपजिलाधकिरी नगर पालिका परिषद चुनार नवनीत सेहरा ने बताया कि अध्यक्ष व सभासद सहित कुल 23 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई।

# अद की प्रत्याशी रिंकी का नामांकन 20 को

**उपचुनाव**

**पति के निधन से सीट हुई है खाली**

**कांटे की टक्कर देने के लिए सपा ने उतारा कीर्ति कोल को**

**जनसंदेश न्यूज**



नामांकन करते प्रत्याशी

**मीरजापुर।** जिले की छानबे विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में अपना दल एस की प्रत्याशी के रूप में रिंकी कोल 20 अप्रैल को नामांकन करेंगी। विधायक राहुल कोल के निधन के बाद रिक्त सीट पर उनकी पत्नी रिंकी को अपना दल ने उम्मीदवार बनाया है। राहुल अपना दल एस युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। मुंबई में इलाज के दौरान 2 फरवरी को उनका निधन हो गया था। विधान सभा चुनाव 2022 में राहुल प्रकाश कोल को 1,02,502 मत मिला था। जबकि क्षेत्र के भाजपा और सपा के पूर्व विधायक भाईलाल की पुत्री सपा प्रत्याशी कीर्ति कोल को 64,389 वोट मिला था। बसपा के धनेश्वर को 32,145 तथा कांग्रेस के भगवती प्रसाद को महज 3935 वोट मिला था। पोस्टल वोटिंग में कीर्ति कोल को 343 और राहुल प्रकाश कोल को महज 136 वोट मिला था। पति राहुल कुल के निधन के बाद क्षेत्र की सीट रिक्त हुआ है। इस इस सीट पर भाईलाल कोल की पुत्री कीर्ति कोल सपा प्रत्याशी हैं। जबकि कांग्रेस ने अजय कुमार को उम्मीदवार बनाया है। इस सीट पर 10 को मतदान और मतगणना 13 मई को होगी। इस सीट पर कुल मतदाता की संख्या 3,64,218 हैं। जिसमें 192414 पुरुष तथा 171748 महिला मतदाता हैं। 1952 से 1962 तक इस सामान्य सीट पर तीन बार कांग्रेस के अजीज इमाम विधायक रहे। 1967 में जनसंघ के स्वामी ब्रह्मानंद विधायक बने। 1969 में जनसंघ के श्रीनिवास प्रताप पर लोगों ने भरोसा जताया। 1974, 1977 और 1980 में कांग्रेस के पुरुषोत्तम चौधरी ने जीत की हैट्रिक लगाई। उनके निधन के बाद इस सीट पर 1985 में उनके पुत्र भगवती प्रसाद चौधरी कांग्रेस के विधायक बने। 1989 कालीचरण जेडी और 1999 में दुलारे लाल जेडी विधायक चुने गए। बीएसपी ने 1993 में पहली बार श्रीराम को मिले बंपर जीत पर जश्न मनाया। 1996 में बीजेपी के भाईलाल कोल ने विजय श्री का वरण किया। पाला बदलकर भाईलाल सपा में शामिल हुए और दुबारा विधायक चुने गए। 2017 और 22 में अपना दल का भाजपा के साथ हुए गठबंधन के बाद अपना दल ने राहुल प्रकाश कोल को अपना प्रत्याशी बनाया। दल के झोली में जीत कर उन्होंने सीट दी। उनके आकस्मिक निधन के बाद उपचुनाव के मैदान में राहुल की पत्नी रिंकी को अपना दल ने प्रत्याशी बनाया है। जबकि सपा ने कीर्ति कोल पर भरोसा जताते हुए पुनः मैदान में उतारा है।

# सपा ने बदला अपना प्रत्याशी गोपाल जायसवाल पर दांव

**जनसंदेश न्यूज**

**फेर बदल**

**आप से चुनाव लड़ेंगे रमेश चंद केसरी**

**अहरौरा।** राजनीति में अंतिम समय तक बदलाव होता रहता है कुछ ऐसा ही देखने को नगर पालिका परिषद के चुनाव में भी मिल रहा है। नगर पालिका परिषद अहरौरा से कल तक समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़ाने वाले पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राजेंद्र सोनकर अब चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया है और समाजवादी पार्टी ने भी नया दांव खेलते हुए वैश्य समाज से उनसे भी मजबूत प्रत्याशी गोपालदास जायसवाल को चुनाव मैदान में उतार दिया है।

वहीं आम आदमी पार्टी ने नगर में रमेशचंद्र केसरी को अपना प्रत्याशी बनाया है। भारतीय जनता पार्टी से कौन होगा। नगर पालिका अध्यक्ष पद का प्रत्याशी इसका कयास जारी है। नगर पालिका चुनाव की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है नगर में चुनावी सरगर्मी बढ़ती जा रही है वैसे तो नामांकन संपन्न होने एवं चुनाव चिन्ह मिल जाने के बाद ही कौन किस पार्टी से चुनाव लड रहा है इसका सही अंदाजा लग पाएगा। लेकिन अभी तक की स्थितियों पर नजर डाला जाए तो कांग्रेस पार्टी से उमाशंकर प्रजापति जहां चुनाव मैदान में उतर चुके हैं वहीं समाजवादी पार्टी ने अपना पूर्व प्रत्याशी बदलते हुए गोपालदास जायसवाल को अपना नया प्रत्याशी बनाया है। गोपाल दास जायसवाल पूर्व में एक हिंदी दैनिक के पत्रकार भी रह चुके हैं और वर्तमान समय में व्यापार मंडल के अध्यक्ष भी हैं।

पुराने समाजवादी गोपालदास जायसवाल का कहना है कि समाजवादी पार्टी ने हमको प्रत्याशी बनाकर जो जिम्मेदारी सौंपी है उस जिम्मेदारी का निर्वहन करने का प्रयास करूंगा।

वहीं आम आदमी पार्टी ने ट्रांसपोर्ट से जुड़े रमेश चंद केसरी को अपना प्रत्याशी बनाया है। निर्दल प्रत्याशी के रूप में वर्तमान सभासद सिद्धार्थ सिंह उर्फ मिक्की सिंह चुनाव मैदान में है और जोरदार ढंग से अपने प्रचार प्रसार में लगे हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी से चुनाव लड़ने की चर्चा वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष गुलाब मौर्य की होने के कारण बसपा प्रत्याशी के रूप में अपना प्रचार कर रहे दिलदार सोनकर शांत पड़ गए हैं। नगर में चर्चा है कि अगर भारतीय जनता पार्टी ने गुलाब मौर्य को अपना प्रत्याशी बनाया तो दिलदार सोनकर बसपा से चुनाव नहीं लड़ेंगे अब आगे क्या होगा यह आने वाला समय ही बताएगा।

# तेजी से बढ़ रही धूप व तपन के दौरान गहराया पेयजल संकट

## ग्राम पंचायत की ओर से की गयी व्यवस्था साबित हो रही नाकाफी

**जनसंदेश न्यूज**

**राजगढ़।** स्थानीय विकास खंड क्षेत्र अन्तर्गत पहाड़ी क्षेत्रों में पेयजल संकट तेजी से गहराता जा रहा है। जिससे लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी सुलभ नहीं हो रहा है। वहीं अपनी जरुरत भर पानी के लिए दूर दराज से ढोने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। विकास खंड क्षेत्र के गरेरी, पतेरी, विशुनपुर, मटिहानी, गोरथरा, इमीलियां, तथा नदिहार, चौखड़ा, निकरिका, आदि दर्जनों गांवों में टैंकर की व्यवस्था ग्राम सभा की ओर से लगातार संचालित किए जा रहे हैं। लेकिन गांव की आबादी के हिसाब से जन जन तक पानी पहुंचाना मुश्किल साबित हो रहा है। जबकि शासन स्तर पर पेयजल संबंधित समस्याओं के तत्काल निराकरण हेतु स्थानीय विकास खंड कार्यालय के सहायक विकास अधिकारी एवं संबंधित गांव के सचिवों को एलर्ट जारी किया गया है कि गांव में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था पर लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की तलवार लटक रही है ऐसे में पहाड़ी इलाकों में अतिरिक्त पेयजल मुहैया कराए जाने की मांग किया जा रहा है।



# बेबसी से दरक रहा नारी सम्मान में बना पक्का घाट

**यह है हाल**

**निर्माण में हुआ था 1.82 लाख खर्च**

**नमामि गंगे योजना में 27 करोड़ खर्च पर हाल जस का तस**

**जनसंदेश न्यूज**



पक्का घाट

**मीरजापुर।** विंध्य क्षेत्र आदिकाल से ही शक्ति साधना का केंद्र रहा है। माता विंध्यवासिनी के अनन्य भक्त नबालक साव ने अपनी शक्ति स्वरूपा धर्मपत्नी तुलसी देवी के सम्मान में अपनी पूंजी से नगर में गंगा के तट पर बेजोड़ आकर्षक नक्काशी वाले पत्थरों से पक्का घाट का निर्माण कराया था। करीब 175 वर्ष बाद भी आलीशान पक्का घाट नारी सम्मान के प्रतीक के रूप में खड़ा है। जो वक्त की मार और उपेक्षा से धसकने की ओर बढ़ रहा है।

कहने को केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने 7 मार्च 2019 में इसी घाट से नमामि गंगे योजना के प्रस्तावित योजना का शुभारम्भ किया था। घाट के जीर्णोद्धार एवं शवदाह गृह के निर्माण के लिए 27 करोड़ की योजना भले ही खत्म हो गई। लेकिन घाट जस का तस रह गया। पक्काघाट के निर्माण में जनपद के ही पत्थरों का प्रयोग कर आकर्षक स्वरूप प्रदान किया गया। तीन वर्ष तक चले घाट के निर्माण कार्य में करीब एक लाख 82 हजार खर्च किया गया था। बेजोड़ शिल्पकारी से चित्रित पत्थरों से सजा पक्काघाट बारहदरी से छनकर आने वाली हवा व पतित पावनी माँ गंगा नदी का दिव्य दर्शन आज भी घाट पर आने वालो को सुकून प्रदान करता है। सरकारी स्तर बरती जा रही लापरवाही से घाट की बदहाली देख जर्रा जर्रा सिसक रहा है। जिससे पड़ी दरारे खुद हकीकत बयां कर रही हैं।

कहने को घाट के सौंदर्यीकरण के नाम पर 17 करोड़ खर्च कर दिया गया। लेकिन पक्का घाट की दशा नहीं बदली। 31 दिसम्बर 2017 से प्रतिदिन माँ गंगा की आरती विंध्य हेरिटेज फाउंडेशन के द्वारा जन सहयोग से किया जा रहा है। घाट पर लगा रंगीन फौवारा लोगों को मोहित करता है। जिसे बाढ़ के दौरान हटा दिया गया, धनाभाव के कारण दुबारा नहीं लग सका है।

दरकती घाट की सीढ़ियों व ईमारत में पड़ते दरार अपने बेबसी पर सिसक रहे है। रवि शंकर साहू ने महिला मार्केट के रूप में विख्यात पक्का घाट बाजार में अतिक्रमण की अनदेखी पर आश्चर्य जताया। अतिक्रमण की होड़ से घाट का मार्ग दुबला होता जा रहा हैं। बढ़ती आबादी और उपेक्षित घाट की ओर ध्यान नहीं दिया गया तो फोटो में ही बेजोड़ धरोहर पक्काघाट नजर आयेगा।

# स्पोर्ट्स

## मोहम्मद सिराज से एक अज्ञात व्यक्ति ने किया संपर्क, दिया मोटी रकम का लालच... आरसीबी के तेज गेंदबाज ने किया खुलासा

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने बीसीसीआई की भ्रष्टाचार निरोधक ईकाइ (एसीयू) को जानकारी दी है कि एक अज्ञात व्यक्ति ने आईपीएल के पिछले मैच में भारी पैसा हारने के बाद उनकी टीम की अंदरूनी जानकारी के लिये उनसे संपर्क किया था। सिराज ने फोन आने के बाद तुरंत एसीयू अधिकारियों को इसकी सूचना दी। बोर्ड के एक सूत्र ने बताया , जिसने सिराज से संपर्क किया वह सटोरिया नहीं था। वह मैचों पर सट्टा लगाने का आदी हैदराबाद का एक ड्राइवर था । उसने काफी पैसा गंवा दिया था इसलिये उसने अंदरूनी जानकारी के लिये सिराज से संपर्क किया। उन्होंने कहा, सिराज ने तुरंत इसकी सूचना दी । उस व्यक्ति को पकड़ लिया गया है और विस्तार से जानकारी का इंतजार है ।



# केकेआर के खिलाफ दिल्ली के लिये 'करो या मरो' का मुकाबला

## खराब फॉर्म से जूझ रही दिल्ली कैपिटल्स को जीतना होगा और पिछले सत्र में टीम के स्टार रहे पृथ्वी साव पर गाज गिर सकती है

**नई दिल्ली।** खराब फॉर्म से जूझ रही दिल्ली कैपिटल्स को इंडियन प्रीमियर लीग के करो या मरो के मुकाबले में बृहस्पतिवार को हर हालत में कोलकाता नाइट राइडर्स को हराना होगा और पिछले सत्र में टीम के स्टार रहे पृथ्वी साव पर गाज गिर सकती है । इस सत्र में पांच मैचों में साव 34 रन ही बना सके हैं और उनका सर्वोच्च स्कोर 15 रन रहा है । इससे उनके टीम से बाहर किये जाने की आशंका प्रबल है। दिल्ली इस सत्र में अभी तक पांचों मैच गंवा चुकी है जिससे केकेआर के खिलाफ मैच में शीर्षक्रम में बदलाव देखने को मिल सकते हैं।



विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में आजमाये गए सरफराज खान को पावरप्ले के ओवरों के लिये विशेषज्ञ सलामी बल्लेबाज के रूप में उतारा जा सकता है जबकि दूसरा विकल्प अनुभवी मनीष पांडे को ऊपर भेजने का हो सकता है । डेविड वॉर्नर की अगुवाई वाली टीम अगर यह मैच हार जाती है तो प्लेआफ में पहुंचने के सारे दरवाजे लगभग बंद हो जायेंगे। दूसरी ओर केकेआर पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से मिली हार को भुलाना चाहेगी। कप्तान नितिश राणा, मध्यक्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह और वेस्टइंडीज के आक्रामक बल्लेबाज आंद्रे रसेल के पास किसी भी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ने की काबिलियत है।

दिल्ली के लिये सबसे बुरी खबर साव का खराब फॉर्म रहा है । पूर्व अंडर 19 विश्व कप विजेता कप्तान अपने चिर परिचित अंदाज में नहीं दिखे हैं । उन्होंने 2021 में 479 और पिछले साल दस मैचों में 283 रन बनाये थे लेकिन इस बार तेज गेंदबाजों का वह सामना भी नहीं कर पा रहे हैं ।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ पिछले मैच में वह रन आउट हो गए जिसमें दिल्ली को 23 रन से पराजय झेलनी पड़ी। वॉर्नर के खराब फॉर्म की आलोचना भले ही हो रही है लेकिन दूसरे छोर से विकेटों के पतन के बीच उन्हें खुलकर खेलने का मौका ही नहीं मिल रहा। उन्होंने पांच मैचों में 116 की स्ट्राइक रेट से 228 रन बनाये हैं । आस्ट्रेलिया के मिशेल मार्श तीसरे नंबर पर चल नहीं सके हैं । ऐसे में रिली रोसोयू या रोवमैन पावेल को उतारा जा सकता है । यश धुल के पास तकनीक की कमी है और वह इससे उबर नहीं पा रहे हैं ।

दिल्ली की बेंच स्ट्रेंथ भी काफी कमजोर है जिसकी वजह से खराब फॉर्म से जूझ रहे खिलाड़ियों के विकल्प ही नहीं है । केकेआर टीम में रहमानुल्लाह गुरबाज की जगह इंग्लैंड के जैसन रॉय को उतारा जा सकता है । लेग स्पिनर सुयश शर्मा का अपने घरेलू मैदान पर यह पहला मैच होगा । केकेआर की सफलता की कुंजी नितिश, रिंकू, रसेल और वेंकटेश अय्यर का फॉर्म रहेगी ।

***टीमें*** :-

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** नीतीश राणा (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, शार्दुल ठाकुर, लॉकी फर्ग्यूसन, उमेश यादव, टिम साउदी, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, अनुकुल रॉय, रिंकू सिंह, एन. जगदीसन, वैभव अरोड़ा, सुयश शर्मा, डेविड विसे, कुलवंत खेजरोलिया, लिटन दास, मनदीप सिंह और जेसन रॉय।

**दिल्ली कैपिटल्स:** डेविड वार्नर (कप्तान), पृथ्वी साव, सरफराज खान, अमन हकीम खान, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, खलील अहमद, कुलदीप यादव, रोवमैन पॉवेल, रिले रोसोयू, एनरिच नोर्किया, मुस्तफिजुर रहमान, चेतन सकारिया, मुकेश कुमार, फिल सॉल्ट, लुंगी एनगिडी, प्रवीण दुबे, ललित यादव, रिपल पटेल, विक्की ओस्तवाल, ईशांत शर्मा, मनीष पांडे, कमलेश नागरकोटी और यश धुल। मैच का समय : शाम 7.30 से ।

## 'मैंने हमेशा भारत में घर जैसा महसूस किया है', पूर्व कप्तान फाफ डू प्लेसी की आत्मकथा अगले महीने होगी जारी



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डू प्लेसी की आत्मकथा अगले महीने जारी होगी जिसमें खेल को लेकर उनके संघर्ष और लगाव के साथ इसके बाहर की यात्रा का जिक्र होगा। 'पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया' की 'ईबरी प्रेस' द्वारा प्रकाशित होने वाली इस किताब का नाम 'फाफ थ्रू फायर' है। इसमें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के कप्तान पाठकों को क्रिकेट के साथ साथ इस खेल से बाहर की अपनी जिंदगी की कहानी से रूबरू करवायेंगे। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम के 38 साल के पूर्व कप्तान ने इस किताब में महेंद्र सिंह धोनी, गैरी कर्स्टन, स्टीफन फ्लेमिंग, ग्रीम स्मिथ और एबी डिविलियर्स सहित कुछ प्रमुख अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों के साथ अपने अनुभवों के बारे में बात की। यहां जारी विज्ञप्ति में डु प्लेसी ने कहा, मैं अपनी किताब 'फाफ थ्रू फायर' के भारत में लॉन्च होने को लेकर बहुत उत्साहित हूं। मैंने हमेशा यहां घर जैसा महसूस किया है और वर्षों से भारत में खेलने के दौरान मुझे अपार समर्थन मिला है। मुझे उम्मीद है कि पाठक इसे पढ़ने का उतना ही आनंद लेंगे जितना मुझे इसे साझा करने में मजा आया। डु प्लेसी के नाम 200 से अधिक टेस्ट और एकदिवसीय क्रिकेट मैचों में 22 शतक और 56 अर्धशतक हैं।

# चोरी का शिकार हुई दिल्ली की टीम, 13 बल्ले सहित 14 लाख का सामान गायब

## वॉर्नर ने तीन और ढुल ने पांच बैट खोए

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2023 के बीच दिल्ली कैपिटल्स की टीम के साथ चोरी की घटना सामने आई है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ियों की क्रिकेट किट से बैट और पैड सहित कई अन्य सामान चोरी हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली की टीम बेंगलुरु से दिल्ली लौट रही थी। इसी दौरान खिलाड़ियों का सामान चोरी हुआ।



दिल्ली के कप्तान डेविड वॉर्नर और फिल सॉल्ट की किट से तीन-तीन बल्ले गायब हुए हैं। वहीं, मिचेल मार्श के दो बल्ले गए हैं। युवा यश ढुल के कम से कम पांच बल्ले खो गए हैं। खिलाड़ियों को चोरी की बात अगले दिन पता चली, जब उनका सामान होटल में उनके कमरे में पहुंचा। विदेशी खिलाड़ियों ने जिन बल्लों को खोया, उनमें से प्रत्येक की कीमत एक लाख रुपये थी।

कई खिलाड़ियों के जूते और ग्लव्स भी चोरी हुए हैं। सामान चोरी होने के बावजूद दिल्ली के खिलाड़ियों ने कोलकाता के खिलाफ मैच से पहले अभ्यास किया। दिल्ली की टीम फिलहाल इस मामले पर विचार कर रही है कि वह कैसे पुलिस की मदद ले सकती और चोरी हुआ सामान मिल सकता है या नहीं। आईपीएल 2023 में दिल्ली की टीम लगातार पांच मैच हार चुकी है और अंक तालिका में आखिरी स्थान पर है। दिल्ली का अगला मैच गुरुवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ होगा। दिल्ली के लिए आईपीएल 2023 अब तक भूलने वाला रहा है। इस टीम के नियमित कप्तान ऋषभ पंत टूनार्मेंट की शुरूआत से पहले ही कार हादसे का शिकार हो गए थे और इस साल के अंत तक फील्ड पर लौटेंगे। नए कप्तान डेविड वॉर्नर की अगुआई में टीम अब तक लय नहीं पकड़ सकी है। दिल्ली को अभी भी पहली जीत की तलाश है। अब दिल्ली के लिए प्लेऑफ की राह भी काफी मुश्किल हो चुकी है। अंक तालिका की शीर्ष चार टीमों में जगह बनाने के लिए अपने बाकी बचे मुकाबलों में अधिकतर में जीत हासिल करनी होगी। यह दिल्ली के लिए बड़ी चुनौती होगी।

## फैन ने विराट कोहली की बेटी वामिका को डेट पर ले जाने की बात कही ! हुआ बवाल




आईपीएल 2023 का रोमांच फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है। अब तक एक के बाद एक कई दिलचस्प मुकाबले खेले गए हैं। हाल ही में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मुकाबला खेला गया था, जिसमें रनों और छक्कों की बारिश हुई। स्टेडियम में फैंस भी एंजॉय करने के लिए तरह-तरह के पोस्टर्स और प्लेकार्ड लेकर पहुंचते हैं, इस पर तरह-तरह के मैसेज लिखे होते हैं। हालांकि, आरसीबी बनाम चेन्नई मैच में एक पोस्टर पर जमकर विवाद हो रहा है। दरअसल, एक नन्हा फैन स्टेडियम में वामिका को डेट पर ले जाने का पोस्टर लेकर पहुंचा था। इस पर सोशल मीडिया पर जमकर बवाल हो रहा है। नन्हा फैन जो पोस्टर पकड़ा हुआ था, उस पर लिखा था- हाय विराट अंकल! क्या मैं वामिका को डेट पर ले जा सकता हूं? अब इस पोस्टर को लेकर सोशल मीडिया पर दो गुट बन गए हैं।

कुछ फैंस इसे बच्चे का क्यूट मैसज और तरीका बता रहे हैं। वहीं, कुछ लोग इस पर जमकर बवाल काट रहे हैं। सोशल मीडिया पर कुछ लोग इस पर उस बच्चे के माता-पिता को कोस रहे हैं और खराब पैरेंटिंग का उदाहरण बता रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- इससे कुछ लोगों को दो मिनट का अटेंशन मिल जाए, लेकिन यह बहुत गलत है। यह बिल्कुल भी मजाकिया नहीं है। गलत परवरिश। दूसरे यूजर ने लिखा- मुझे इसमें जरा भी क्यूटनेस नहीं लगी।

मुझे इस बच्चे के माता-पिता पर तरस आ रहा है। यह अच्छी परवरिश नहीं है। इस बच्चे को पता नहीं है कि उसके माता-पिता ने उसके हाथ में कैसा पोस्टर पकड़ा दिया है। इस तरह के माता-पिता के साथ सख्ती से पेश आना चाहिए। पूजा त्रिपाठी नाम के यूजर ने लिखा- अगर मैं वामिका की गार्जियन होती तो मैं काफी गुस्सा होती।

***मैच में क्या हुआ ?***

आईपीएल 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को आठ रन से हरा दिया। इस मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 226 रन बनाए। डेवोन कॉनवे ने 45 गेंदों में 83 रन और शिवम दुबे ने 27 गेंदों में 52 रन की पारी खेली। बैंगलोर की टीम इसके जवाब में 218 रन ही बना सकी। कप्तान फाफ डुप्लेसिस ने 33 गेंदों में 62 रन और ग्लेन मैक्सवेल ने 36 गेंदों में 76 रन की पारी खेली। हालांकि, यह टीम को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं था।

# आईपीएल के बीच पंजाब किंग्स को लगा झटका ! मैच से पहले शिखर धवन देंगे फिटनेस टेस्ट

## फॉर्म में चल रहे 37 वर्ष के धवन कंधे की चोट के कारण 15 अप्रैल को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ नहीं खेल सके थे

**मोहाली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ बृहस्पतिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच से पहले पंजाब किंग्स अपने कप्तान शिखर धवन के फिट होने की दुआ कर रहा होगा क्योंकि इस मैच में उन्हें आक्रामक बल्लेबाजी का सख्त जरूरत है । फॉर्म में चल रहे 37 वर्ष के धवन कंधे की चोट के कारण 15 अप्रैल को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ नहीं खेल सके थे । उनकी जगह इंग्लैंड के हरफनमौला सैम कुरेन ने कमान संभाली थी और पंजाब ने इकाना स्टेडियम पर दो विकेट से जीत दर्ज की थी। पंजाब के लिये जिम्बाब्वे के हरफनमौला सिकंदर रजा ने अब तक सबसे ज्यादा रन बनाये हैं । उनके



अलावा मैथ्यू शॉर्ट, हरप्रीत सिंह और एम शाहरूख खान ने भी जीत में योगदान दिया। लखनऊ की तुलना में हालांकि आरसीबी कठिन प्रतिद्वंद्वी है और कुरेन को पता है कि फाफ डु प्लेसी की टीम को हराने के लिये उन्हें भी बल्लेबाजी में योगदान देना होगा। बतौर बल्लेबाज उनका खराब फॉर्म चिंता का सबब है क्योंकि वह पिछले मैच में छह रन ही बना सके । उनके तीन विकेट ने हालांकि केएल राहुल की टीम को आठ विकेट पर 159 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई।

धवन की मौजूदगी में पंजाब का शीर्षक्रम मजबूत है लेकिन उनकी फिटनेस संदिग्ध होने के कारण उनके सलामी जोड़ीदार प्रभसिमरन सिंह को समझदारी से खेलना होगा । प्रभसिमरन (चार) और उनके नये सलामी जोड़ीदार अथर्व तायडे (0) सस्ते में आउट हो गए थे। पंजाब की गेंदबाजी हालांकि अब तक प्रभावी रही है ।अर्शदीप सिंह और कुरेन ने मोर्चे से अगुवाई की हे जबकि दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने उनका बखूबी साथ दिया है । पांच मैचों में छह अंक लेकर पांचवें स्थान पर काबिज पंजाब के बल्लेबाजों ने निराश किया है और उन्हें धवन की सख्त जरूरत है। दूसरी ओर आरसीबी का तकदीर साथ नहीं दे रही । कप्तान डु प्लेसी और विराट कोहली पारी की शुरूआत करके शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं । ग्लेन मैक्सवेल ने चौथे नंबर पर अच्छा प्रदर्शन किया है । उनके बाद शाहबाज अहमद, दिनेश कार्तिक और सुयश प्रभुदेसाई ने भी अपनी उपयोगिता साबित की है लेकिन शीर्ष क्रम के लगातार अच्छा नहीं खेल पाने से उन्हें निराशा हाथ लगी है । कोहली (छह) और महिपाल लोमरोर (0) चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ सस्ते में आउट हो गए थे । जीत के लिये 226 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए डु प्लेसी और मैक्सवेल ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन टीम आठ रन से हार गई ।अब टीम पांच मैचों में चार अंक लेकर आठवें स्थान पर है । उसे अपना मनोबल बढाने के लिये अब कुछ अच्छी जीत की दरकार है ।

***टीमें:-***

पंजाब किंग्सः शिखर धवन (कप्तान), अर्शदीप सिंह, बलतेज सिंह, राज बावा, राहुल चाहर, सैम कुरेन, ऋषि धवन, नाथन एलिस, हरप्रीत बरार, हरप्रीत सिंह, वी कावेरप्पा, लियाम लिविंगस्टोन, मोहित राठी, प्रभसिमरन सिंह, कागिसो रबादा , भानुका राजपक्षे, एम शाहरुख खान, जितेश शर्मा, शिवम सिंह, मैथ्यू शॉर्ट, सिकंदर रजा और अथर्व तायडे।

# एशियाई खेलों से पहले एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में होगी कड़ी परीक्षा : हरमनप्रीत सिंह

## भारत एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश करेगा



**बेंगलुरू।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने मंगलवार को कहा कि इस साल सितंबर अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेलों से पहले चेन्नई में होने वाली एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में टीम की कड़ी परीक्षा होगी। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी तीन से 12 अगस्त तक आयोजित की जाएगी जो हांगझू में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारियों के लिए आदर्श टूनार्मेंट होगा। भारत एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश करेगा।

हरमनप्रीत ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, हमारी टीम में से अधिकतर खिलाड़ी पहली बार चेन्नई में खेलेंगे। मुझे याद है कि हमारे सीनियर खिलाड़ी 2007 में चेन्नई में खेले गए एशिया कप के बारे में बात किया करते थे जो कि भारत के लिए बहुत अच्छा टूनार्मेंट रहा था। उन्होंने कहा, यह टूनार्मेंट खुद को परखने के दृष्टिकोण से हमारे लिए बहुत अच्छा होगा क्योंकि हमें उन टीमों का सामना करना है जिनसे हम एशियाई खेलों में भिड़ेंगे। एशियाई खेलों से पहले यह टीम के लिए कड़ी परीक्षा होगी।

हरमनप्रीत ने कहा, इससे हमें अपने विरोधियों को भी परखने का मौका मिलेगा जिससे हमें एशियाई खेलों की अच्छी तरह से तैयारी कर पाएंगे जहां हमारा लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करना है। भारत ने 2011 में पहली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। उसने 2016 में फाइनल में पाकिस्तान को हराकर अपने खिताब का बचाव किया था। इसके बाद 2018 में फाइनल मैच बारिश से प्रभावित रहा जिसके कारण भारत और पाकिस्तान को संयुक्त विजेता घोषित किया गया था। ढाका में 2021 में खेले गए टूर्नामेंट में भारत तीसरे स्थान पर रहा था।

## आईपीएल में हमें राहुल तेवतिया और डेविड मिलर जैसे खिलाड़ी चाहिये : ब्रायन लारा



**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच ब्रायन लारा का मानना है कि आईपीएल के मौजूदा सत्र में पावरप्ले में कई विकेट गंवाना उनकी टीम की परेशानी बनी हुई है और उन्हें मध्यक्रम में लंबी पारी खेलकर फिनिशर की भूमिका निभाने वाला बल्लेबाज चाहिये। लारा ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, विकेट गंवाने से हमेशा आप दबाव में आ जाते हैं। हमने जब भी जीत दर्ज की है, तब सलामी बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपकी बल्लेबाजी में कितनी गहराई है। आपको यह सुनिश्चित करना होता है कि सही बल्लेबाजों को रन बनाने का मौका मिले और इस मैच में वह मौका नहीं लिया। मुंबई इंडियंस ने सनराइजर्स को मंगलवार को 14 रन से हराया। लारा ने कहा, हमारा मध्यक्रम अभी परिपक्व नहीं है। हमें ऐसे खिलाड़ी चाहिये जो आखिर तक खेलकर जीत दिलायें। आईपीएल में राहुल तेवतिया, डेविड मिलर जैसे उदाहरण है। हमें भी वैसे ही बल्लेबाज चाहिये। हम उस पर काम कर रहे हैं लेकिन इस मैच में हम बेहतर टीम नहीं थे। इसे स्वीकार करना होगा। उन्होंने कहा, हमने पांचों मैचों में पावरप्ले में काफी विकेट गंवाये। इससे हम शुरू ही से दबाव में आ गए । हमें इसमें सुधार करना होगा। वहीं 17 गेंद में 37 रन बनाने वाले मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने कहा कि वह टीम के लिये किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी करने को तैयार है। उन्होंने कहा, ह्यह्यमैं किसी भी क्रम पर खेलने को तैयार हूं। मैने हालात के अनुरूप बल्लेबाजी के लिये खुद को तैयार किया है। मैने टीम प्रबंधन को भी बता दिया है कि मैं किसी भी क्रम पर खेल सकता हूं।

# तमिलनाडु में दलित ईसाइयों को मिलेगा अनुसूचित जाति का लाभ

## मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन द्वारा सदन में रखे गये प्रस्ताव को काफी विरोध के बीच पारित कर दिया गया



**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा ने बुधवार को एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र से अनुरोध किया कि ईसाई धर्म अपनाने वाले अनुसूचित जाति (एससी) के लोगों को भी एससी को मिलने वाले लाभ दिये जाएं। मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन द्वारा सदन में रखे गये प्रस्ताव को काफी विरोध के बीच पारित कर दिया गया, लेकिन इससे पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों ने बर्हिगमन किया।

प्रस्ताव में केंद्र सरकार से यह मांग की गयी है कि वह दलित ईसाइयों को शिक्षा और नौकरियों में आरक्षण का लाभ प्रदान करने के लिए संविधान में संशोधन करे। स्टालिन ने दलित ईसाइयों को एससी को मिलने वाले आरक्षण का लाभ प्रदान करने का प्रस्ताव रखते हुए कहा कि आदि द्रविड़ों के ईसाई धर्म अपना लेने मात्र से उन्हें विशेषाधिकारों से वंचित नहीं किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा, अगर उन्हें शिक्षा और रोजगार में आरक्षण का लाभ दिया जाता है तो उनका सामाजिक उत्थान होगा। महज, इसलिए कि उन्होंने दूसरा धर्म अपना लिया है, उन्हें सभी लाभों से वंचित करना उचित नहीं है। यह हमारा रुख है। उन्होंने तर्क दिया कि लोगों को अपनी पसंद के धर्म के पालन का अधिकार है, लेकिन उन्हें जाति के आधार पर अलग करना सामाजिक बुराई है। प्रस्ताव का विरोध करते हुए भाजपा की सदस्य वनथी श्रीनिवासन ने इस तरह का प्रस्ताव लाने के आधार पर सवाल उठाया, खासकर जब केंद्र ने इस मुद्दे पर एक आयोग का गठन किया हुआ है। विधानसभा अध्यक्ष एम अप्पावु ने उनकी टिप्पणियों को कार्यवाही से हटा दिया और आगाह किया कि उन्हें किसी गुप्त मंशा के साथ विरोध करने की आवश्यकता नहीं है। अध्यक्ष ने कहा, मुख्यमंत्री को प्रस्ताव पेश करने का पूरा अधिकार है। आप केवल अपना यह विचार व्यक्त कर सकते हैं कि आप इसे स्वीकार करते हैं या नहीं। विपक्षी ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के के. पलानीस्वामी और ओ. पन्नीरसेल्वम दोनों ही गुटों ने प्रस्ताव का समर्थन किया, जबकि भाजपा ने बहिर्गमन किया। बाद में, विधानसभा के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए श्रीनिवासन ने कहा कि विधानसभा का प्रस्ताव संविधान के खिलाफ है, क्योंकि पहले ही उच्चतम न्यायालय में एक रिट दायर की जा चुकी है। उन्होंने दावा किया कि मामले की सुनवाई जुलाई में होनी है। उन्होंने पूछा, ह्यह्यभाजपा जानना चाहती है कि यह प्रस्ताव क्यों लाया गया, जब केंद्र ने पहले ही एक आयोग का गठन कर दिया है और मामला अदालत में लंबित है। क्या यह प्रस्ताव परोक्ष रूप से स्वीकार करता है कि धर्मांतरण के बावजूद ईसाई और मुस्लिम धर्मों में अस्पृश्यता मौजूद है? भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कोयम्बटूर (दक्षिण) की विधायक श्रीनिवासन ने दावा किया कि द्रमुक सरकार राजनीतिक कारणों से यह प्रस्ताव लेकर आई है।

### प्रधानमंत्री 21 अप्रैल को सिविल सेवकों को करेंगे संबोधित

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 अप्रैल को सिविल सेवा दिवस के अवसर पर विज्ञान भवन में सिविल सेवकों को संबोधित करेंगे। आज यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रधानमंत्री ने राष्ट्र निर्माण में सिविल सेवकों के योगदान की लगातार सराहना की है तथा उन्हें और अधिक मेहनत करने के लिए उत्साहित किया है। यह कार्यक्रम देश भर के सिविल सेवकों को उत्साहित और प्रेरित करने में प्रधानमंत्री के लिए एक उपयुक्त मंच के रूप में काम करेगा, ताकि वे विशेष रूप से अमृत काल के इस महत्वपूर्ण चरण के दौरान समान उत्साह के साथ देश की सेवा कर सकें। इस आयोजन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार भी प्रदान करेंगे। इस पुरस्कार को आम नागरिकों के कल्याण के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के जिलों और संगठनों द्वारा किए गए असाधारण और अभिनव कार्यों को मान्यता देने की दृष्टि से स्थापित किया गया है। हर घर जल योजना के माध्यम से स्वच्छ जल को बढ़ावा, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के माध्यम से स्वस्थ भारत को बढ़ावा, समग्र शिक्षा के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा, आकांक्षी जिला कार्यक्रम के माध्यम से समग्र विकास - संतृप्ति दृष्टिकोण पर विशेष ध्यान देने के साथ समग्र प्रगति में किए गए अनुकरणीय कार्यों के लिए पुरस्कृत किया जाएगा।

## मेरिट के आधार पर कास्टिंग होनी चाहिये : प्रियंका चोपड़ा



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा का कहना है कि कोई कैंप बॉलीवुड पर राज नहीं कर सकता और मेरिट के आधार पर कास्टिंग होनी चाहिये। प्रियंका चोपड़ा ने कहा कि बॉलीवुड में लोगों का चुनाव मेरिट के आधार पर होना चाहिए न कि पॉलिटिक्स के आधार पर।कोई कैंप बॉलीवुड और फिल्मों पर राज नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा, पिछले 5-10 सालों में फिल्म इंडस्ट्री में काफी बदलाव हुए हैं। इंडस्ट्री में बाहर से काफी टैलेंटेड लोग आ रहे हैं। फिल्मों में कास्टिंग योग्यता के आधार पर होनी चाहिए न कि पॉलिटिक्स के आधार पर। कोई भी कैंप बॉलीवुड या कास्टिंग को लेकर रूल नहीं कर सकता। फिल्मों में कास्टिंग इस आधार पर भी होनी चाहिए कि आपकी ऑडियंस क्या देखना चाहती है। प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी इंटरनेशनल सीरीज सिटाडेल को लेकर चर्चा में है। सिटाडेल का प्रीमियर 28 अप्रैल को किया जाएगा। सिटाडेल को 06 एपिसोड में तैयार किया गया है।

## खास खबर

### श्रद्धा हत्याकांड की चार्जशीट रिपोर्ट प्रसारित करने पर लगी रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को सभी समाचार चैनलों को श्रद्धा वाकर हत्या मामले में चार्जशीट की सामग्री प्रदर्शित करने या चलाने से रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति रजनीश भटनागर ने केंद्र को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि दिल्ली पुलिस द्वारा दायर याचिका के निस्तारण तक कोई भी समाचार चैनल इस तरह की सामग्री प्रदर्शित न करे। यह आदेश दिल्ली पुलिस की एक याचिका पर पारित किया गया था, जिसमें आरोप पत्र और मामले में जांच के दौरान एकत्र की गई अन्य सामग्री में निहित गोपनीय जानकारी को प्रकाशित करने, छापने और प्रसारित करने से मीडिया घरानों को रोकने की मांग की गई थी।

### आदेश की अवहेलना में अधिकारियों को हिरासत में लिया

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रिटायर्ड जजों को सुविधाएं देने के आदेश की अवहेलना मामले में प्रमुख सचिव वित्त एसएमए रिजवी और विशेष सचिव वित्त सरयू प्रसाद मिश्र को न्यायिक अभिरक्षा में ले लिया है। कल 10 बजे अवमानना आरोप निर्मित करने के लिए हाजिर होने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति सुनीत कुमार तथा न्यायमूर्ति राजेंद्र प्रसाद की खंडपीठ ने रिटायर्ड जजेज एसोसिएशन की याचिका पर दिया है। अधिकारियों को कस्टडी में ले लिया गया है।

### कर्नाटक चुनाव में स्टार प्रचारक बने सीएम योगी

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने कर्नाटक में होने वाले विधानसभा चुनावों में प्रचार के लिए अपने स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है। स्टार प्रचारकों की सूची मे यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का नाम भी शामिल है। जारी लिस्ट के अनुसार पीएम मोदी,बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के साथ यूपी के सीएम योगी भी भाजपा के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे।

## राजनाथ का सख्त संदेश

### एलएसी पर तनाव के बीच बोले रक्षामंत्री, बदलते परिदृश्य में रक्षा तैयारियों का आकलन जरूरी



**नई दिल्ली।** चीन से जारी गतिरोध और वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीनी गतिविधियों के बीच रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सेना को सतर्क किया है। उन्होंने सेना कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान उन्होंने कहा कि एलएसी पर पीएलए सैनिकों की तैनाती के मद्देनजर उत्तरी क्षेत्र में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है ऐसे में सेना को इस सीमा पर कड़ी निगरानी रखने की जरूरत है।

सेना के सूत्रों ने बताया कि इस दौरान रक्षामंत्री ने सशस्त्र बलों से दुनिया भर में भू-राजनीतिक परिवर्तनों पर ध्यान देने और उसके मुताबिक अपनी योजना और रणनीतियों को ढालने का आह्वान भी किया। राजनाथ सिंह की यह टिप्पणी पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ बीते कई सालों से चल रहे सीमा विवाद के संदर्भ में आई है। इस दौरान राजनाथ सिंह ने यह भी कहा कि इस समय विश्व तमाम तरह की अनिश्चितताओं का सामना कर रहा है। इसके चलते भविष्य के युद्ध अत्यधिक अप्रत्याशित होंगे। साथ ही वर्तमान के रोज बदलते परिदृश्य में खतरों और हथियारों का दायरा काफी व्यापक हो गया है। इसके अनुसार हमें अपनी रक्षा तैयारियों का आकलन करने की जरूरत है। इस दौरान उन्होंने खुफिया डेटा के प्रभावी इस्तेमाल पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि वास्तविक समय की खुफिया जानकारी का अधिक प्रभावी ढंग से उपयोग सुनिश्चित करने की आवश्यकता है जिससे हम भविष्य में ऐसी किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार हो सकें।

अपने संबोधन में उन्होंने यह भी कहा कि देश की सुरक्षा सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे में मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि सरकार की पूरी कोशिश है कि सीमा पर तैनात हर जवान को बेहतरीन हथियार और सुविधाएं मुहैया कराई जाए।

### ईडी ने की हवाला कारोबारी नरेश जैन की 21 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कहा कि उसने कथित हवाला कारोबारी नरेश जैन की 21 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्ति धनशोधन जांच के तहत जब्त की है जिनमें फ्लैट और जमीन भी शामिल हैं। ईडी ने एक बयान में कहा कि कुल पांच अचल संपत्ति को जब्त किया गया है जो मध्य प्रदेश के इंदौर, उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा, हिमाचल प्रदेश के सोलन और गुजरात के गांधीनगर में स्थित हैं। धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किए जाने के बाद इन संपत्ति को जब्त किया गया है। इन संपत्ति का कुल मूल्य 21.31 करोड़ रुपये है। एजेंसी का आरोप है कि नरेश जैन और अन्य ने अंतरराष्ट्रीय और घरेलू हवाला संचालन किया। एजेंसी के आरोप के अनुसार नरेश जैन ने अपने सहयोगियों, करीबी लोगों, कर्मचारियों और अन्य लोगों के साथ फर्जी कंपनियों की स्थापना की। हवाला कारोबार, कर एवं विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों से बचने के लिए गोपनीय तरीके से भारत और विदेशों में नकदी के लेनदेन से संबंधित है। आरोप के अनुसार जैन ने 450 भारतीय इकाइयों और 104 विदेशी इकाइयों का गठन कर उनका संचालन किया।

## सार्वजनिक नाला उपयोग की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश

जनसंदेश न्यूज



**केराकत।** सार्वजनिक नाले की जमीन पर कोर्ट से स्टे के बावजूद कस्बे के एक रसूखदार व्यक्ति ने बुधवार को एक बार फिर चोरी छिपे निर्माण कार्य कराने की

**दुस्साहस**

**सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार और कस्बा लेखपाल ने बंद कराया निर्माण कार्य**

**सांसद ने एसडीएम को समुचित कार्रवाई का दिया निर्देश**

चेष्टा की। समय रहते इसकी सूचना मिलते ही तहसील के नायब तहसीलदार अमित कुमार सरोज और कस्बा लेखपाल राजेश कुमार श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य बंद करा दिया।

हालांकि अवैध ढंग से निर्माण कार्य कराए जाने की सूचना देने वाले स्थानीय नागरिक संदीप कुमार राजस्व टीम की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं। उनकी शिकायत है कि राजस्व टीम को निर्माण कार्य कराने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराना चाहिए। कस्बे के ही एक अन्य नागरिक पिंकू कमलापुरी ने इसकी सूचना सांसद वीपी सरोज को दी जिस पर वे एसडीएम नेहा मिश्रा पर भड़क गए और कब्जा करने वाले के खिलाफ समुचित कार्रवाई का निर्देश दिया और दोबारा किसी प्रकार की शिकायत नहीं मिलने की हिदायत दी।

उल्लेखनीय है कि केराकत टाउन के नरहन मोहल्ले में आराजी संख्या 2184 सार्वजनिक उपयोग का नाला है। जिस पर कस्बे का एक रसूखदार व्यक्ति पैसे के बल पर अवैध ढंग से कब्जा करना चाहता है। शिकायत है कि उसने उक्त जमीन पर मिट्टी गिराकर कुछ निर्माण कार्य करा भी लिया है जबकि उस आराजी संख्या पर कोर्ट से स्टे है।

## आकांक्षा दुबे कांड में नया मोड़

### मेरे साथ कुछ भी हुआ तो समर सिंह जिम्मेदार आकांक्षा दुबे का रोते-बिलखते वीडियो आया सामने



**वाराणसी।** भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे की मौत एक अनसुलझी कहानी बनकर रह गई है। भोजपुरी अभिनेत्री ने सुसाइड क्यों किया, इस पर से पर्दा अभी तक नहीं उठ सका है। प्रकरण में आरोपी समर सिंह और संजय सिंह जेल में हैं। बुधवार को इस कहानी में एक नया मोड़ तब आ गया जब आकांक्षा की मां मधु दुबे के अधिवक्ता शशांक शेखर त्रिपाठी ने एक वीडियो साझा किया।

वीडियो आकांक्षा दुबे का है। 38 सेकेंड के इस वीडियों में रोते-बिलखते दिख रही हैं। उन्होंने दो बार कहा कि मेरे साथ कुछ भी होता है तो जिम्मेदार समर सिंह होगा। वो कह रही हैं- मुझे नहीं पता कि मैंने क्या गलत किया है। बस इतना पता है कि मैं अब नहीं रह रही इस दुनिया। ये मेरा आप लोगों के साथ लास्ट बातचीत है। अगर मेरा कुछ भी होता है तो इसका जिम्मेदार समर सिंह है। फिर अगले कुछ सेकेंड तक रोती रहती हैं फिर वीडियो खत्म हो जाता है। यह वीडियो इंस्टाग्राम रील का है। ये वीडियो कब का है ये नहीं पता। मालूम हो कि समर सिंह और उसका दोस्त संजय सिंह जिला जेल में बंद है। दोनों पर आकांक्षा दुबे को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में बीते 27 मार्च को सारनाथ थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।

इससे पहले 26 मार्च की सुबह आकांक्षा दुबे सारनाथ क्षेत्र स्थित एक होटल के कमरे में मृत पड़ी मिली थीं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दम घुटने से अभिनेत्री की मौत की बात पुलिस ने कही है। वहीं आकांक्षा की मां ने साजिश के तहत हत्या का आरोप लगाया है।

## सिद्धरमैया लड़ेंगे अंतिम चुनाव

### सिद्धरमैया ने वरुणा से नामांकन पत्र किया दाखिल



**मैसुरु (कर्नाटक)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को मैसुरु जिले की वरुणा विधानसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह उनका आखिरी चुनाव है और उन्होंने एक तरह से अपने उत्तराधिकारियों को आगे लाने का संकेत दिया।

राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सिद्धरमैया (75)ने संकेत दिया कि उनके बेटे और पौत्र उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी होंगे। उन्होंने कहा, यह मेरा अंतिम चुनाव है, उसके बाद यतींद्र (पुत्र) और धवन राकेश (पौत्र) हैं। सिद्धरमैया के बेटे डॉ यतींद्र सिद्धरमैया वरुणा से मौजूदा कांग्रेस विधायक हैं। आठ बार विधायक रह चुके सिद्धरमैया वरुणा से दो बार चुनाव जीत चुके हैं और 2008 में यहां से जीत हासिल करने के बाद विधानसभा में विपक्ष के नेता बने। वह 2013 के विधानसभा चुनाव में जीत के बाद मुख्यमंत्री बने थे। सिद्धरमैया ने नामांकन दाखिल करने से पहले विभिन्न मंदिरों में दर्शन किये। उन्होंने मैसुरु की चामुंडी पहाड़ियों पर प्रसिद्ध चामुंडेश्वरी मंदिर में भी दर्शन किये और एक जनसभा को संबोधित किया।

खुद को माटी का लाल बताते हुए सिद्धरमैया ने जनसभा में कहा कि यह उनका आखिरी चुनाव होगा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव लड़ने के बाद वह चुनावी राजनीति से संन्यास ले लेंगे, राजनीति से नहीं। सिद्धरमैया ने जब अपने दिवंगत बड़े बेटे राकेश सिद्धरमैया के पुत्र धवन राकेश का नाम लिया तो भीड़ ने नारे लगाना शुरू कर दिया। भीड़ के शोर के बीच सिद्धरमैया ने कहा, राजनीति में आने के लिए उन्हें 25 साल का होना चाहिए।

अभी आठ साल हैं। उनकी पढ़ाई पूरी नहीं हुई है। पढ़ाई पूरी करने के बाद ही राजनीति होगी। उसके लिए आपका वही प्यार और लगाव है जो राकेश के लिए था। वह यहां बहुत लोकप्रिय था। भारतीय जनता पार्टी ने निवर्तमान सरकार में मंत्री वी सोमन्ना को वरुणा से सिद्धरमैया के विरुद्ध उतारा है।

## अगले 15 दिनों में होंगे राजनीतिक धमाके

### राकांपा नेता सुप्रिया सुले का दावा



**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले ने दावा किया है कि अगले 15 दिनों में दो धमाके (राजनीतिक) होंगे। उनके मुताबिक इन धमाकों में एक दिल्ली में और दूसरा महाराष्ट्र में होगा। उन्होंने यह टिप्पणी तब की जब कुछ संवाददाताओं ने उनसे वंचित बहुजन आघाड़ी के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर के उस बयान के बारे में मंगलवार को पूछा, जिसमें उन्होंने कहा था कि राज्य में अगले 15 दिनों में (राजनीतिक) ह्यबम धमाके होंगे। राकांपा प्रमुख शरद पवार की बेटी सुले ने विस्तृत जानकारी दिए बिना कहा, एक दिल्ली में होगा और दूसरा राज्य में होगा। शरद पवार के भतीजे और राकांपा के वरिष्ठ नेता अजित पवार ने मंगलवार को उन अटकलों को खारिज कर दिया था कि वह और उनके वफादार विधायकों का एक समूह सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन कर सकता है। उन्होंने साफ तौर पर कहा था कि वह जीवित रहने तक अपनी पार्टी (राकांपा) के लिए काम करेंगे। अजित पवार के अगले राजनीतिक कदम, उनके कथित असंतोष और भाजपा के साथ उनकी निकटता को लेकर लगाई जा रही अटकलों के बारे में पूछे जाने पर सुले ने कहा, जो हुआ है वह यह है कि किसी भी घटनाक्रम के लिए मेरे भाई (अजित पवार) को जिम्मेदार ठहराया जाता है। हर कोई एक सिक्के के बारे में बात करता है जिसकी बाजार में मांग है। कुछ विधायकों से संपर्क नहीं होने के दावों पर उन्होंने कहा कि सीमा में नहीं होने का मतलब यह नहीं है कि किसी व्यक्ति से संपर्क नहीं हो पा रहा है। राकांपा के 40 विधायकों के अजित पवार के साथ जाने के लिए तैयार होने संबंधी खबरों पर सुले ने कहा कि शरद पवार, अजित पवार और राकांपा के प्रदेश प्रमुख जयंत पाटिल सभी विधायकों के लिए चौबीसों घंटे उपलब्ध हैं।

## अतीक बना रहा था नया प्लान

### अतीक राजस्थान, महाराष्ट्र और गुजरात में बना रहा था 'सेकेंड होम', बदलना चाहता था धंधा भी



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के माफिया अतीक अहमद को इस बात का एहसास तो था कि योगी आदित्यनाथ की सरकार में उसके दिन लदने शुरू हो जाएंगे। लेकिन हालात ऐसे आ जाएंगे कि उसको अपना धंधा न सिर्फ यूपी से समेटना पड़ेगा, बल्कि अपने धंधे में बदलाव भी करना पड़ेगा, इस बात का इल्म अतीक अहमद को बिल्कुल नहीं था। लेकिन हालात बदलने के साथ उसने न सिर्फ उत्तर प्रदेश से खुलेआम फिरौती और अपहरण जैसे धंधे से मुंह मोड़ना पड़ा, बल्कि अपने 'सेकंड होम' के तौर पर महाराष्ट्र, राजस्थान और जेल में बंद रहने के दौरान गुजरात में मजबूत नेटवर्क बनाना पड़ा। सूत्रों के मुताबिक कभी अतीक के इशारे पर उसके गुर्गे पानी की तरह पैसा बहा देते थे। लेकिन बदले हालात में उन लोगों ने न सिर्फ अतीक को बल्कि उसके बेटों को भी तवज्जो देनी बंद कर दी थी।

अतीक अहमद की मौत के बाद ऐसे कई राज खुल रहे हैं, जो इस बात का इशारा कर रहे हैं कि उत्तर प्रदेश में उसकी कमर टूट चुकी थी और वह आपका नेटवर्क देश के अलग-अलग राज्यों में फैला रहा था। सूत्रों के मुताबिक अतीक अहमद में अपने अपराध के धंधे में बदलाव की योजना बनाई, जब उसको इस बात का एहसास हो गया कि जेल में बंद होने के बाद शायद ही वापस निकल सके। उत्तर प्रदेश पुलिस से जुड़े एक वरिष्ठ रिटायर्ड अधिकारी बताते हैं कि अतीक अहमद उत्तर प्रदेश में फिरौती और अपहरण के साथ-साथ लोगों की जमीन पर जबरदस्ती कब्जा करने के अलावा हत्या और अन्य पेशेवर अपराधियों को संरक्षण देने का धंधा इंडस्ट्री के तौर पर करता था। लेकिन योगी सरकार के बाद में जब उसको जेल हुई, तो उसने अपने अपराध के धंधे में न सिर्फ नुकसान उठाना पड़ा बल्कि उसे यह अपना पेशेवर अपराध उत्तर प्रदेश से दूसरे राज्यों में शिफ्ट करने की योजना भी बनानी पड़ी।

जरायम की दुनिया से जुड़े सूत्र बताते हैं कि अतीक अहमद ने सबसे पहला धंधा छह साल पहले बदला था। यह धंधा अतीक ने अवैध असलहों के व्यापार का शुरू किया था। सूत्रों का कहना है कि अतीक अहमद ने छह साल पहले पंजाब और जम्मू कश्मीर से पाकिस्तान की ओर से आने वाले असलहों को ठिकाने लगाकर एक ऑगेर्नाइज्ड गिरोह के तौर पर हथियार सप्लाई में हाथ आजमाना शुरू किया। इस दौरान अतीक ने पाकिस्तान और आईएसआई के आकाओं से न सिर्फ हाथ मिलाया बल्कि कश्मीर के आतंकी संगठनों और पंजाब के गिरोहों के साथ दोस्ती बढ़ानी शुरू की। जांच एजेंसियों से जुड़े सूत्रों का कहना है कि उत्तर प्रदेश में अतीक अहमद के धंधों में टूट चुकी कमर के बाद उसको आगे बढ़ने के लिए ऐसे ही रास्तों की तलाश थी।

### मादक पदार्थ कारोबारियों के खिलाफ कठोर रुख अपनाया जाना चाहिए : शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि देश से मादक पदार्थ की बुराई को खत्म करने के लिए नशे के कारोबारियों के खिलाफ कठोर रुख अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने सभी राज्यों से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर नशे के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने की अपील की। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मादक पदार्थ रोधी कार्यबलों के प्रमुखों के पहले सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने देश की आजादी के 100वें वर्ष यानी 2047 में भारत को नशे से मुक्त बनाने का लक्ष्य तय किया है। उन्होंने कहा, मादक पदार्थ के कारोबारी मुख्य रूप से गुनहगार हैं जबकि इनका इस्तेमाल करने वाले पीड़ित हैं। हमें मादक पदार्थ कारोबारियों के खिलाफ कठोर रुख अपनाना चाहिए और उनके खिलाफ यथासंभव मजबूत कदम उठाने चाहिए।





**ऑरेंज अलर्ट के बीच हिमाचल प्रदेश में बारिश और बर्फबारी हुई है। राजधानी शिमला में झमाझम बारिश हुई है। अटल टनल रोहतांग के साथ धुंधी क्षेत्र में ताजा बर्फबारी होने के कारण सोलंग बैरियर से सिर्फ फोर बाई फोर वाहनों को ही सिस्सू की ओर भेजा रहा है। लाहौल में ताजा बर्फबारी के बाद हिमस्खलन हो रहा है।**



**सेंसेक्स**

सेंसेक्स में 159 अंको की गिरावट दर्ज की गई



**सोना**

80 रुपये की तेजी के साथ 60,660 रुपये प्रति 10 ग्राम हो

# बिकवाली और विदेशी पूंजी की निकासी से बाजार में गिरावट

## सेंसेक्स में 159 अंको की गिरावट दर्ज की गई, वहीं, निफ्टी 41 अंक टूटकर 17,618 पर बंद



**मुंबई।** वैश्विक बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच आज यानी बुधवार को लगातार तीसरे दिन घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। मुख्य रूप से आइटी और कुछ बैंक शेयरों में बिकवाली तथा विदेशी पूंजी की निकासी से बाजार में गिरावट आई। सेंसेक्स में 159 अंको की गिरावट दर्ज की गई, वहीं, निफ्टी 41 अंक टूटकर 17,618 पर बंद हुआ।

30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 159.21 अंक यानी 0.27 फीसदी टूटकर 59,567.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 59,745.89 की ऊंचाई तक गया और नीचे में 59,452.72 तक आया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 41.40 अंक यानी 0.23 फीसदी लुढ़का। निफ्टी दिन के अंत में 17,618.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 17,666.15 की उंचाई तक गया और नीचे 17,579.85 तक आया। आज के कारोबार में सेंसेक्स के शेयरों में 8 शेयर हरे निशान पर बंद हुए। एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, एचडीएफसी, और एचडीएफसी बैंक सेंसेक्स के टॉप 5 गेनर्स रहे। सबसे ज्यादा मुनाफा एक्सिस बैंक के शेयरों को हुआ। इसके शेयर करीब 1.05 फीसदी तक चढ़े। वहीं, दूसरी तरफ सेंसेक्स के शेयरों में 22 शेयर लाल निशान पर बंद हुए। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंडसइंड बैंक, इंफोसिस, विप्रो और एनटीपीसी सेंसेक्स के टॉप 5 लूजर्स रहे। सबसे ज्यादा नुकसान एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयरों को हुआ। इसके शेयर करीब 2.40 फीसदी तक गिर गए। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में ज्यादातर में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी शेयर बाजार मंगलवार को नुकसान में रहे थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने मंगलवार को 810.60 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.23 फीसदी घटकर 82.88 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के शेयरों में बिकवाली तथा विदेशी कोषों की निकासी के बीच बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार गिरावट के रुख के साथ खुले। स्थानीय बाजार में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट का सिलसिला जारी रहा। वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख से भी बाजार धारणा पर असर पड़ा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 168.88 अंक टूटकर 59,558.13 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी शुरूआती कारोबार में 48.35 अंक के नुकसान से 17,611.80 अंक पर कारोबार कर रहा था।

## टिम कुक और राजीव चंद्रशेखर ने विनिर्माण निर्यात को बढ़ावा देने पर चर्चा की



**नई दिल्ली।** एप्पल के सीईओ टिम कुक ने बुधवार को केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर से मुलाकात की और स्थानीय विनिर्माण और आईफोन निर्यात को और बढ़ावा देने पर चर्चा की।एप्पल ने वित्त वर्ष 23 में भारत से आईफोन निर्यात में 5 बिलियन डॉलर से अधिक का रिकॉर्ड बनाया। मंत्री ने ट्वीट में कहा, भारत की डिजिटल यात्रा में और उसके साथ एप्पल की रणनीतिक और दीर्घकालिक साझेदारी में संलग्न होने के लिए एप्पल के सीईओ टिम कुक और उनकी टीम से से मिलकर खुशी हुई। चंद्रशेखर ने कहा, हमने मैन्युफैक्च रिंग, एक्सपोर्ट, युवाओं के कौशल विकास, एप के विस्तार, इनोवेशन इकोनॉमी और रोजगार सृजन को गहन और व्यापक बनाने पर चर्चा की। वित्त वर्ष 22 में मोबाइल फोन का निर्यात 45,000 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 23 में 90,000 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले अनुमान 75,000 करोड़ रुपये से अधिक था। मोबाइल फोन के लिए प्रदर्शन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का उत्कृष्ट प्रदर्शन अन्य इलेक्ट्रॉनिक सेगमेंट के लिए प्रेरणा का काम करता है ताकि विनिर्माण और निर्यात बढ़ाने में इस सफलता का अनुकरण किया जा सके। चंद्रशेखर के अनुसार, भारत में एप्पल पारिस्थितिकी तंत्र ने पिछले दो वर्षों में विनिर्माण क्षेत्र में एक लाख से अधिक नए प्रत्यक्ष रोजगार सृजित किए हैं। उन्होंने कहा, इनमें से लगभग 70 प्रतिशत 19-24 वर्ष की महिलाएं हैं, जो अपना करियर शुरू कर रही हैं, कौशल हासिल कर रही हैं और अपने परिवारों के लिए जीवनयापन में सुधार कर रही हैं। एप्पल ने 2017 में भारत में आईफोन का निर्माण शुरू किया, और तब से, कंपनी ने आपूर्तिकताओं के साथ नए आईफोन मॉडल को इकट्ठा करने और घटकों की बढ़ती संख्या का उत्पादन करने के लिए काम किया है।

## मोबिक्विक ऐप पर यूपीआई भुगतान के लिए नहीं देना होगा कोई शुल्क

**नई दिल्ली।** डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म मोबिक्विक ने स्पष्ट किया है कि उसके ऐप पर यूपीआई मनी ट्रांसफर के लिए कोई शुल्क नहीं वसूला जायेगा चाहे ग्राहक 2000 रुपये से अधिक का ही क्यों न भुगतान करे। मोबिक्विक ने आज यहां जारी बयान में कहा कि हाल ही में नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) द्वारा मोबिक्विक जैसे मोबाइल वॉलेट को यूपीआई सिस्टम में शामिल करने की अनुमति के बाद यूजर सवाल उठा रहे हैं कि क्या उन्हें यूपीआई लेनदेन पर शुल्क का भुगतान करना होगा। मोबिक्विक अपने उपभोक्ताओं को बताना चाहता है कि उन्हें मनी ट्रांसफर पर कोई शुल्क नहीं चुकाना होगा, फिर चाहे उन्हें 2000 रुपये से अधिक का भुगतान करना हो। एनपीसीआई द्वारा पेश किया गया 1.1 फीसदी इंटरचेंज शुल्क 2000 रुपये से अधिक के भुगतान करने वाले पीपीआई मर्चेन्ट्स के लिए है, जिसका भुगतान मर्चेन्ट को ही करना होगा। अब तक यूपीआई के लिए यूजर सिर्फ लिंक किए गए बैंक खाते के माध्यम से ही भुगतान कर सकता था।

## देश में कॉटन के उत्पादन में गिरावट की आशंका कपड़ों की कीमतों में हो सकती है बढ़ोतरी



**नई दिल्ली।** कॉटन के चालू सीजन (अक्टूबर-सितंबर) 2022-23 में पिछले कॉटन सीजन के मुकाबले 10 लाख बेल्स (एक बेल 170 किलोग्राम) तक कम उत्पादन की आशंका है। अगर यह अनुमान सही रहा तो गारमेंट्स के दाम में भी अगले तीन-चार महीनों में बढ़ोतरी हो सकती है। कॉटन का उत्पादन कम होने से कॉटन के दाम बढ़ेंगे जिससे यार्न, फैब्रिक भी महंगे होंगे और इससे गारमेंट की उत्पादन लागत बढ़ेगी। भारत में कॉटन की कीमत 62,000-63,000 प्रति कैंडी (एक कैंडी 356 किलोग्राम) चल रही है। कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के मुताबिक इस साल जून-जुलाई तक कॉटन की कीमत 70,000-75,000 रुपए प्रति कैंडी तक जा सकती है। कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज (सिटी) के पूर्व अध्यक्ष संजय जैन के मुताबिक कॉटन उत्पादन में कमी की आशंका सही साबित हुई तो निश्चित रूप से गारमेंट की कीमतों में भी बढ़ोतरी होगी। हालांकि अभी यह नहीं कहा जा सकता है कि यह अनुमान कहां तक सही साबित होगा। फिलहाल मांग में कमी से गारमेंट के दाम नहीं बढ़ रहे हैं। कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अनुमान के मुताबिक चालू कॉटन सीजन में कॉटन का उत्पादन 303 लाख बेल्स तक रह सकता है। पिछले सीजन में कॉटन का उत्पादन 307 लाख बेल्स होने का अनुमान लगाया गया था जो उससे पूर्व के सीजन से 10 फीसद से अधिक कम था। ऐसे में पिछले दो सीजन से कॉटन का उत्पादन कम हो रहा है। कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के मुताबिक चालू सीजन में कॉटन की घरेलू खपत 311 लाख बेल्स तक रह सकती है। अध्यादेश की अधिकतम अवधि 6 महीने होती है। कॉटन के वैश्विक उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी 23 फीसद है और भारत कॉटन का प्रमुख निर्यातक भी है। पिछले सीजन में 42 लाख बेल्स कॉटन का उत्पादन किया गया। पिछले सीजन में 71 लाख बेल्स का पुराना स्टॉक भी था। चालू सीजन में उत्पादन कम होने और स्टॉक में कमी की आशंका से कॉटन की कीमत पहले से ही तेज है। सरकार ने कॉटन के आयात पर 11 फीसद का शुल्क लगा रखा है, इसलिए कॉटन का आयात करना भी मिलर्स को महंगा पड़ रहा है। यार्न बनाने वाली मिलों की तरफ से कॉटन आयात पर शुल्क हटाने की मांग की जा रही है।

## भारत के कारोबारी मॉडल की सफलता के बाद नेटफ्लिक्स ने 116 देशों में दरें घटाई

**नई दिल्ली।** मनोरंजन क्षेत्र की ओटीटी कंपनी नेटफ्लिक्स ने भारत में अपने कारोबारी मॉडल की सफलता के बाद 116 देशों में अपनी सेवाओं (सब्सक्रिप्शन) की दरों में कमी की है। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। नेटफ्लिक्स ने भारत में 2021 में कम कीमत वाली वाली योजना शुरू की थी। उसके बाद सालाना आधार पर उसके ग्राहकों की संख्या में 30 प्रतिशत और राजस्व में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कंपनी ने पहली बार सब्सक्रिप्शन दरों में 20 से 60 प्रतिशत की कमी की थी। यह कदम उसने भारतीय बाजार में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए उठाया था।

नेटफ्लिक्स ने अपने मार्च, 2023 तिमाही के नतीजों की घोषणा करते हुए कहा कि इस कटौती से 2022 में उसके राजस्व में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2021 में यह आंकड़ा 19 प्रतिशत का था। इस सफलता से सीखते हुए कंपनी ने पहली तिमाही में 116 अतिरिक्त देशों में अपनी सेवा दरों में कटौती की है।

## डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को अपग्रेड करने के लिए नोकिया ने लाइटस्टॉर्म के साथ की साझेदारी



**नई दिल्ली।** टेक दिग्गज नोकिया ने बुधवार को देश में ऑप्टिकल नेटवर्किं ग इंफ्रास्ट्रक्च र बढ़ाने के लिए भारत में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्च र प्रदाता लाइटस्टॉर्म के साथ साझेदारी की घोषणा की।नोकिया पूर्वी और उत्तरी क्षेत्रों में लाइटस्टॉर्म के नेटवर्क विस्तार के लिए लेटेस्ट डब्ल्यूडीएम ऑप्टिकल नेटवर्क समाधान की आपूर्ति करेगा।

नोकिया में एंटरप्राइज, वेबस्केल और इमर्जिंग बिजनेस, भारत के प्रमुख विनिश बावा ने कहा, लाइटस्टॉर्म के साथ हमारी साझेदारी ऑप्टिकल नेटवर्किं ग में हमारे उद्योग-अग्रणी पोर्टफोलियो को प्रदर्शित करती है जो डिजिटल इंडिया विजन का अभिन्न अंग होगा।

इस सौदे में नोकिया के लेटेस्ट सी प्लस एल बैंड डब्ल्यूडीएम ऑप्टिकल लाइन सिस्टम समाधानों को तैनात करने में लाइटस्टॉर्म की सहायता के लिए एकीकरण और परामर्श सेवाएं शामिल हैं, जो कई फाइबर कटौती की स्थिति में नेटवर्क मजबूती सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा सुविधाओं को भी सक्षम बनाता है।

लाइटस्टॉर्म के मुख्य परिचालन अधिकारी राजीव नय्यर ने कहा, नोकिया के साथ हमारी साझेदारी अतिरिक्त क्षमता के लाभ के साथ तेजी से नेटवर्क मार्ग विस्तार के हमारे लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेगी। विस्तारित कवरेज लाइटस्टॉर्म को हमारे ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद करेगा और डिजिटल इंडिया विजन को आगे बढ़ाएगा।

## देश में उत्पादित क्रूड ऑयल पर फिर लगा विंडफॉल टैक्स, डीजल एक्सपोर्ट ड्यूटी फ्री

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश में उत्पादित कच्चे तेल पर फिर से विंडफॉल टैक्स लगा दिया है। इंटरनैशनल बाजार में ईंधन के दाम में तेजी के साथ यह कदम उठाया गया है। वहीं डीजल एक्सपोर्ट पर शुल्क को घटाकर शून्य कर दिया गया है। मंगलवार यानी 18 अप्रैल को जारी ऑफिशियस आदेश के अनुसार, ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन जैसी कंपनियों द्वारा उत्पादित कच्चे तेल पर अब 6,400 रुपये प्रति टन का शुल्क लगेगा।

इससे पहले, चार अप्रैल की समीक्षा में देश में उत्पादित कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स को घटाकर शून्य कर दिया गया था। इसका कारण वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम घटकर 75 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आना था। हालांकि, उसके बाद तेल निर्यातक देशों के संगठन और रूस जैसे उसके सहयोगी देशों के उत्पादन में कटौती की घोषणा के बाद कच्चे तेल के दाम में तेजी आई।

## सरकारी इस्पात कंपनियों ने 2022-23 में एमएसएमई का 7,674 करोड़ रुपये का बकाया चुकाया



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनियों ने बीते वित्त वर्ष 2022-23 में विभिन्न सूक्ष्म, लघु एवं मझोले (एमएसएमई) उपक्रमों का 7,673.95 करोड़ रुपये का बकाया चुकाया है। इस्पात मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह इससे पिछले वित्त वर्ष में एमएसएमई को चुकाई गई 5,511.07 करोड़ रुपये की राशि से 39.3 प्रतिशत अधिक है। मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (सीपीएसई) पर एमएसएमई के बकाया भुगतान की साप्ताहिक आधार पर निगरानी की जाती है। इससे एमएसएमई को 45 दिन में भुगतान सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाता है। इस तरह के भुगतान की समयसीमा 45 दिन की है। मंत्रालय ने कहा कि इस्पात क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों ने मार्च, 2023 में एमएसएमई को 876.10 करोड़ रुपये का भुगतान किया है।

यह सालाना आधार पर 38.1 प्रतिशत अधिक है। पिछले महीने की तुलना में यह राशि 23.1 प्रतिशत अधिक है। पूरे वित्त वर्ष 2022-23 में इस्पात क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों ने एमएसएमई को 7,673.95 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। यह राशि इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 39.3 अधिक है। इस्पात मंत्रालय के तहत आने वाली कंपनियों में सेल, एनएमडीसी, आरआईएनएल, केआईओसीएल, मॉयल, मेकॉन, एमएसटीसी और उसकी अनुषंगी एफएसएनएल शामिल हैं।

## दाल की जमाखोरी करने वालों पर होगी सख्ती, कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार सतर्क, मंत्रालय स्तर कमेटी गठित



**नई दिल्ली।** भारत दाल का सबसे बड़ा उत्पादक देश है। खरीदार भी सबसे बड़ा है। फिर भी संकट है। यह संकट दो-तीन महीनों में और बढ़ गया जब दाल की कीमतों में अचानक उछाल आने लगा। सरकार सतर्क हुई। मंत्रालय स्तर पर कमेटी बनाई गई और जमाखोरों पर सख्ती शुरू की। केंद्र सरकार ने दाल कारोबारियों एवं स्टाकिस्टों को प्रत्येक सप्ताह दालों के स्टाक की जानकारी मंत्रालय के पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया है। ऐसा नहीं करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लाइसेंस रद करने के साथ स्टाक को जब्त कर लिया जाएगा। फिलहाल दाल की कमी से केंद्र सरकार इनकार कर रही है। उसका कहना है कि अरहर एवं उड़द की दाल की जमाखोरी की गई, जिसके चलते दोनों तरह की दालों की कीमतें बढ़ने लगीं। देश में दलहन का उत्पादन लगातार बढ़ रहा है। आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत अरहर दाल के आयात के लिए लागू 10 प्रतिशत शुल्क को भी सरकार ने हटा दिया है। फिर भी संकट है तो बेचैनी स्वभाविक है। पर्याप्त मात्रा में दलहन के आयात के बावजूद जमाखोरी के चलते दाल की बढ़ती कीमतों के बीच केंद्र सरकार ने अपर सचिव निधि खरे की अध्यक्षता में उपभोक्ता कार्य विभाग की एक विशेष समिति बनाई है, जो राज्यों से समन्वय कर मिल मालिकों, आयातकों, जमाकताओं एवं व्यापारियों आदि संस्थाओं के दाल भंडार की निगरानी कर रही है। यह समिति अरहर दाल पर विशेष नजर रख रही है, क्योंकि बाजार में अरहर और उड़द दाल का ही अभाव दिखाकर कीमतें बढ़ाई गईं। कहा गया कि असमय आंधी-बारिश से अरहर एवं उड़द की फसलों को भारी क्षति पहुंची है। हालांकि यह आधा सच है, क्योंकि नुकसान की आशंका के बाद सरकार ने म्यांमार समेत अन्य देशों से दाल के आयात के लिए दरवाजे खोल दिए हैं। दिसंबर से मार्च के दौरान 12 लाख टन अरहर की दाल दूसरे देशों से आ चुकी है। वर्ष 2021-22 में लगभग 7.6 लाख टन अरहर का आयात हुआ था। चालू रबी वर्ष में दलहन उत्पादन का लक्ष्य 295.50 लाख टन था। किंतु दूसरे अनुमान में इसे घटाकर 278.10 लाख टन कर दिया गया है। फिर भी यह पिछले वर्ष के 273.02 लाख टन की तुलना में 5.08 लाख टन ज्यादा है। सिर्फ अरहर के उत्पादन में गिरावट का अनुमान है।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने ऑन-जॉब-कौशल विकास कार्यक्रम टोयोटा 'शिक्षा' के लिए ऑटोमोटिव कौशल विकास परिषद के साथ समझौता किया



**लखनऊ।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज ऑटोमोटिव स्किल्स डेवलपमेंट काउंसिल (एएसडीसी) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान-प्रदान किया। इसके तहत 'शिक्षा' के जरिये टोयोटा कम्युनिटी प्रोग्राम शुरू किये जाएंगे। यह एक ऑन-द-जॉब स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग (नौकरी करते हुए कौशल विकास प्रशिक्षण) है जो स्किल इंडिया मिशन के साथ तालमेल में है। यह पहल एक अनूठा कार्यक्रम है जो उत्तर प्रदेश में पहला और भारत में भी पहला है, जो न केवल देश के युवाओं को उन्नत प्रौद्योगिकियों पर केंद्रित उद्योग-संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करके रोजगार के अवसर प्रदान करने में मदद करेगा बल्कि उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए टोयोटा प्रशिक्षित मानवशक्ति की उपलब्धता भी सुनिश्चित करेगा। इस साझेदारी के तहत, टीकेएम और एएसडीसी 100 दिनों के ओजेटी आधारित कौशल विकास कार्यक्रम की पेशकश करेंगे, जो चयनित छात्रों (डिप्लोमा/स्नातक) को बिक्री और विपणन कौशल, उत्पाद ज्ञान, सड़क सुरक्षा और पर्यावरण पर ज्ञान प्रदान करेगा। पहले वर्ष में इस पहल का लक्ष्य 200 छात्रों को शामिल करना है और उत्तर प्रदेश में चिन्हित एएसडीसी केंद्रों में स्व-चार्जिंग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक्सईवी कॉर्नर (विद्युतीकृत प्रौद्योगिकियां) की स्थापना देखेंगे, जो विद्युतीकरण पर जागरूकता पैदा करेगा और उन्नत प्रौद्योगिकियां सरकार के साथ-साथ ग्रामीण स्थानों पर तहसील स्तर तक आगे बढ़ाएगा। उद्घाटन समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के प्रमुख सचिव, डॉ. एम. के. शनमुगा सुंदरम और आंद्रा वामसी, मिशन निदेशक, श्री वी वाइजलाइन सिगामणि, महाप्रबंधक, श्री नरेंद्र कुकरेती, उप महाप्रबंधक, टीकेएम और अरिंदम लाहिरी, सीईओ-एएसडीसी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। इस पहल के बारे में बताते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. एम.के. शनमुगा सुंदरम ने कहा, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर और उनके डीलर पार्टनर्स की यह पहल एएसडीसी के साथ पूरे देश में 12 कौशल विकास केंद्र स्थापित करने के लिए है। 200 ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षित करने और उन्हें रोजगार योग्य बनाने की दृष्टि से ग्रामीण बाजारों को उत्तर प्रदेश सरकार के स्किल इंडिया मिशन के साथ जोड़ा गया है। हम टोयोटा किर्लोस्कर मोटर जैसे उद्योग भागीदारों के साथ सहयोग करने और प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि युवाओं के कौशल विकास में योगदान दिया जा सके, जिससे बेहतर आजीविका के लिए रोजगार के अवसर बढ़ सकें।

## संक्षेप

### भारतीय फार्मा बाजार केरेस्पिरेटरी सेगमेंट में ग्लेनमार्क अपनी उपस्थिति मजबूत कर रहा

**नई दिल्ली।** प्रमुख इनोवेशन-ड्रिवेन, ग्लोबलफार्मास्युटिकल्सकंपनी, ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (ग्लेनमार्क) नेरेस्पिरेटरीसेगमेंट मेंअपनी स्थिति को और भी अधिक प्रबल कियाहै, और साथ ही भारतीय फार्मा बाजार में द्वितीय स्थान हासिल किया है। एस्कोरिल, एस्कोरिल एलएस, एस्कोरिलडी और एलेक्स जैसे ब्रांड्स के साथ ग्लेनमार्क अपनी रेस्पिरेटरी दवाओं (श्वसन संबंधी) के लिए एक विश्वसनीय ब्रांड बन चुका है। मरीजो और हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स के बीच कंपनी केआधुनिक और अभिनव समाधान- बिलेजैपएम और रियाल्ट्रिसएजेड/मोनोकाफी लोकप्रिय हैं। विगत एक वर्ष में, 1 लाखसे अधिक मेडिकल प्रोफेशनल्सद्वाराग्लेनमार्क की रेस्पिरेटरी दवाइयों को लेने की सलाह दी जा चुकीहै। इस प्रकार, यह ब्रांड देशभर मेंसभी आयु समूहों के 4 करोड़ से भी अधिक मरीजों के लिए मददगार साबित हुआ है। ग्लेनमार्कन सिर्फ भारत में आधुनिक ओएडी (ऑब्सट्रक्टिव एयरवेडिजीज) को मैनेज करने में अग्रणी रहाहै, बल्कि देश में अस्थमा और सीओपीडी (क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज) के तहत मरीजों का सहयोग करनेवाली पहली कंपनियों में से एक बन गयाहै। ग्लेनमार्क पहला ब्रांड है, जिसने डिजिटल डोज इनहेलर्स, अल्ट्रा एलएबीए + आईसीएस, सिंगल इनहेलर ट्रिपल थेरेपी और ने बुलाइज्ड एलएएमए के लॉन्च के साथ क्रॉनिक रेस्पिरेटरी स्पेस में इनोवेटिव प्रोडक्ट्स की पेशकश की है। ये समाधान श्वसनसे संबंधित पुरानी बीमारियों से ग्रसित मरीजों को बेहतर साँस लेने में राहत दिलाने और उनके लक्षणों पर प्रभावी तरीके से काबू पाने में मददगार साबित हुए हैं।

### 50,000 भारतीय वी-केवाईसी सक्षम डिजिटल अनुभव के साथ एसएमई टाइड से जुड़े

**नई दिल्ली।** दिसंबर 2022 में भारत में प्रवेश के बाद से लेकर अब तक ब्रिटेन का प्रमुख एसएमई-केंद्रित बिजनेस फाइनेंशियल प्लेटफॉर्म, टाइड 50,000 एसएमई को शामिल कर चुका है। भारत में अपनी बाजार रणनीति की स्वीकृति के दृष्टिकोण के साथ, टाइड ने अपने प्लेटफॉर्म पर सभी सदस्य एसएमई (ग्राहकों) को एक वीडियो नो योर कस्टमर (वी-केवाईसी) की पेशकश के बाद रुपे कार्ड्स जारी किए हैं। टाइड ने 'वी आर लिसनिंग' नामक एक नया टू-वे कम्युनिकेशन कैंपेन भी लॉन्च किया है, जो मेंबर्स को अपनी राय रखने, चिंताओं को व्यक्त करने, प्रतिक्रिया साझा करने और उचित समय पर ब्रांड निर्णयों को प्रेरित करने का अवसर प्रदान करेगा। भारतीय रिजर्व बैंक के अनिवार्य कंप्लायंस न सिर्फ अनधिकृत यूजर्स को, बल्कि गैर-इरादतन लोगों को भी प्लेटफॉर्म को एक्सेस करने और इसका लाभ लेने से रोकेंगे। यह प्रक्रिया औपचारिक अर्थव्यवस्था में एसएमई को शामिल करने का समर्थन करती है, डिजिटल इंडिया पहलों को सुदृढ़ करती है, और कम सेवा वाले क्षेत्रों के लिए क्रेडिट एक्सेस को बढ़ावा देती है। टाइड ने अपने मेंबर्स के लिए 50,000 फुली केवाईसी रुपे कार्ड्स भी जारी किए हैं। टाइड के इस प्लेटफॉर्म को भारत में तेजी से स्वीकृति मिल रही है। ऐसे में, भारत में बाजार की क्षमता को देखते हुए कंपनी को विश्वास है कि वर्ष 2024 के अंत तक 10 लाख एसएमई इसके प्लेटफॉर्म से जुड़ेंगे और इसके डिजिटल बिजनेस बैंकिंग सूट का लाभ ले सकेंगे। लॉन्च के बाद से लेकर मार्च तक, टाइड गूगल प्ले स्टोर पर 2.25 लाख ऐप डाउनलोड्स का आँकड़ा पार कर चुका है। गुरजोधपाल सिंह, सीईओ, टाइड (इंडिया), ने कहा, टाइड का मानना है कि एक फाइनेंशियल प्लेटफॉर्म को सुदृढ़ और फुतीर्ला होना चाहिए, तब ही सफलता अपेक्षित है। इस यात्रा के दौरान कंप्लायंस के दृष्टिकोण को प्रखर रखते हुए, हम अपने लक्ष्य के अनुरूप वर्ष 2024 के अंत तक 10 लाख एसएमई को शामिल करने के मार्ग पर हैं। टाइड चेहरे की पहचान, ऑटोमेटेड डेटा एक्सट्रैक्शन और मशीन लर्निंग टेक्निक्स से जुड़ी पूर्ण-केवाईसी प्रक्रिया के बाद ही छोटे बिजनेस ऑनर्स को शामिल करता है। इसका यह रीयल-टाइम दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है कि हम भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा स्थापित समस्त दिशानिर्देशों और आवश्यकताओं का अनुपालन करते हैं।

### क्यूब हाईवे ट्रस्ट ने भारत में सूचीबद्ध करने की घोषणा की

**नई दिल्ली।** कनाडाई पेंशन निवेश प्रबंधक ब्रिटिश कोलंबिया इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट कॉरपोरेशन (बीसीआई) और अबू धाबी की संप्रभु निवेशक मुबाडाला इन्वेस्टमेंट कंपनी (मुबाडाला) क्यूब हाईवे ट्रस्ट (सीएचटी) में नए एंकर निवेशक बन गए हैं। भारत में इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट)। क्यूब हाईवेज फंड एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड, इनविट के निवेश प्रबंधक, ने अपनी पूरी तरह से सदस्यता वाली निजी तौर पर रखी गई सामान्य इकाइयों को 52,258.27 मिलियन (630 मिलियन) में सूचीबद्ध करने की घोषणा की। इनविट के पास 1,423.60 किलोमीटर की कुल लंबाई के साथ 18 टोल और वार्षिकी सड़क संपत्तियों का एक विविध पोर्टफोलियो है। बीसीआई, मुबाडाला और घरेलू संस्थागत निवेशकों ने साधारण इकाइयों की सदस्यता ली है। क्यूब हाईवेज फंड्स एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड (इनविट के लिए निवेश प्रबंधक के रूप में कार्यरत) के एक स्वतंत्र निदेशक यू के सिन्हा ने कहा, यह भारत के बुनियादी ढांचा क्षेत्र और विशेष रूप से इनविट के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। ऐसे बड़े निवेशकों का क्यूब में भरोसा इसकी क्षमता और कर्मियों की पुष्टि करता है। बोर्ड और क्यूब की टीम सभी के लिए मूल्य और मूल्य पैदा करना जारी रखने के लिए सभी हितधारकों के साथ काम करने के लिए उत्सुक है। मैं अधिक समृद्ध और टिकाऊ भविष्य की दिशा में क्यूब की यात्रा में भाग लेने के लिए रोमांचित हूं।

### प्रेस्टीज एस्टेट्स की बिक्री बुकिंग बीते वित्त वर्ष में 25 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी प्रेस्टीज एस्टेट्स की बिक्री बुकिंग बीते वित्त वर्ष में 25 प्रतिशत की वृद्धि के साथ रिकॉर्ड 12,930.9 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजारों को यह जानकारी देते हुए कहा कि बेहतर मांग की वजह से उसकी बिक्री बुकिंग बढ़ी है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान ग्राहकों से उसका कुल संग्रह भी 31 प्रतिशत बढ़कर 9,805.5 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2022-23 में 1.5 करोड़ वर्ग फुट क्षेत्र में फैले 9,600 से अधिक घरों की बिक्री की। पिछले वित्त वर्ष के दौरान कंपनी की नई पेशकश 57 प्रतिशत बढ़कर 2.63 करोड़ वर्ग फुट हो गई। प्रेस्टीज एस्टेट्स की वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही के दौरान बिक्री सालाना आधार पर 19 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3,888.8 करोड़ रुपये रही। वहीं इस दौरान ग्राहकों से इसका संग्रह 12 प्रतिशत बढ़कर 2,763.3 करोड़ रुपये हो गया। यह कंपनी का अब तक का सर्वाधिक तिमाही संग्रह रहा। प्रेस्टीज ग्रुप के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक इरफान रजाक ने कहा, कंपनी ने पिछले एक साल में महत्वपूर्ण वृद्धि हासिल की है। बिक्री, संग्रह, नयी पेशकश और परियोजनाओं की पूर्णता पिछले साल के स्तर से कहीं अधिक है। प्रेस्टीज ग्रुप के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) वेंकट के नारायण ने कहा, हमने वित्त वर्ष 2022-23 में 12,930 करोड़ रुपये की उच्चतम बिक्री की है। यह वित्त वर्ष 2021-22 की 10,382 करोड़ रुपये की बिक्री की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है।

### बीते वित्त वर्ष में एसआईपी के जरिये म्यूचुअल फंड में निवेश 25 प्रतिशत बढ़कर 1.56 लाख करोड़ रुपये पर

**नई दिल्ली।** म्यूचुअल फंड उद्योग में सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के माध्यम से निवेश वित्त वर्ष 2022-23 में 25 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.56 लाख करोड़ रुपये हो गया। इससे पता चलता है कि बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद एसआईपी पर खुदरा निवेशकों का भरोसा बना हुआ है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2021-22 में एसआईपी के माध्यम से 1.24 लाख करोड़ रुपये जबकि 2020-21 में 96,080 करोड़ रुपये जुटाए गए। म्यूचुअल फंड में एसआईपी के माध्यम से संग्रह पिछले सात वर्ष में तीन गुना हो गया है। वित्त वर्ष 2016-17 में यह 43,921 करोड़ रुपये था। इसके साथ ही मासिक आधार पर एसआईपी में प्रवाह मार्च, 2022 के 12,328 करोड़ रुपये से मार्च, 2023 में 14,276 करोड़ रुपये के शीर्ष स्तर पर पहुंच गया।

# गेहूं के कटे डंठल में लगी आग पूरा गांव जलने से बाल-बाल बचा

**हादसा टला**

### मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने पाया आग पर काबू

जनसंदेश न्यूज



**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के तारा गांव में बुधवार को दोपहर में लगभग एक बजे गेहूं के कटे डंठल में किसी अज्ञात ने आग लगा दी जिससे आग राजभर बस्ती के पास तक पहुंच गयी।

गांव निवासी विशाल सिंह ने फायर ब्रिगेड तथा 112 नंबर पुलिस को सूचना देने के साथ साथ मौके पर मौजूद राजेश राजभर, अखिलेश राजभर, जितेंद्र राजभर, संतू, रवि विश्वकर्मा, पंचम विश्वकर्मा आदि सहित गांव के सहयोग से आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल विभाग ने आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया। यदि दमकल विभाग समय से नहीं पहुंचती तो शायद आग की लपट बढ़ सकती थी और गांव के राजभर बस्ती के लोगों के रिहायशी मड़हे को चपेट में ले लेती। हालांकि किसी प्रकार की कोई क्षति नहीं हुई है।

# ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**दुखद**

### जौनपुर-रायबरेली हाईवे पर सिकरारा के गोसाईंगंज में हुआ हादसा

### मृत युवक डमरुआ गांव के निवासी गैर इरादतन हत्या का मुकदमा

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** रायबरेली-जौनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिकरारा थाना क्षेत्र के गोसाईंगंज बाजार में मंगलवार की रात ट्रक की चपेट मे आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर ट्रक कब्जे में ले लिया है।

डमरुआ गांव निवासी पवन कुमार तिवारी (20) व अनिल गौतम (28) जौनपुर शहर से घर जा रहे थे। गोसाईंगंज बाजार के पास पहुंचे थे कि पीछे से तेज रफ्तार से आ रही ट्रक की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। रात के अंधेरे में राहगीरों ने सूचना पुलिस को दी तो मौके पर मय फोर्स पहुंचे थानाध्यक्ष महेश कुमार सिंह ने दोनों के के परिजन को सूचना दी और एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया। वहां चिकित्सकों में अनिल गौतम को मृत घोषित कर दिया। पवन तिवारी को बेहतर इलाज हेतु परिजन शहर के एक निजी अस्पताल ले गए जहां थोड़ी देर बाद उसने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने पवन के भाई विकास के तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक पर मुकदमा दर्ज कर ट्रक कब्जे में ले लिया। ट्रक के पंजीयन नंबर के सहारे पुलिस मालिक का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# मीठी सेंवई के बिना ईद अधूरी

**महंगाई**

### 160 से 190 रुपये किग्रा मिल रही डिब्बा बंद सेंवई



**जौनपुर।** होली में गुझिया के बिना और ईद में सेंवई के बिना त्योहार फीका-फीका सा लगता है। ईद पर लोग मेहमानों को नाश्ता पानी के साथ साथ सेवईं परोस कर मेहमान नवाजी कर उनका स्वागत करते हैं।

इस बार बाजार में अनेकों वेरायटी की सेवइयां मौजूद है जिन्हें खरीद कर लोग घर में ले जाकर त्योहार की तैयारियों में मशगूल हैं। सब्जी मंडी, कोतवाली चौराहा, नवाब युसूफ रोड, चहारसू चौराहा, तथा इलाकों में सेवईंयों की बिक्री जोरों पर है। सेवई के संबंध में एक बुजुर्ग स्थानीय दुकानदार ने बताया कि भारत में सेंवई की शुरूआत कैसे हुई इसका तो इतिहास बता पाना मुश्किल है लेकिन कहा जाता है कि इसका सबसे पहले उपयोग दिल्ली के लाल किले की एक शाही दावत में किया गया था जिसे सबसे पहले बहादुर शाह जफर की थाली में परोसा गया था। सेवई का इस्तेमाल यूं तो कई प्रकार से किया जाता है लेकिन खासतौर पर ईद पर बनायी गयी मीठी सेवई के बिना ईद का त्यौहार अधूरा है। सेवई एक प्रकार का नूडल है जो दिखने में बारीक और खाने में बहुत ही स्वादिष्ट होता है। मुगल काल में सेवई को जवें के नाम से जाना जाता था। राजस्थान में सेवई को फेनी के रूप में जाना जाता है। फेनी, सेवई के मुकाबले थोड़ी मोटी होती है जिसे रमजान में सहरी के वक्त खाया जाता है।

इस समय बाजार में आठ प्रकार की सेवई मौजूद है। जिसमें शरबती, कीमामी, रूमाली, संमाली, खरमई, मदनपुरा पराठा, दूधफेनी, जरदहिया सेवई प्रमुख है। डबल जीरो सेवई की इस समय काफी डिमांड है जो अत्यंत बारिक सेवई होती है। बाजार में सादा व भुनी हुई सेवई भी उपलब्ध है। कीमामी स्पेशल सेवई की भी काफी डिमांड है जिसमें मेवा, मसाला, खोवा तथा चीनी मिली रहती है। उसे घर पर ले जाकर दूध में डालकर मेहमानों को परोसा जाता है। आजकल सेवई में नया ट्रेड चला हुआ है बाजार में डिब्बाबंद सेवई भी आ गयी है। डिब्बाबंद सेवई जिसकी कीमत 160 से लेकर 190 प्रति किलो ग्राम है। मेवा मिक्स सेवई जो ज्यादातर एक दूसरे को गिफ्ट देने के काम आती है उसकी 500 ग्राम की कीमत 180 है। त्योहार मनाने के लिए लोग अपने जेब के वजन को देखते हुए बाजार से सेवई खरीद कर अपने त्योहार को मना कर मेहमान नवाजी करते हैं।

## संक्षेप

### सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी में निर्यातकों के साथ शामिल हुए राजनीतिक दलों के नेता



**भदोही।** नगर के मर्यादपट्टी मोहल्ले में स्थित कालीन भवन में बुधवार को अखिल भारतीय कालीन निमार्ता संघ द्वारा सामुहिक रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में कालीन निर्यातकों के साथ ही साथ राजनीतिक दलों से जुड़े नेता भी शामिल हुए। अखिल भारतीय कालीन निमार्ता संघ द्वारा हर साल माहे रमजान में सामुहिक रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जाता है। रोजा इफ्तार पार्टी में काफी संख्या में रोजेदारों के साथ ही साथ अन्य लोग भी शामिल हुई। सभी लोग एकमा के सभागार में सजे इफ्तार के पास बैठकर मगरिब की अजान का इंतजार किया। जैसे ही मगरिब का वक्त हुआ तो हाफिज मोहम्मद आकिब ने अजान दी तो लोगों ने अजान को सुनकर रोजा खोला। रोजा इफ्तार के बाद वहीं पर मगरिब की नमाज हुई। हाफिज मोहम्मद आकिब ने सभी रोजेदारों को मगरिब की नमाज पढ़ाया। उसके बाद सामुहिक रुप से सभी ने बारगाहे परवरदिगार में दोनों हाथों को फैलाकर कालीन कारोबार में बरकत, निर्यात को बढ़ाने और भदोही के तरक्की और खुशहाली के लिए दुआएं मांगी गई। इस अवसर पर एकमा के अध्यक्ष मो.रजा खां व एकमा के मानद सचिव असलम महबूब ने कहा कि हर साल एकमा द्वारा रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जाता है। यह परंपरा सदियों से चली आ रही है और आगे भी जारी रहेगा। इस मौके पर सूर्यमणि तिवारी, वासिफ अंसारी, उमेश कुमार मुन्ना, फिरोज वजीरी, जयप्रकाश गुप्ता, पंकज बरनवाल, शमीम अंसारी, हाजी शफकत इमाम सिद्दीकी, एजाज अहमद अंसारी, अमित मौर्य, हाजी शाहिद हुसैन अंसारी, इश्तियाक उर्फ अच्छू खां, पीयूष बरनवाल, राजू बोथरा, फिरोज अख्तर सिद्दीकी, हाजी शौकत अंसारी आदि रहे।

### ऑनलाइन पोर्टल से 718 विद्यार्थियों को आवंटित किया गया स्कूल

**ज्ञानपुर।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार के तहत सत्र 202324 के दूसरे चरण में कुल 1488 ऑनलाइन आवेदन में से 1180 वेरिफाइड आवेदन के सापेक्ष 718 विद्यार्थियों को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्कूल आवंटित किया गया। आरटीई के तहत गरीब बच्चों को कांवेंट स्कूलों में निःशुल्क शिक्षा दिलायी जाती है। छात्रों ने ऑनलाइन आवेदन किए, जिनका सत्यापन कर फार्म बीएसए कार्यालय से ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्कूल आवंटित किया गया।

### कैशलेस कार्ड बनवाना हुआ आसान

**ज्ञानपुर।** जनपद में कैशलेस कार्ड बनवाना अब और आसान हो गया है। प्रदेश सरकार का अब कोई भी अधिकारी, कर्मचारी या पेंशनर यह कार्ड घर बैठे अपने कंप्यूटर से बहुत ही आसानी से बना सकता है। यह कार्ड पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत ऑनलाइन बन रहे हैं। कैश लेस योजना के जिला नोडल डॉ. जेसी सरोज ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत सरकारी कर्मचारियों तथा पेंशनर्स के कार्ड बनने में आ रही कठिनाईयां दूर कर ली गई हैं। योजना के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से लाभार्थियों को आसानी से कार्ड उपलब्ध हो रहे हैं। पोर्टल पर योजना से संबंधित समस्त आवश्यक जानकारी उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि आयुष्मान योजनान्तर्गत आबद्ध प्राइवेट चिकित्सालयों के अतिरिक्त लखनऊ स्थित एसजीपीजीआई जैसे संस्थानों में भी सुविधा मिल दी जा रही है। प्राइवेट चिकित्सालयों में अब तक 879 लाभार्थी कैशलेस इलाज की सुविधा प्राप्त कर चुके हैं।

### बेहोशी की हालत में महिला युवक को लेकर आई हॉस्पिटल

**गोपीगंज।** बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज में एक महिला अपने तीन बच्चों के साथ बेहोशी की हालत में एक व्यक्ति को लेकर पहुँच गयी। सीएचसी द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी। बताया जाता है कि सीमा परिवर्तित नामक महिला एक युवक को बेहोशी की हालत में सामुदायिक स्वास्थ केंद्र गोपीगंज लेकर आई। प्राथमिक उपचार के बाद जब उसे होश आया तो उसने अपना नाम गोरेलाल निवासी सूफीनगर जनपद भदोही बताया। उसने कहा की मैं एक टेंपो चालक हूँ, सवारी लेकर झूसी गया था वापसी के समय मुझे चक्कर आने लगा तो मैने अपने दोस्त की बेटी को फोन किया वह ऊंज से मुझे गोपीगंज हॉस्पिटल ले आई। महिला और गोरेलाल की बातो में विरोधाभास होने की वजह से हॉस्पिटल के चिकित्सक ने थाने पर मेमो भेज दिया है। मरीज को होश आ गया था। ड्यूटी पर मौजूद होमगार्ड की सुपुर्दगी में युवक को दिया गया।

### भाजपा के टिकट को लेकर नगर पालिका गोपीगंज में घमासान

**गोपीगंज।** जनपद भदोही में दो नगर पालिका, पांच नगर पंचायत है। जिसमे हमेशा से ही भदोही नगर पालिका और गोपीगंज नगर पालिका में चर्चा बना रहता है। गोपीगंज नगर पालिका परिषद का इतिहास रहा है कि अभी तक पार्टी से विद्रोह करके चुनाव लड़ने वाले ही प्रत्यासी चुनाव जीते है। जैसा कि 29 नवंबर को यूथ कांग्रेस के नगर अध्यक्ष पद पर विराजमान मन्नी लाल विश्वकर्मा को कांग्रेस का टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय चुनाव लड़ते हुए निकटतम प्रतिद्वंदी प्रहलाद दास गुप्ता को हराकर निर्वाचित घोषित हुए। अपनी हार से बौखलाए प्रतिद्वंदियों ने अविश्वास प्रस्ताव के जरिए उन्हें अपदस्थ करवा दिया। उसके बाद 25 जुलाई 1995 में दूसरी बार जब चुनाव हुआ तो निर्दल प्रत्याशी के रूप में प्रहलाद दास गुप्ता निर्वाचित हुए। अपने कार्यकाल को पूरा किया, 2000 के चुनाव में प्रभावती देवी पत्नी प्रहलाद दास गुप्ता निर्वाचित हुई। 2006 का चुनाव दिलचस्प रहा प्रहलाद दास गुप्ता अपने ही सगे भाई आशाराम के विरुद्ध चुनाव लडे और हार गए, चुनावी चस्का इस तरह का लगा की 2012 में निर्दल प्रत्यासी के रूप में चुनाव लडे और तीसरी बार जीत गए। सबसे बड़ी खासियत यह रही की हमेशा रूलिंग पार्टी के विरुद्ध चुनाव लड़कर जीते और उसी पार्टी की सदस्यता ले ली जिसकी सरकार रही। 2017 के चुनाव में भाजपा प्रत्यासी गगन गुप्ता के विरुद्ध चुनाव लड़कर जीते और भाजपा में शामिल हो गए। 2023 का चुनाव अब रोमांचक हो चला है कि इस बार भाजपा के टिकट के कई दावेदार अपनी मजबूती से मैदान में खड़े है और सूत्रों की माने तो सभी प्रत्याशी भाजपा के टिकट के लिए अपने अपने हथकंडे अपना रहे है। धन से बल से पॉवर से कोई भी हथकंडा नही छोड़ रहे है, टिकट प्रतिष्ठा का प्रश्न बना हुआ है। पार्टी कार्यकताओं में यह भी चर्चा हैं की भाजपा जमीनी झंडा बैनर लगाकर पार्टी के वर्षो से कुबार्नी देने वाले को टिकट देती है या धन बल वाले उम्मीदवार को देती है ।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# पीयू कार्यपरिषद के सदस्य बने प्रो. मिथिलेश पाण्डेय

जनसंदेश न्यूज



प्रो. मिथिलेश पाण्डेय

**जौनपुर।** राष्ट्रीय पीजी कॉलेज जमुहाई के प्राचार्य प्रोफेसर मिथिलेश पांडेय को पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कार्य परिषद का सदस्य नामित किया गया है। प्रोफेसर मिथिलेश पांडेय शिक्षा जगत में एक समृद्धशाली स्थान रखते हैं। प्रोफेसर पांडेय की प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा जौनपुर एवं उच्च शिक्षा काशी हिंदू विश्विद्यालय बनारस से हुई है।

उन्होंने अपने स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में ही यूजीसी की प्रतिष्ठित नेट की परीक्षा 1992 में संस्कृत विषय से उत्तीर्ण की साथ ही प्रो. पांडेय ने स्नातकोत्तर के प्रथम वर्ष में ही यूजीसी नेट/जेआरएफ संस्कृत के पाठ्यक्रम पर आधारित पुस्तक की भी रचना कर डाली। प्रोफेसर पांडेय ने जेआरएफ की परीक्षा भी दिसंबर 1993 में उत्तीर्ण कर ली। प्रोफेसर मिथिलेश पांडेय की पुस्तक उपकार प्रकाशन से प्रकाशित हुई जिसका अध्ययन कर अनगिनत छात्रों ने संस्कृत विषय से यूजीसी नेट और जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण की है। प्रोफेसर मिथिलेश पांडेय की अभी तक 45 पुस्तकों का प्रकाशन हो चुका है एवं उनके 15 से अधिक उच्च स्तरीय शोध पत्र भी प्रकाशित हो चुके हैं। प्रोफेसर मिथिलेश पांडेय के पूर्वांचल विश्विद्यालय के कार्यपरिषद के सदस्य नामित किए जाने पर पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कला संकाय के डीन प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह ने बधाई देते हुए कहाकि प्रोफेसर मिथिलेश पांडेय के शैक्षणिक रूप से समृद्धशाली व्यक्तित्व का लाभ पूरे विश्वविद्यालय को मिलेगा, साथ ही उन्होंने इस चयन के लिए पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति का भी आभार ज्ञापित किया।

प्रोफेसर मिथिलेश पांडेय को कार्यपरिषद सदस्य नामित किए जाने पर डॉ. विजय प्रताप सिंह, डॉ. प्रशांत सिंह, उपेंद्र कुमार सिंह, डॉ. इंद्रजीत सिंह, डॉ. नीरज दूबे, डॉ. दिलीप सिंह, डॉ. अमित गुप्ता, डॉ. मंजूलिका यादव, डॉ. राकेश चौधरी, डॉ. तेज प्रताप सिंह, बिटर, डॉ. विनोद कुमार सिंह, डॉ. अजय सिंह, डॉ. अरुण कुमार पटेल, डॉ. विजय बहादुर यादव, रवि सिंह हुड्डा, डॉ. दिनेश राय आदि प्राध्यापकों ने बधाई दी।

### राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 20 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश प्रारंभ

**जौनपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिद्दीकपुर के प्रधानाचार्य मनीष कुमार पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिद्दीकपुर में सत्र 2023 में इंस्टीट्यूट मैनेजमेंट कमेटी के तहत 20 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी आगामी 29 अप्रैल तक संस्थान में संपर्क कर अपना आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने अवगत कराया है कि इस योजना में प्रत्येक वर्ग के अभ्यर्थियों से 500 रुपये महीने का शुल्क भारत सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है और 300 रुपये काशन मनी के रूप में जमा करना होगा। उन्होंने संस्थान में संचालित व्यवसाय के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि 1 वर्षीय व्यवसाय में वेल्डर, कोपा, बेसिक कास्मेटोलाजी, स्टेनो हिन्दी, ट्रैक्टर मैकेनिक, तथा 2 वर्षीय व्यवसाय में फिटर, इलेक्ट्रीशियन, टर्नर, इलेक्ट्रानिक्स मैकेनिक, मशीनिस्ट, वायरमैन, मोटर मैकेनिक आदि व्यवसाय संस्थान में संचालित हैं। इच्छुक अभ्यर्थी उक्त के संबंध में अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में संस्थान में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## संक्षेप

### अधिवक्ता पर संघ के पैसे के गबन का लगाया आरोप

**मछलीशहर।** साथियों ने अधिवक्ता के ऊपर अधिवक्ता संघ के पैसे के गबन का आरोप लगाया है। अधिवक्ताओं का प्रतिनिधि मण्डल उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी को आरोपी अधिवक्ता के विरुद्ध कार्यवाही के लिये ज्ञापन सौंपा है जो तहसील में चर्चा का विषय बना हुआ है। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि अधिवक्ता संघ द्वारा अधिवक्ता कल्याण निधि के लिये साधारण व दफा 34 हलफनामें से होने वाली आय का दो लाख चौबीस हजार पांच सौ चौसठ रुपये तहसील अधिवक्ता बामी गांव निवासी वीरेंद्र प्रताप यादव के पास जमा था जो अधिवक्ता समिति के खाते में न जमाकर पैसे का गबन कर लिये। अधिवक्ताओं के दबाव के बाद दिसंबर 2022 में दो किश्तों में पैसा देने का वादा किया था। निर्धारित अवधि के बाद भी पैसा वापस नहीं हुआ। अधिवक्ताओं ने आरोपी को तलब कर बकाया धनराशि अधिवक्ता समिति कोष में जमा कराने की मांग की है। अन्यथा की स्थिति में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराने की मांग की है। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद, महामंत्री बनवारी राम मौर्य, दिनेश चंद्र सिन्हा, अशोक श्रीवास्तव, आरपी सिंह, भरत लाल यादव, सरजू प्रसाद विन्द, विनय प्रिय पाण्डेय, विपिन मौर्य आदि उपस्थित थे।

### शांति समिति की बैठक आयोजित

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय कोतवाली परिसर में ईद पर्व के पूर्व शांति समिति की बैठक कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नगर सहित ईदगाह व अन्य मस्जिदों के रास्ते की साफ-सफाई, पेयजल व विद्युत आपूर्ति पर चर्चा की गई। ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष गयासुद्दीन ने कहा कि ईदगाह के रास्ते में भवन स्वामियों द्वारा भवन निर्माण की सामग्री गिट्टी बालू गिराया गया है। कोतवाल ने उसे तत्काल हटवाने का आश्वासन कमेटी के लोगों को दिया। नगर के समस्त सूवर बाड़ों को ईद के दिन 12 बजे तक बंद रखने का आदेश सूअर पालकों को बीट के सिपाहियों को जाकर कहने का आदेश दिया। बैठक में कमाल फारूकी, अत्ताउल्लाह खान, विनोद जायसवाल, बाबूभाई, जलाल अहमद, ग्यासुद्दीन अंसारी, डॉ. वकार अहमद, कपिल राइन आदि लोग रहे।

### दोपहर 12 बजे तक संचालित होंगे पांचवीं तक के विद्यालय

**ज्ञानपुर।** अत्यधिक गर्मी की वजह से परिषदीय विद्यालयों में विद्यार्थियों की परेशानियों के दृष्टिगत जिलाधिकारी गौरांग राठी ने जनपद के सभी सीबीएसई, आईसीएससी, माध्यमिक शिक्षा परिषद एवं बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित कक्षा एक से पाँच तक सभी मान्यता प्राप्त, सहायता प्राप्त, राजकीय विद्यालयों के समय में परिवर्तन किया हैं। पांचवी तक के विद्यालय प्रातः साढ़े सात बजे से अपराह्न बारह बजे तक संचालित होगें एवं कक्षा छः से आठ तक सभी मान्यता प्राप्त, सहायता प्राप्त विद्यालय प्रातः साढ़े सात बजे से अपराह्न डेढ़ बजे तक संचालित होगें। डीएम के आदेश के अनुसार जनपद के बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित सभी राजकीय विद्यालयों में कार्यरत अध्यायक, अध्यापिकायें, शिक्षामित्र , अनुदेशक व अन्य कर्मचारियों को प्रातः साढ़े सात बजे से अपरान्ह दो बजे तक विद्यालय में उपस्थित रहकर शैक्षिक व विभागीय कार्य यथा हाउस होल्ड सर्वे, डीबीटी, स्कूल चलो अभियान, नवीन नामांकन, शारदा, कायाकल्प एवं अन्य प्रशासनिक कार्य सम्पादित करेगें।

# तीसरे दिन सातो नगरीय निकायों के अध्यक्ष के 20 व सदस्य के 97 नामांकन पत्रों की हुई बिक्री

**निकाय चुनाव**

### अध्यक्ष के 02 व सदस्य के 12 प्रत्याशियों ने किया पर्चा दाखिल

### तीनों तहसील नामांकन स्थलों से पूर्वाहन 11:00 बजे से नामांकन पत्रों का क्रय व नामांकन प्रक्रिया सुचारू ढंग से हो रही है संचालित



भदोही तहसील में नामांकन पत्रों की जानकारी लेते एसडीएम कृपा शंकर पांडेय



नई बाजार नगर पंचायत से अध्यक्ष पद के लिए पर्चा लेते लालता सोनकर

**भदोही।** 'नगरीय निकाय निर्वाचन-2023' को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी व शान्तिपूर्ण ढ़ग से सकुशल सम्पन्न कराने के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी ने (पंचायत एवं नगरीय निकाय) एवं पुलिस अधीक्षक डॉ.अनिल कुमार के कुशल निर्देशन में जनपद के सातो नगरीय निकायों के अध्यक्ष व सदस्य पदों हेतु नाम निर्देशन पत्रों का क्रय आज तीसरे दिन भी पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपराहन 3:00 बजे तक हुआ। तहसील भदोही परिसर में नगर पालिका भदोही के अध्यक्ष पद हेतु 04, सुरियावा 05, नई बाजार 00 एवं सदस्य पद हेतु नगर पालिका भदोही में सभी वार्ड हेतु 35, सुरियावा 18, नई बाजार 07 नाम निर्देशन पत्रों का क्रय हुआ। जिनमें से सदस्य पद हेतु भदोही से 04 प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया।

इसी तरह तहसील ज्ञानपुर परिसर में नगर पालिका गोपीगंज के अध्यक्ष पद हेतु 05 व सदस्य पद हेतु 12 पत्रों की बिक्री एवं सदस्य पद हेतु 04 नामांकन हुए। नगर पंचायत ज्ञानपुर में अध्यक्ष के 04, सदस्य के 04 फार्मो की बिक्री हुई तथा अध्यक्ष पद हेतु किसी प्रत्याशी ने नामांकन नही किया। इसी तरह तहसील औराई परिसर में नगर पंचायत खमरिया के अध्यक्ष हेतु 01 एवं सदस्य हेतु 07 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। खमरिया से अध्यक्ष पद हेतु 02 प्रत्याशियों रीना किन्नर, उमर महमूद सहित 04 प्रत्याशियों ने सदस्य पद हेतु नामांकन किया। नगर पंचायत घोसिया के अध्यक्ष हेतु 01 एवं सदस्य हेतु 04 पत्रों का क्रय किया गया तथा 02 महिला व 02 पुरूष वार्ड सदस्य प्रत्याशियों ने नामांकन भी किया। इस प्रकार से तीनों तहसील परिसरों के नामांकन स्थल से सातों नगरीय निकाय के अध्यक्ष के 20 व सदस्य के 97 सहित कुल 117 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई तथा 12 सदस्य प्रत्याशी एवं 02 अध्यक्ष प्रत्याशी सहित कुल 14 प्रत्याशियों ने आज नामांकन किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 25 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा, 27 अप्रैल को अभ्यर्थन की नाम वापसी, 28 अप्रैल को प्रतीक/चुनाव चिन्ह आवंटन किया जाएगा स 11 मई को पूर्वाहन 7:00 बजे से अपराहन 6:00 बजे तक मतदान होगा एवं 13 मई को पूर्वाहन 8:00 बजे से मतगणना की शुरूआत होगी।

# भगवान भास्कर ने तरेरी आंखें भीषण गर्मी से जीना मुहाल

**दुर्दशा**

### मुंह ढक कर, सर पर गमछा रख कर चलने को मजबूर हुए लोग

जनसंदेश न्यूज



स्कूल में छुट्टी होने के बाद तेज धूप से बचने के लिए बच्चे सर पर स्कूल बैग रख कर घर को जाते हुए

**ज्ञानपुर।** जिले में दिन ब दिन गर्मी का पारा बढ़ता ही जा रहा है। तीखी धूप से दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। गर्मी के अचानक बिगड़े तेवर ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। तीखी धूप से बचने के लिए लोग छांव की तलाश करते रहे।

जिले में गर्मी के तेवर धीरे-धीरे सख्त होते जा रहे हैं। बढ़ती गर्मी का आलम यह है कि लोग दोपहर में घरों में बैठना ही पसंद कर रहे हैं। गुरुवार को गर्मी का आलम यह रहा कि दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। पूर्वाह्न बाद ही गर्मी का असर दिखने लगा। चिलचिलाती धूप से बचने के लिए लोग जुगत करने में जुट गए थे। खास तौर पर वे लोग जो सुबह काम के चलते घरों से बाहर निकल गए थे। दोपहर होते होते भगवान भास्कर के रौद्र रूप से बचने के लिए लोग छाया की तलाश करते दिखे।

छात्र-छात्राएं भी तौलिया, स्कूल बैग गमछा या अन्य उपाय से धूप से बचने की कोशिश कर रहे थे। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो आने वाले दिनों में सूरज के तेवर और भी तीखे होंगे। बढ़ती गर्मी को लेकर चिकित्सकों ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

# प्रमुख सचिव गृह व पुलिस महानिदेशक ने वीसी में डीएम एसपी से ली जानकारी, दिया आवश्यक दिशा निर्देश

**बैठक**

### आगामी पर्वो के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक आयोजित कराकर सौहार्द्रपूर्ण व भाईचारें की भावना से मनाये सभी त्यौहारः प्रमुख सचिव गृह



प्रमुख सचिव गृह एवं पुलिस महानिदेशक के वीसी में शामिल अधिकारीगण

**भदोही।** अलविदा नमाज, ईद, नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत तैयारियों के क्रम में प्रमुख सचिव गृह, उ.प्र. शासन संजय प्रसाद एवं पुलिस महानिदेशक उ.प्र., आर.के. विश्वकर्मा ने प्रदेश के समस्त मण्डलायुक्त, पुलिस उप महानिरीक्षक, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक से वीडियों कॉन्फ्रेसिंग द्वारा जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

इसी क्रम में भदोही कलेक्ट्रेट एनआईसी में विन्ध्याचल परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक आर.पी.सिंह, जिलाधिकारी गौरांग राठी, पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने जनपद भदोही में किए गये तैयारियों व रणनीतियों पर आवश्यक संवाद किया। प्रमुख सचिव गृह, उ.प्र. शासन संजय प्रसाद एवं पुलिस महानिदेशक उ.प्र., आर.के. विश्वकर्मा ने समस्त जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि पीस कमेटी की बैठक आयोजित कराकर समाज के प्रबुद्धजनों, विभिन्न धर्म गुरूओं को आपसी प्रेम सौहार्द के साथ पर्वो को मनाने हेतु जागरूक किया जाय। अलविदा नमाज, ईद की नमाज के दृष्टिगत जनपद के सभी मस्जिदों पर पर्याप्त पुलिस बल लगाते हुए शान्ति व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत अन्य आवश्यक कार्यवाहिया सुनिश्चित किया जाय। ईदगाह स्थलों पर भी पर्याप्त पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाते हुए कुशलता के साथ मेले को संचालित किया जाए। उन्होंने समस्त जनपदों के अधिशासी अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता जल निगम, व समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अलविदा नमाज व ईद के दिन बिजली, पानी व आवश्यक साफ-सफाई को हर-हाल में पर्याप्त सुनिश्चित किया जाए।

# भारत आबादी में बना नंबर-1

**पड़ोसी देश चीन को पीछे छोड़ा**

**हर साल 2.5 करोड़ बच्चे जन्म लेते हैं**





*भारत की आबादी चीन की तुलना में 2.9 मिलियन ज्यादा हो गई है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष ने इसके आकंड़े जारी कर दिए हैं। भारत दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन गया है। भारत में 15 से 64 साल तक के लोगों की संख्या 68 प्रतिशत है। यूएन ने पिछले साल ही इस बात का दावा किया था।*

भारत ने आबादी के मामले में चीन को भी पीछे छोड़ दिया है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के मुताबिक भारत अब दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला बन गया है। भारत की आबादी 142.86 करोड़ पहुंच गई है जबकि चीन की जनसंख्या 142.57 करोड़ है। भारत की आबादी अब 29 लाख ज्यादा हो गई है। यह पहली बार है कि भारत की जनसंख्या 1950 के बाद से चीन से आगे निकल गई है. संयुक्त राष्ट्र ने पिछले साल यह अनुमान लगाया था कि अगले साल तक भारत सबसे ज्यादा आबादी के मामले में चीन को पीछे छोड़ देगा। इस संबंध में एनएफपीए की क्यू स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट, 2023 ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट का नाम आठ बिलियन लाइव्स, इनफिनिट पॉसिबिलिटीजः द केस फॉर राइट्स एंड चॉइस है. यह आंकड़े डेमोग्राफिक इंडिकेटर्स की श्रेणी में दिए गए हैं। यूएनएफपीए के मीडिया सलाहकार एना जेफरीज ने बताया, हां, यह स्पष्ट नहीं है कि भारत ने चीन को कब पीछे छोड़ा है। जेफरीज ने कहा, दरअसल दोनों देश की तुलना करना काफी कठिन है. क्योंकि दोनों देशों के डाटा कलेक्शन में थोड़ा अंतर है। उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट में यह साफ है कि चीन की आबादी पिछले साल अपने चरम पर पहुंच गई और अब इसमें गिरावट आने लगी है. वहीं भारत की आबादी फिलहाल बढ़ रही है। हालांकि भारत की आबादी के ग्रोथ रेट में भी 1980 के बाद से गिरावट देखी जा रही है। इसका मतलब यह है कि भारत की आबादी बढ़ रही है लेकिन इसकी दर पहले के मुकाबले अब कम हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की 25 प्रतिशत आबादी 0 से 14 साल के बीच है. इसके अलावा 18 फीसदी लोग 10 से 19 की उम्र के हैं। 10 से 24 साल तक के लोगों की संख्या 26 प्रतिशत है। वहीं 15 से 64 साल तक के लोगों की संख्या 68 प्रतिशत है और 65 से ऊपर के 7 प्रतिशत लोग हैं। चीन की बात करें तो 0 से 14 साल के बीच 17%, 10 से 19 के बीच 12%, 10 से 24 साल 18%, 15 से 64 साल 69% और 65 से ऊपर के लोगों की संख्या 14% है। अमेरिकी सरकार की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 18वीं सदी में आबादी 12 करोड़ के आसपास रही होगी. 1820 में भारत की आबादी 13.40 करोड़ के आसपास थी। 19वीं सदी तक भारत की आबादी ने 23 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया. 2001 में भारत की आबादी 100 करोड़ के पार चली गई. अभी भारत की आबादी 140 करोड़ के आसपास है। 2050 तक भारत की आबादी 166 करोड़ के आसपास होगी।

## 78 देशों की आबादी के बराबर भारत में जन्म ले रहे बच्चे

संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि भारत में हर साल लगभग ढाई करोड़ बच्चों का जन्म होता है. वहीं, सबसे ज्यादा आबादी वाले चीन में भारत की तुलना में लगभग आधे बच्चे पैदा होते हैं। 2022 में चीन में 95 लाख बच्चों का जन्म हुआ था। 2021 की तुलना में ये लगभग 10 फीसदी की गिरावट थी। भारत के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट बताती है कि 2021-22 में सालभर में 2.03 करोड़ से ज्यादा बच्चों का जन्म हुआ। यानी, हर दिन औसतन 56 हजार बच्चे पैदा हुए. इससे पहले साल 2020-21 में दो करोड़ से कुछ ज्यादा बच्चों का जन्म हुआ था। इसका मतलब हुआ कि 2020-21 की तुलना में 2021-22 में 1.32 लाख ज्यादा बच्चों का जन्म हुआ। ये आंकड़ा इसलिए भी चौंकाता है क्योंकि अगर दुनिया के 78 देशों की आबादी को जोड़ दिया जाए तो ये संख्या दो करोड़ से कुछ ज्यादा ही बैठती है।

## इसलिए भारत में बढ़ती जा रही आबादी

भारत में आबादी बढ़ने की तीन बड़े कारण हैं। पहला- शिशु मृत्यु दर में गिरावट यानी एक साल से कम उम्र के बच्चों की मौत घट रही है। दूसरा- नवजात मृत्यु दर में कमी यानी 28 दिन की उम्र तक के बच्चों की मौत में कमी आ रही है। और तीसरा- अंडर-5 मोर्टेलिटी रेट कम होना यानी पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मौतों की संख्या घट रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के हेल्थ मैनेजमेंट इन्फोर्मेशन सिस्टम की 2021-22 की रिपोर्ट बताती है कि भारत में शिशु मृत्यु दर, नवजात मृत्यु दर और अंडर-5 मोर्टेलिटी रेट में गिरावट आ रही है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 2012 में शिशु मृत्यु दर हर एक हजार बच्चों पर 42 थी, जो 2020 में घटकर 28 पर आ गई. यानी, 2012 में पैदा होने वाले हर एक बच्चों में से 42 एक साल भी नहीं जी पाते थे। इसी तरह प्रति हजार बच्चों पर नवजात मृत्यु दर भी 2012 में 29 थी जो अब घटकर 20 पर आ गई. वहीं, हर एक हजार बच्चों पर अंडर-5 मोर्टेलिटी भी 2012 में 52 थी, जो 2020 में घटकर 32 हो गई है। दूसरी ओर चीन में जन्म दर कम हो रही है। चीन के सरकारी आंकड़े बताते हैं कि 2022 में देश में जन्म दर प्रति हजार लोगों पर 6.77 थी, जबकि 2021 में ये 7.52 थी. 1949 के बाद ये पहली बार था जब चीन में जन्म दर में गिरावट आई।

# 48 साल पहले लॉन्च हुआ था भारत का पहला सैटेलाइट

**भारत की अंतरिक्ष में एंट्री**

**चीन से बड़ा सैटेलाइट की शर्त पर राजी हुआ था सोवियत संघ**

**लॉन्च व्हीकल तब के सोवियत संघ ने दिया था**

1971 की गर्मियों के दिन थे। जून का महीना था और तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी के आवास पर एक मीटिंग चल रही थी। उसमें पीएम के अलावा सोवियत संघ में भारत के राजदूत दुर्गा प्रसाद धर, वैज्ञानिक विक्रम साराभाई, उनके सहायक यूआर राव और भारत में सोवियत राजदूत निकोलाई पेगोव मौजूद थे। मीटिंग में साराभाई देश के पहले उपग्रह को बनाने का पूरा प्लान प्रधानमंत्री इंदिरा के सामने रखते हैं, लेकिन इस मिशन को पूरा करने के लिए जरूरत एक लॉन्च व्हीकल की होती है। साराभाई रूस के राजदूत पेगोव से इसकी मांग करते हैं, तो वे कहते हैं कि चीन ने जो उपग्रह लॉन्च किया है, उसका आकार क्या है? इस सवाल को सुनकर हर कोई हैरान रह जाता है। फिर यूआर राव कहते हैं- 190 किलो। निकोलाई पेगोव इंदिरा गांधी और साराभाई की तरफ देखकर कहते हैं कि लॉन्च व्हीकल देने के लिए मेरी एक शर्त है और यह है भारत का पहला उपग्रह चीन से बड़ा होना चाहिए। भारत इस शर्त को मान लेता है और सैटेलाइट बनाने की तैयारी शुरू हो जाती है। 4 साल बाद 19 अप्रैल को भारत अपना पहला सैटेलाइट आर्यभट्ट लॉन्च कर देता है। चार अक्टूबर 1957 को रूस ने पहला सैटेलाइट स्पुतनिक लॉन्च किया। अगले ही साल नासा ने भी स्पेस मिशन पर काम करना शुरू कर दिया। हालांकि भारत में अभी तक इस पर कुछ खास काम शुरू नहीं हुआ था। 1960 और 1970 की दशक में जब रूस और अमेरिका ने अपना स्पेस मिशन शुरू किया तो भारतीय वैज्ञानिकों पर भी ऐसा करने का दबाव बढ़ने लगा। अभी तक भारत में काम का ज्यादा स्कोप नहीं था, ऐसे में भारत के ज्यादातर बड़े साइंटिस्ट सीवी रमन, मेघनाद साहा, रामानुजन आदि काम के लिए विदेश जाते थे। 21 नवंबर 1963 को केरल के त्रिवेंद्रम से देश का पहला रॉकेट लॉन्च किया गया। इस रॉकेट की रेंज 55 किलोमीटर थी। इससे एक साल पहले 1962 में ही स्पेस फतह करने के लिए देश में द इंडियन नेशनल कमेटी फॉर स्पेस रिसर्च की शुरूआत हुई। छह साल बाद 1968 में इस संस्था का नाम बदलकर इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन कर दिया गया। इसी वक्त विक्रम साराभाई सोवियत रूस और अमेरिका की यात्रा पर गए थे। उनके दिमाग में भारत के लिए स्पेस मिशन को शुरू करने का ख्याल आया। सोवियत रूस इस समय तक पर्दे के पीछे से स्पेस मिशन पर काम कर रहा था, लेकिन अमेरिका ने साराभाई को भरोसा दिया कि वह भारत को स्पेस लॉन्च करने में मदद करेगा। कुछ दिन बाद यूआर राव एक प्लान लेकर साराभाई के पास गए। साराभाई ने इस स्पेस मिशन को अंजाम तक पहुंचाने की जिम्मेदारी राव के ही कंधे पर डाल दी। इसके बाद राव ने देश के टॉप 25 इंजीनियर्स के साथ मिलकर इस मिशन पर काम शुरू कर दिया। रिजर्व बैंक ने इस ऐतिहासिक दिन को सेलिब्रेट करने के लिए 1997 में दो रुपए के नोट पर इस सैटेलाइट की तस्वीर छापी थी। रिजर्व बैंक ने इस ऐतिहासिक दिन को सेलिब्रेट करने के लिए 1997 में दो रुपए के नोट पर इस सैटेलाइट की तस्वीर छापी थी।

## अमेरिका भाड़े पर रॉकेट देने को तैयार हुआ तो सोवियत संघ खुद मदद के लिए आगे आया

अब यूआर राव अपनी टीम के साथ उपग्रह बनाने के काम में लग गए। सबसे पहले इन्होंने 100 किलो के एक उपग्रह का डिजाइन तैयार किया। इस उपग्रह को लॉन्च करने के लिए अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने स्काउट रॉकेट देने की बात कही थी। इसी बीच एक रोज प्रधानमंत्री इंदिरा के पास रूस में भारत के राजदूत डीपी धर फोन करते हैं। इस बातचीत में वह कहते हैं कि रूस भारत को उपग्रह लॉन्च करने में मदद देने के लिए तैयार है। जब इसकी जानकारी विक्रम साराभाई को हुई तो वो बेहद खुश हुए और पहले उपग्रह पर काम शुरू हो गया। इसके लिए रूस और भारतीय साइंटिस्टों के बीच कई मीटिंग भी हुई। अप्रूव होने से पहले इस प्रोजेक्ट पर त्रिवेंद्रम में काम चला, लेकिन इसके बाद बेंगलुरु के पीन्या इलाके में इस पर काम शुरू हुआ।

## 1974 में रखी गई उपग्रह लॉन्च करने की तारीख टली

रूस के साथ समझौता होने के बाद 1974 में उपग्रह को लॉन्च करने का फैसला लिया गया। अब तक रॉकेट लॉन्च करने का काम केरल में थुंबा से होता था, लेकिन धवन ने सैटेलाइट बनाने का काम बेंगलुरु ले जाने का फैसला किया। यहां पीनया इंडस्ट्रियल एरिया में चार शेड्स में काम शुरू हो गया। जुगाड़ के व्यवस्था से काम शुरू हुआ। काम करने वाले ज्यादातर लोग ऐसे थे, जिन्होंने कभी उपग्रह नहीं देखा था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सोवियत वैज्ञानिक 6 महीने में सिर्फ एक बार मीटिंग करते थे, इस वजह से वहां से कोई खास मदद नहीं मिल रही थी। काम समय पर पूरा नहीं होने की वजह से लॉन्च की तारीख आगे बढ़ाकर अप्रैल 1975 कर दी गई। मार्च में सैटेलाइट बनकर तैयार हुआ तो इंदिरा गांधी के पास इस उपग्रह के तीन नाम मैत्री, आर्यभट्ट और जवाहर भेजे गए। इंदिरा ने आर्यभट्ट नाम पर मुहर लगाई। 19 अप्रैल 1975 को दोपहर के 12 बजे थे। रूस के कपुस्टिन यार शहर में आर्यभट्ट उपग्रह लॉन्च होने के लिए तैयार था। इसरो प्रमुख सतीश धवन, यूआर राव के साथ भारत के 30 वैज्ञानिक वहां मौजूद थे। तभी काउंटडाउन शुरू हुआ...10, 9,8,7.....1 होते ही रूसी भाषा में 'लेट अस गो' की आवाज आते ही आर्यभट्ट की सफल लॉन्चिंग होती है। 12 मिनट बाद ये उपग्रह अपने तय कक्षा में स्थापित हो जाता है। इस पूरे मिशन को अंजाम देने वाले यूआर राव की आंखों में आंसू आ जाते हैं। हालांकि पांचवें दिन सैटेलाइट से संपर्क टूट गया, लेकिन बाद में संपर्क फिर से जुड़ गया। अंतरिक्ष में करीब 17 साल रहने के बाद सैटेलाइट आर्यभट्ट 10 फरवरी 1992 को पृथ्वी के वातावरण में लौट आया।



## चीन से दोगुने भार के उपग्रह पर काम शुरू हो गया

रूस की शर्तों को ध्यान में रखते हुए प्रोजेक्ट अप्रूव होने के बाद नए सिरे से उपग्रह बनाने के काम को शुरू किया गया। 24 अप्रैल 1970 को चीन ने 173 किलो का पहला सैटेलाइट लॉन्च किया था। ऐसे में भारतीय वैज्ञानिकों ने 350 किलो के उपग्रह का डिजाइन करना शुरू कर दिया। ये वजन में चीन के उपग्रह से दोगुना था। पहले स्टेज का काम पूरा होने के बाद यूआर राव अपनी टीम के साथ मीटिंग के लिए रूस पहुंचे। सोवियत रूस को भारतीय वैज्ञानिकों पर भरोसा नहीं था। ऐसे में उन्होंने भारत को ऑफर दिया कि भारत सिर्फ पेलोड बनाए और उसे सोवियत सैटेलाइट के साथ लॉन्च करे। राव ने रूस के इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। आखिरकार सोवियत रूस राव की जिद के आगे मान गया। दिसंबर 1971 में विक्रम साराभाई की हार्ट अटैक से मृत्यु हुई तो लगा कि अब प्रोजेक्ट रुक जाएगा, लेकिन फिर मेनन ने इसरो के अंतरिम चीफ के तौर पर कमान संभाली। अगले साल 1972 में सतीश धवन ने इसरो की जिम्मेदारी संभाली। मेनन और उसके बाद धवन उपग्रह बनाने के काम को पहले की तरह आगे बढ़ाते रहे।फरवरी 1972 में एक बार फिर से इस प्रोजेक्ट पर त्रिवेंद्रम में बैठक आयोजित की गई। ये बैठक सोवियत रूस के साथ उपग्रह लॉन्च करने से पहले समझौते को अंतिम रूप देने के लिए हुई थी। इस बैठक में इंदिरा गांधी का वैज्ञानिकों से सवाल था- आखिर इस उपग्रह से देश को फायदा क्या है? साइंटिस्ट यूआर राव ने कहा- अगर हम अंतरिक्ष को फतह करना चाहते हैं तो हमारे पास ये पहला मौका है। हम बाकी देशों से कम खर्च में अपने स्पेस मिशन को पूरा कर सकते हैं। इससे देश के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में कम्युनिकेशन आसान हो जाएगा। इसे लॉन्च करने के बाद ही हम अंतरिक्ष के बारे में और ज्यादा जान पाएंगे। इंदिरा गांधी का दूसरा सवाल था- इसमें कितने रुपए खर्च होंगे? यूआर राव ने अपनी टीम के साथ बात करने के बाद कहा कि करीब 3 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके बाद इंदिरा गांधी ने ओके कहकर प्रोजेक्ट को हरी झंडी दे दी।

# वृहस्पति बदलेंगे अपनी चाल



**मौसम में होगा अजीबोगरीब बदलाव, विश्व क्षितिज पर दिखेंगी कई अप्रत्याशित घटनाएं**

**सता व विपक्ष में आपसी खींचातान, एक दूसरे पर होगा आरोप-प्रत्यारोप**

**आंधी, तूफान, वर्षा व बाढ़ से जन-धन की हानि भी संभव**

**वृहस्पति ग्रह मीन से आयेंगे मेष राशि में**

राधेश्याम कमल

**वाराणसी।** गुरु ग्रह 21 अप्रैल शुक्रवार को देर रात्रि 5.13 मिनट पर अश्विनी नक्षत्र के प्रथम चरण में प्रवेश करेंगे। अश्विनी नक्षत्र का प्रथम चरण होने से वृहस्पति ग्रह मेष राशि में प्रवेश कर जायेंगे। जो कि 30 अप्रैल 2024 तक इसी राशि में रहेंगे। तत्पश्चात एक मई 2024 को कृतिका नक्षत्र के द्वितीय चरण में प्रवेश कर जायेंगे जो कि वृष राशि में इसी दिन से रहना प्रारंभ कर देंगे। वृहस्पति ग्रह के राशि परिवर्तन से द्वादश राशियों पर भी व्यापक असर पड़ेगा।

प्रसिद्ध ज्योतिषी पं. विमल जैन ने बताया कि वृहस्पति ग्रह के राशि परिवर्तन से ग्रह योगों के फलस्वरूप विश्व पटल पर अनेक घटनाएं सामने आयेंगी। सता पक्ष और विपक्ष में राजनैतिक दलों की आपसी खींचातानी, एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप, जनमानस में किसी विशेष मुद्दे को लेकर जन आक्रोश, सत्ता परिवर्तन व मंत्री मंडल में बदलाव की स्थिति बनेगी।

**शेयर वायदा व मुद्रा बाजार में होगा उतार चढ़ावः** ज्योतिषी पं. विमल जैन के मुताबिक वृहस्पति ग्रह के राशि परिवर्तन से शेयर वायदा व मुद्रा व धातु बाजार में विशेष उतार-चढ़ाव रहेगा। वित्तीय अर्थ व्यवस्था में अनिश्चता, दैवीय प्राकृतिक आपदाएं, रेल, वायुयान, जल परिवहन, तथा सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहेगी। मौसम में अजीबोगरीब परिवर्तन के फलस्वरूप आंधी, तूफान, वर्षा व बाढ़ से जन-धन की हानि भी संभव है। व्यक्ति विशेष की सेवा से वंचित होना पड़ सकता है। देश के सीमावर्ती क्षेत्रों में तनाव बना रहेगा। जनमानस मूल्य वृद्धियों व महंगाई से आक्रोशित रहेगा। धार्मिक व सांस्कृतिक गतिविधियों पर सत्ता पक्ष को नये सिरे से चिंतन मनन करना पड़ेगा। भारतवर्ष की राशि मकर होने से वृहस्पति ग्रह चौथे घर में हो जायेंगे। इससे विशेष अनहोनी अप्रत्याशित घटनाएं घटित होगी। नई राजनीतिक पार्टियों भी बनेगी। पुरातन पार्टियों की शाख पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। राजनीतिक दलों में विषमता बनी रहेगी। देश विदेश की नीति भी प्रभावित होगी। कई जगह सत्ता परिवर्तन होना भी संभव है।

## द्वादश राशियों पर पड़ेगा असर

*वृहस्पति ग्रह के मीन से मेष राशि में आने पर द्वादश राशियों पर भी प्रभाव पड़ेगा।*

**मेष**- कार्य व्यवसाय में लाभ, मान-सम्मान में वृद्धि, नवीन उपलब्धि का भी सुयोग।
**वृषभ**- सफलता में बाधा, स्वास्थ्य में शिथिलता, व्यय की अधिकता, कर्ज की अधिकता।
**मिथुन**- नवयोजना कार्यान्वित, आरोग्य में सुख, नूतन पुरातन योजना प्रगति पर, आय के नवीन स्त्रोत।
**कर्क**- आर्थिक व्यवसायिक प्रगति का सुयोग, परिवार में मांगलिक कृत्य, नौकरी में पदोन्नति, संतान पक्ष से उत्कर्ष।
**सिंह**- कार्य क्षमता में अनुकूलता, किसी विवाद का समापन, निजी इच्छा की पूर्ति का प्रयास, नव संपर्क लाभदायी, परिवार में हर्ष।
**कन्या**- कार्यों के प्रति उदासीनता, योजना अधूरी, शारीरिक मानसिक कष्ट, जोखिम से धन हानि, शंका-कुशंका प्रभावी।
**तुला**- कार्य योजना में सफलता, धर्म अध्यात्म में रूचि, राजनैतिक लाभ, भाग्य उन्नति के नवीन आयाम।
**वृच्छिक**- परिस्थितियां प्रतिकूल, योजना अधूरी, वाद-विवाद से कष्ट, मान सम्मान में कमी। व्यक्ति विशेष से विश्वासघात की आशंका।
**धनु**- भाग्योदय के नवीन आयाम, कार्य व्यवसाय में प्रगति, स्वास्थ्य में लाभ, प्रेम प्रसंग में अनुकूलता, अध्यात्म में रूचि।
**मकर**- भौतिक सुख में कमी, कार्यों में निराशा, पारिवारिक उलझनें, आत्मबल में कमी, शत्रु प्रभावी, स्वास्थ्य में शिथिलता।
**कुंभ**- कार्य व्यवसाय योजना में प्रगति, आर्थिक व्यसायिक लाभ का सुयोग, धर्म-कर्म में रूचि, यात्रा में सफलता।
**मीन**- समय भाग्य के पक्ष में, आकस्मिक लाभ, आनंद की अनुभूति, घरेलू वातावरण सुखद।

## वृहस्पति ग्रह को कैसे करें प्रसन्न

वृहस्पति ग्रह की अनुकूलता के लिए अपने आराध्य देव की पूजा अर्चना के साथ ही वृहस्पति ग्रह की आराधना करें। वृहस्पति ग्रह के मंत्र का जप करें। वृहस्पतिवार को पीले रंग की वस्तुओं का दान करें। पीले रंग की वस्तुओं में पीला वसत्र, चने की दाल, धार्मिक ग्रंथ, सोना (स्वर्ण), हल्दी, केसर, पीली मिठाई आदि आदि दक्षिणा के साथ किसी ब्राह्मण को दान देना चाहिए। वृहस्पतिवार को व्रत भी रखना चाहिए। वृहस्पति का रत्न पीला पुखराज या उपरत्न पीला टोपाज है। इसको दाहिने हाथ की तर्जनी अंगुली में विधि विधान पूर्वक पहनने से लाभ होगा।

## पाइमाइंड्स एडटेक का उद्घाटन समारोह

**वाराणसी।** पाइमाइंड्स एडटेक का उद्घाटन समारोह बुधवार को मलदहिया में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक कैंट सौरभ श्रीवास्तव, पाइमाइंड्स एडटेक की डायरेक्टर सोनाली सोनी रहे। बताया कि ग्राफिक, एनिमेशन और वीएफएक्स उद्योग के नैतिक उत्थान, युवाओं को कुशल बनाने और उन्हें एक अच्छी नौकरी प्रदान करने के लिए अदम्य भावना के साथ आगे बढ़ने का एक प्रयास है। हमारी संस्था ने इसके लिए पहले से ही तैयारी कर ली है। हम सभी इस विश्वव्यापी विस्तार के लिए उत्साहित हैं। छात्रों के लिए 30 प्रतिशत की छूट का भव्य उद्घाटन प्रस्ताव भी चल रहा है जो जल्द ही समाप्त हो जायेगा। विशेष अतिथि आयुष नरसरिया (ईडी बीएनआई वाराणसी) श्रीमती आंचल नरसरिया, सीए जमुना शुक्ला व इशांक रहे।



## सीए राज अग्रवाल मारवाड़ी युवा मंच काशी के अध्यक्ष

**वाराणसी।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच से संबद्ध वाराणसी के विशिष्ट समाजसेवी संगठन मारवाड़ी युवा मंच काशी के नवीन सत्र 2023-24 के लिए शाखा सदस्यों ने सर्वसम्मति से वरिष्ठ सदस्य व पूर्व शाखा उपाध्यक्ष सीए राज के अग्रवाल को अध्यक्ष चुना गया है। मंच के सदस्यों द्वारा यह निर्णय एकमतता से लिया गया था। जो सीए राज के अग्रवाल के नेतृत्व व सामाजिक कार्य में अपनी प्रतिबद्धता के लिए गहरा सम्मान रखते हैं। पिछली कार्यकाल में सीए राज के अग्रवाल ने गत सक्ष के अध्यक्ष पंकज टेकड़ीवाल, सचिव अमन देवड़ा, कोषाध्यक्ष ईशांक शाह के साथ रक्तदान, अमृतधारा, गौसेवा, कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण सहित अनेक समाजसेवी कार्यक्रम वर्ष पर्यन्त आयोजित किये जिससे मंच के विकास व सफलता में उनका महत्वपूर्ण योगदान हुआ था। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने शाखा सदस्यों का आभार व्यक्त किया तथा संगठन को नई उंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया। उक्त जानकारी निर्वाचन प्रक्रिया को संपादित कर रहे पूर्व शाखा अध्यक्ष पुनीत अग्रवाल ने दी।

